दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 3 अंक: 60 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 12 दिसम्बर 2024 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

## शराबबंदी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से मांगा जबाब



समाज जागरण / वेद प्रकाश

पटना जिला संवाददाताः प्रदेश के नीतीश सरकार को सुप्रीम कोर्ट से शराब बंदी जैसे अहम मुद्दे पर झटका लग सकता है।बिहार में 2016 से शराबबंदी कानून लागू है। इस कानून के लागू होने के बाद अभी तक कई बार पटना उच्च न्यायालय के द्वारा इसके ऊपर प्रतिकूल टिप्पणी की जा चुकी है।वही इस कानून को लेकर अब देश के सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल किया गया है। जिस पर सुनवाई के उपरांत सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से जवाब मांगा है।उक्त याचिका में प्रदेश में लागू शराबबंदी कानून में प्राप्त पुलिसिया अधिकार को चुनौती दी गई है।राज्य में लागू शराबबंदी कानून के तहत अवैध शराब जब्ती के दौरान नगद राशि मिलने पर उसे भी जब्त कर लेने के प्रावधानों को मौलिक हितों के विरुद्ध बताते हुए इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में बिहार सरकार से जवाब तलब किया है। सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता आयुष आनंद द्वारा दायर याचिका में युवा अधिवक्ता सार्थक करोल एवं मोनू कुमार ने बताया कि अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बिहार में पुलिसिया मनमर्जी पर रोक लग सकती है। उल्लेखनीय है कि विगत महा पटना उच्च न्यायालय ने भी प्रदेश में लागू शराबबंदी पर काफी प्रतिकूल टिप्पणी करते हुए सरकार की खिंचाई की थी। दर-असल मद्य निषेध कानून के तहत शराब के साथ जब्त होने वाली नगद राशि की कस्टडी कानून की धारा 60 के तहत आती है। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के एक आदेश के बाद इसमें सुधार की गुंजाइश बढ़ गई है। याचिका में इसे निरंकुश प्रावधान बताते हुए पीठ से संज्ञान लेने की अपील की गई। इस पर संज्ञान लेते हुये न्यायधीश बिक्रमनाथ और न्यायाधीश प्रसन्ना वी वरले की पीठ ने बिहार सरकार से उपरोक्त विषय पर चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

### बार काउंसिल चेयरमैन ने बताई कानून की बड़ी खामी

## बदल डालिए 498A, जो मार डालता है अतुल सुभाष जैसे लोगों को

**बेंगलुरु** के एआई इंजीनियर अतुल सुभाष की खुदकुशी ने सबको हिलाकर रख दिया है. अतुल ने न सिर्फ अपनी पत्नी की प्रताड़ना को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है, बल्कि सिस्टम, कानून सबपर सवालिया निशान लगाया है. लोग कानून बदलने की मांग कर रहे हैं. अब बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन और राज्यसभा सांसद मनन कुमार मिश्रा ने भी उनकी हां में हां मिलाते हुए कहा, अतुल सुभाष के साथ जो हुआ, वह दुर्भाग्यपूर्ण है. इससे एक बात तो साफ हो गई है कि महिला उत्पीड़न से जुड़ी धारा 498अ में तत्काल बदलाव की जरूरत है.

मनन मिश्रा ने कहा, धारा 498A और अन्य वैवाहिक कानूनों का जमकर दुरुपयोग किया जाता है. ऐसे कई मामलों में ससुरालवालों और रिश्तेदारों तक पर एफआईआर दर्ज कराई जाती है. उन्हें गलत तरीके से फंसाया जाता है. अदालतों में 50 प्रतिशत से अधिक मामले धारा 498A, 304B या अन्य वैवाहिक मामलों से संबंधित हैं. इसलिए इन कानूनों पर संसद को फिर विचार करना चाहिए. सबसे पहले तो धारा 498A को जमानती बनाया जाना चाहिए. आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच तो की ही जानी चाहिए.



**क्या है पूरा मामला**

बेंगलुरु में काम करने वाले 34 साल के एआई इंजीनियर अतुल सुभाष ने अपनी बीवी और उनके परिवार पर प्रताड़ित करने और पैसे ऐंठने के लिए उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराने की बात कही थी. इससे वे इतने प्रताड़ित हो गए कि खुदकुशी कर ली. आत्महत्या से पहले उन्होंने एक लंबा नोट लिखा और वीडियो भी बनाया, जिसमें वे अपनी पत्नी और लोअर कोर्ट की एक जज पर उन्हें परेशान करने के आरोप लगा रहे हैं. पुलिस ने उनकी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है.

### कानून थोड़ा उदार बनाए जाएं

इसे दुखद बताते हुए मनन मिश्रा ने कहा, संसद को इस प्रावधान पर फिर से विचार करना चाहिए. शादी से जुड़े कानूनों में जमानत के प्रावधान होने चाहिए. इन कानूनों को थोड़ा उदार बनाना चाहिए. कुछ बदलाव तत्काल जरूरी हैं. सुभाष की खुदकुशी एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है. इस पर कार्रवाई होनी चाहिए और मुझे लगता है कि हाईकोर्ट संबंधित जज पर भी कार्रवाई करेगा. अदालतों को ऐसे मामले सुनते समय थोड़ा विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए. जहां भी मामला संदिग्ध लगे, तुरंत रद्द कर देना चाहिए. धारा 498A के मामलों में तो जमानत देनी चाहिए.

### दुरुपयोग कर रहीं महिलाएं

मनन मिश्रा ने कहा कि प्राथमिक जांच से पहले एफआईआर दर्ज होनी चाहिए और लोगों को केवल प्रथम दृष्टया मामला बनने के बाद ही आरोपी बनाया जाना चाहिए. मिश्रा ने कहा, घरों में होने वाले छोटे-मोटे विवाद भी धारा 498ए के तहत मामला बन रहे हैं, कुछ महिलाएं इसका दुरुपयोग कर रही हैं. ऐसे कई मामले मध्यस्थता से सुलझाए जा सकते हैं और इसके लिए अदालत जाने की जरूरत नहीं है. साक्ष्य अधिनियम में भी बदलाव की जरूरत है.

## नेताजी की दुल्हन बनी अपनी ही पति की लुटेरी

समाज जागरण/ वेद प्रकाश

पटना जिला संवाददाताः पटना भाजपा के नेता की दुल्हन तो लुटेरी निकली। शादी के बाद उसने लाखों रुपए का चूना लगाया और अपने ससुराल आने के बजाय दूसरे लड़के के साथ रफू चक्कर हो गई और वहां शादी कर ली। अब भाजपा के नेता पुलिस में आवेदन देकर गुहार लगा रहे हैं और लुटेरी दुल्हन एवं उसके परिवार वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

पूरा मामला बिहार के किशनगंज जिला से जुड़ा हुआ है। जहां शादी के बाद दुल्हन एवं उनके परिवार वालों ने भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व महामंत्री राकेश गुप्ता को लाखों का चूना लगाया और फरार हो गई। उसने बंगाल में दूसरे युवक से शादी भी कर ली। दूसरे लड़के से शादी की जानकारी मिलने के बाद भाजपा नेता राकेश गुप्ता अपने ससुराल पहुंच कर जमकर हंगामा किया, जिसके बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।राकेश गुप्ता ने बताया कि गंगा बाबू चौक निवासी इशिका से उसने कोर्ट और फिर मंदिर में शादी की थी और उसके द्वारा धूमधाम से प्रीतिभोज का आयोजन भी किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। शादी के बाद दुल्हन के पिता ने कहा था कि अभी आपके पास घर अच्छा नहीं है आप घर बना लीजिए तो फिर मेरी बेटी आपके यहां रहने आएगी। इस बीच उनकी पत्नी और उनके पिता ने विभिन्न कार्यों के नाम पर उनसे 30 से 35 लाख रुपए उधार के रूप में लिए थे। इस बीच उनकी पत्नी ने फोन पर भी बात करना बंद कर दिया और जब उसने पूरा पता लगाया तो वह अपने मायके से भी फरार हो गई और बंगाल जाकर एक दूसरे युवक से शादी कर ली।



राकेश गुप्ता ने टाउन थाना में आवेदन देखकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं आरोपी दुल्हन की मां ने कहा कि राकेश गुप्ता से उसकी बेटी की शादी नहीं हुई थी बल्कि सगाई हुई थी। उसकी बेटी 6 दिसंबर को डॉक्टर से दिखाने का कर सिलीगुड़ी गई थी, और वहां से अभी तक वापस नहीं आई है। उन लोगों को विशेष जानकारी नहीं है। अब पुलिस पूरे मामले की छानबीन करे रही है।

## वकील विष्णु शंकर जैन को भेजी गई धमकी भरी पोस्ट, पुलिस ने किया एफआईआर दर्ज

समाज जागरण

संभल (यूपी), 11 दिसंबरः संभल जिले में मस्जिद-मंदिर विवाद में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे सुप्रीम कोर्ट के वकील विष्णु शंकर जैन की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जिसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर उन्हें कथित तौर पर धमकी दी थी

एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने संवाददाताओं को बताया, "सुप्रीम कोर्ट के वकील विष्णु शंकर जैन ने एक ई-मेल के जरिए हमारी साइबर अपराध पुलिस को सूचित किया कि उन्हें निधि झा के 'एक्स' हैंडल से एक धमकी भरी टिप्पणी मिली है, जिसने एक समुदाय को उनके खिलाफ भड़का दिया है।"

एसपी ने बताया कि उन्होंने एक आवेदन दिया, जिसके आधार पर मंगलवार को साइबर क्राइम थाने में बीएनएस धारा 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और 351 (2) (आपराधिक धमकी) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।



विष्णु शंकर जैन और उनके पिता हरि शंकर जैन ने ज्ञानवापी मस्जिद-काशी विश्वनाथ मंदिर विवाद सहित पूजा स्थलों से जुड़े कई मामलों में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व किया है।

जिले में मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद का 19 नवंबर को एक अदालत के आदेश पर सर्वेक्षण किया गया था, जब एक याचिका में दावा किया गया था कि यह संरचना मूल रूप से हिंदू धर्म के लिए महत्वपूर्ण एक प्राचीन मंदिर का स्थल थी। शहर के कोट गर्वी इलाके में मस्जिद के सर्वेक्षण के विरोध में 24 नवंबर को हिंसा भड़क उठी थी। टकराव में चार लोग मारे गए और कई घायल हो गए। तब से यह इलाका तनावपूर्ण बना हुआ है। केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, मस्जिद समिति और संभल के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) को याचिका में पक्ष बनाया गया है। **पीटीआई कॉर एबीएन आरटी**

### गरीबों की जमीन से अतिक्रमण हटाएं, दबंगों को सबक सिखाएं: यूपी सीएम ने अधिकारियों से कहा

गोरखपुर (यूपी), 11 दिसंबर (पीटीआई) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अधिकारियों को गरीबों की जमीन से अतिक्रमण हटाने और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया, ताकि पी-ड़ितों को न्याय मिल सके।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उन्होंने जोर देकर कहा कि कमजोर लोगों का शोषण करने वाले भू-माफियाओं और दबंगों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाना चाहिए।

## जड़ों की ओर लौटना? वह गांव जहां नौशाद खुद को दुबे और इरशाद को पांडे कहते हैं

देहरी (जौनपुर): उत्तर प्रदेश के जौनपुर के इस गांव में 670 मुसलमान हिंदू उपनाम का इस्तेमाल करते हैं और दावा करते हैं कि उनके हिंदू होने का दावा है। वे हिंदू धर्म अपनाने से इनकार करते हैं और कहते हैं कि ऐसा करने की उनकी कोई योजना नहीं है। नौशाद अहमद अब नौशाद अहमद दुबे हैं, गुफरान अब ठ-ाकुर गुफरान हैं, इरशाद अहमद अब इरशाद अहमद पांडे हैं और अब्दुल्ला अब अब्दुल्ला दुबे हैं। इस असामान्य विकल्प ने देहरी को सुर्खियों में ला दिया है, कुछ लोगों का कहना है कि हिंदू उपनामों का इस्तेमाल सांप्रदायिक विभाजन को "पाटने" में मदद करता है।

"कई अन्य जगहों पर मुसलमान दशकों से चौधरी, सोलंकी, त्यागी, पटेल, राणा, सिकर-वार जैसे उपनामों का इस्तेमाल करते आ रहे हैं और इस पर किसी ने आपत्ति नहीं जताई। लेकिन दुबे और ठाकुर जैसे उपनामों के इस्तेमाल ने ध्यान खींचा है। मैंने अपने रिश्तेदारों की तरह अपने नाम के साथ कभी 'शेख' नहीं लगाया, क्योंकि यह अरबी उपनाम है और भारतीय नहीं है," नौशाद कहते हैं। उनके पास सात गायें हैं और उन्हें पालना उन्हें बहुत पसंद है।



नौशाद ने कहा, "मेरे परिवार के वरिष्ठ सदस्यों को गांव में 'पंडितजी' कहा जाता था। मेरे पर-दादा ने मुझे बताया कि हमारे पूर्वज लाल बहादुर दुबे देहरी आए थे और उन्होंने हजारी सिंह से एक जमींदारी (सामंती संपत्ति) खरीदी थी। उन्होंने इस्लाम धर्म अपना लिया था।" उन्होंने आगे कहा कि वे अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि लाल बहादुर ने धर्म परिवर्तन क्यों किया। नौशाद इस्लामी रीति-रिवाजों का पालन करते हैं और दिन में पांच बार नमाज अदा करते हैं। वे कहते हैं, "मुझे दोबारा धर्म परिवर्तन करने की कोई इच्छा नहीं है," लेकिन माथे पर तिलक लगाने से उन्हें कोई परहेज नहीं है।

## दिल्ली के सीलमपुर विधायक ने 'मुसलमानों के अधिकारों की अनदेखी' के लिए AAP से इस्तीफा दिया, कांग्रेस में शामिल हुए

समाज जागरण

आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सीलमपुर निर्वाचन क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक अब्दुल रहमान ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। आईएएनएस के अनुसार, वे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हसन अहमद और मुस्तफाबाद के पूर्व विधायक की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए।

अपने फैसले की घोषणा करते हुए उन्होंने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी पर मुसलमानों के अधिकारों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। "आज मैं आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। पार्टी ने सत्ता की राजनीति में उलझकर मुसलमानों के अधिकारों की अनदेखी की, अरविंद केजरीवाल ने हमेशा लोगों के मुद्दों से भागकर अपनी राजनीति की। मैं न्याय और अधिकारों के लिए लड़ता रहूंगा।" दिल्ली के विधायक अब्दुल रहमान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा।

### गिरते तापमान के बीच ठिठुरती जिंदगी

## खुले आसमान के नीचे या दुकानों की टिन के सहारे बितानी पड़ रही है राते।

समाज जागरण

लोनी गाजियाबाद। प्रदेश के तापमान में लगातार गिरावट व ठंड में बढ़ोतरी लगातार जारी है। गाजियाबाद में बीती रात का तापमान लगभग 6 डिग्री सेल्सियस रहा ।लोनी डिपो तक देर रात में आने वाले यात्री व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए रेन बसेरे की कोई व्यवस्था नहीं है ।लोनी बॉर्डर सहित अन्य दो स्थानों पर लोगों को खुले आसमान के नीचे या दुकानों की टिन के सहारे रात बितानी पड़ रही है ।

लोनी के नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कृष्णकांत का कहना है कि नगर पालिका क्षेत्र में दो मंजिला बिल्डिंग में 100 बेड का रैन बसेरा बनाया हुआ है। इसमें 40 महिला व 60 पुरुषों को रात्रि विश्राम करने के लिए बेड, कंबल, गद्दे व अन्य कपड़ों से परिपूर्ण किया गया है। लेकिन बाहरी लोगों का आवागमन राष्ट्रीय राजमार्ग 709 बी के द्वारा लोनी डिपो तक ज्यादा रहता है ।शामली व सहारनपुर से आने वाली बसें भी लोनी डिपो पर आकर रूकती है। उन में आने वाले गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोगों को खुले आसमान के नीचे या दुकानों की टिन के नीचे बैठकर रात बिताने के लिए मजबूर होना पड़ा रहा है। सड़क के किनारे या दुकानों की टिन के नीचे रात में यात्रियों का इंतजार करते थ्री व्हीलर व रिक्शा चालक भी खड़े होकर ठिठुरते होते हुए दिखाई देते हैं। यह यातायात के पर्याप्त साधन व रात्रि विश्राम के लिए स्थाई व्यवस्था ना होने के कारण सर्वाधिक परेशानी का सामना महिलाओं को करना पड़ता है। यह महिलाओं को चोर का उच्चको से भी भय बना रहता है कि कहीं उनके साथ कोई अनहोनी घटना न घट जाए ।

समाजसेवी शिव ओम शर्मा, सतीश जांगिड़ ,सरफराज अहमद एडवोकेट ने नगर पालिका प्रश-ासन से लोनी बॉर्डर, लोनी किरा्वह पुस्तक पुलिस चौकी पर है स्थाई रैन बसेरा शुरू करने की मांग की है ताकि खुले आसमान के नीचे रात बिताने वाले लोगों को रेन बसेरो में जगह मिल सके और वह आराम पूर्वक अपनी रात्रि बीतो सके।

## नफरत की इंतेहा: सीरिया में विद्रोहियों ने फूंक दी बशर-अल-असद के अब्बा की कब्र, लोगों को वतन लौटने का ऑफर

सीरिया में बशर-अल-असद की सत्ता जाने के बाद भी विद्रोहियों की नफरत कम नहीं हुई है. विद्रोहियों ने बुधवार को बशर-अल-असद के अब्बा हाफिज-अल-असद की कब्र को आग लगा दी. इसकी तस्वीरें भी वायरल कीं, जिनमें विद्रोही उनकी धधकती ताबूत के पास खड़े नजर आ रहे हैं. यह कब्र पश्चिमी सीरियाई प्रांत लताकिया में बनाई गई थी.

असद के पिता और सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति हाफिज-अल-असद की 2000 में मौत हो गई थी. इसके बाद उन्हें उनकी इच्छा के मुताबिक, उनके पैतृक गांव करदाहा में दफनाया गया था. ब्रिटेन स्थित युद्ध मॉनिटर ने बताया कि मकबरे का ज्यादातर हिस्सा जल गया है. विद्रोही इसे गर्व से पूरे सीरिया को बताते नजर आ रहे हैं.




### शहरों में हालात सामान्य हो रहे

उधर, सीरिया के शहरों में हालात सामान्य हो रहे हैं. राजधानी दमिश्क में दुकानें और बाजार धीरे-धीरे खुल रहे हैं. सबसे ज्यादा खौफ के साये में ईसाई लोग हैं. क्योंकि अब तक वे बशर-अल-असद के संरक्षण में थे. लेकिन विद्रोही उनसे भी नफरत करते हैं. एक ईसाई नेता ने कहा, विद्रोहियों के एक नेता ने हमसे संपर्क किया. हमने नया सीरिया बनाने के लिए उन्हें मदद करने का भरोसा दिया है. लेकिन इसका ये मतलब नहीं कि हम पूरी तरह सुरक्षित हैं. फादर विंसेंट ने कहा, विद्रोहियों की ओर से अच्छे संकेत मिले हैं. कुछ लोग हमारे ग्रुप को रोटी बांटते भी देखे गए. विद्रोही तेजी से पूरे देश में अपने पांव पसार रहे हैं. एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें विद्रोही आर्मी के इलाके में घूमते नजर आ रहे हैं. सीरिया के विभिन्न भागों पर विद्रोहियों का नियंत्रण है.

### लोगों से देश लौटने की अपील

सीरिया के अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद अल-बशीर ने दुनिया भर में शरणार्थियों के रूप में रह रहे सीरियाई लोगों से देश वापस लौटने की अपील की है. उन्होंने कहा, हयात तहरीर अल-शाम की सरकार को विरासत में सीरिया का एक भ्रष्ट प्रशासन मिला है. स्थिति बहुत खराब है. देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी खत्म हो गया है. इसके बावजूद आप अपने वतन वापस लौटिए. हम सब मिलकर सीरिया में सुरक्षा और स्थिरता बहाल करेंगे.हमें अपने देश को दोबारा से पैरों पर खड़ा करने की जरूरत है और इसमें सभी की मदद चा-हिए.

# खुदरा निवेशकों के लिए मददगार

## रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि टी प्लस जीरो को अपनाने की गति धीमी रही है लेकिन इससे नियामक को बाजार सुधार संबंधी कदम उठाने में धीमापन नहीं बरतना चाहिए।

**दैनिक समाज जागरण**

भारतीय शेयर बाजार न केवल बाजार पूंजीकरण के मुताबिक दुनिया के सबसे बड़े बाजारों में से एक हैं बल्कि इन्हें सबसे अधिक सक्षम बाजारों में भी गिना जाता है। बाजार को और सक्षम बनाने के लिए शेयर बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इस वर्ष के आरंभ में टी प्लस जीरो (उसी दिन) निपटान का बीटा संस्करण लॉन्च किया था जो शेयर नकदी बाजार में 25 शेयरों के लिए वैकल्पिक आधार पर था। बीते कुछ महीनों के फीडबैक और अनुभव के आधार पर बाजार नियामक ने इस सुविधा को शीर्ष 500 शेयरों के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया। यह दिखाता है कि नियामक की दृष्टि में बाजार अधोसंरचना और शामिल संस्थान बड़े पैमाने पर बदलाव के लिए तैयार हैं। हालांकि रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि टी प्लस जीरो को अपनाने की गति धीमी रही है लेकिन इससे नियामक को बाजार सुधार संबंधी कदम उठाने में धीमापन नहीं बरतना चाहिए। अपनाने का क्रम धीमा होने की एक वजह नए निपटान चक्र में शेयरों की सीमित संख्या भी हो सकती है।

सेबी के सर्कुलर के मुताबिक टी प्लस जीरो चक्र 31 जनवरी, 2025 से बाजार पूंजीकरण के मुताबिक शीर्ष 500 कंपनियों के लिए उपलब्ध रहेगा। शेयरों को 100 के खंड में नए चक्र में शामिल किया जाएगा। इसकी शुरूआत समूह के निचले स्तर से की जाएगी। यह बात समझ में आती है क्योंकि तुलनात्मक रूप से कम आकार वाली कंपनियां पहले आगे आएंगी। इससे व्यवस्था की मजबूती आंकने में मदद मिलेगी।

आगे चलकर बड़ी कंपनियां नए निपटान चक्र में शामिल होंगी। अब सभी शेयर ब्रोकरों को भागीदारी की इजाजत होगी। उन्हें टी प्लस जीरो और टी प्लस वन निपटान के लिए अलग-अलग ब्रोकरेज वसूलने की भी इजाजत होगी, बशर्ते कि वह नियामकीय दायरे में हो। क्वालिफाइड शेयर ब्रोकर जो चुनिंदा शर्तों का पालन करते हों उनसे उम्मीद की जाएगी कि वे जरूरी व्यवस्था कायम करें ताकि नए निपटान चक्र में अबाध भागीदारी तय समय में हो सके।



इस बीच स्टॉक एक्सचेंज, क्लियरिंग कॉर्पोरेशंस और डिपॉजिटरीज जिन्हें एक साथ बाजार अधोसंरचना संस्थान या एमआईआई कहा जाता है, उनसे भी उम्मीद की जाएगी कि वे अबाध शुरूआत के लिए जरूरी व्यवस्था कायम करें। इसके अलावा सहज क्रियान्वयन के लिए एमआईआई से उम्मीद है कि वे परिचालन दिशानिर्देश और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के साथ सामने आएं। इससे सभी अंशधारकों खासतौर पर व्यक्तिगत निवेशकों को नए चक्र में शामिल होने में मदद मिलेगी।

टी प्लस जीरो के बड़े कारोबार को देखते हुए स्टॉक एक्सचेंजों से उम्मीद की जा रही है कि वे एक व्यवस्था कायम करेंगे। टी प्लस जीरो प्रणाली का आकार बढ़ाने के कदम का स्वागत किया जाना चाहिए। खासतौर पर छोटे निवेशकों के नजरिये से। जैसा कि पहले भी लिखा जा चुका है, नियामक के आकलन में पाया गया कि 90 फीसदी से अधिक इक्विटी डिलिवरी कारोबार जहां कारोबार का आकार एक लाख रुपये से कम रहा उसे नकदी और प्रतिभूतियों के अग्रिम जमा में अंजाम दिया गया। ऐसे में बहुसंख्य छोटे कारोबारी और निवेशक इस कदम से लाभान्वित होंगे क्योंकि नकदी की स्थिति में सुधार होगा।

नकदी में सुधार और कारोबारी सौदों का तेज निपटान जोखिम कम करने में मदद करेगा। तेज निपटान चक्र जहां निवेशकों की मदद करेगी, वहां यह एमआईआई पर दबाव भी डाल सकता है। खासतौर पर निपटान की दो समांतर व्यवस्थाओं के चलते। बहरहाल, चूंकि भारतीय बाजार अधोसंरचना ने समय के साथ अल्प निपटान चक्र को सक्षम बनाया है इसलिए यह उम्मीद की जा रही है कि व्यवस्था अबाध ढंग से टी प्लस जीरो चक्र में चली जाएगी। बेहतर बुनियादी ढांचे और अंशधारकों की अपनाने की क्षमता को देखते हुए बाजार नियामक अगर प्राथमिक बाजार में चक्र को छोटा करने पर ध्यान केंद्रित करे तो बेहतर होगा। एक प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश के जारी होने और सूचीबद्ध होने के बीच के समय को कम करने की काफी गुंजाइश है।

## संपादकीय माला

# सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड योजना

**जब उन्हें पेश किया गया था तब उम्मीद की गई थी कि वे कई काम करेंगे। लेकिन वे सरकारी खजाने पर भारी पड़ रहे हैं और अपने मूल लक्ष्य में कामयाब नहीं हो रहे।**

सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड को नवंबर 2015 में पेश किया गया था। इस समाचार पत्र में प्रकाशित एक खबर के मुताबिक अब उन्हें बंद किया जाने वाला है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 18,500 करोड़ रुपये के गोल्ड बॉन्ड जारी करने की बात बजट में कही थी। लेकिन, अब तक उसने इन्हें जारी नहीं किया है।



गोल्ड बॉन्ड आठ साल में परिपक्व होते हैं और उनके परिपक्वता मूल्य पर 2.5 फीसदी वार्षिक ब्याज दिया जाता है। उन्हें सोने की मौजूदा दर पर भी भुनाया जा सकता है। वे सरकारी खजाने पर भारी पड़ रहे हैं और चूंकि ये अपने मूल लक्ष्य में कामयाब नहीं हो रहे, इसलिए उन्हें बंद किया जाना स्वागतयोग्य होगा। इन्हें इस बात का उदाहरण माना जाना चाहिए कि कैसे एक नीतिगत उपाय का इस्तेमाल अलग-अलग समस्या हल करने के लिए किया जाना खतरनाक हो सकता है।

जब उन्हें पेश किया गया था तब उम्मीद की गई थी कि वे कई काम करेंगे। मसलन वे सोने की मांग को नियंत्रित करेंगे जो भारत में हमेशा से ऊंची रही है, वे पारिवारिक बचत वित्तीय तंत्र में पहुंचाने का एक और रास्ता सुझाएंगे, वे सरकारी खजाने में इजाफा करेंगे, भारत भुगतान संतुलन संकट से उबरा ही है और ऐसे में वे सोने का आयात कम करेंगे। इस संकट में सोने के भारी भरकम आयात पर होने वाले खर्च का बड़ा हाथ था। ऐसा नहीं लगता है कि इस बात पर विचार भी किया गया कि इनमें से किसी एक लक्ष्य में मिली कामयाबी दूसरे के लिए नुकसानदेह हो सकती है। न ही विनिमय दर जोखिम या जिंस कीमतों के जोखिम का सही अनुमान लगाया गया।

वास्तव में 2015 से अब तक सोने की कीमतों में जो इजाफा हुआ है उसने सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड को काफी आकर्षक बना दिया। वार्षिक चक्रवृद्धि दर के अनुसार सोने की कीमतों में 2011 से 11 फीसदी का इजाफा हुआ है। जब इसमें 2.5 फीसदी की ब्याज दर को शामिल कर दिया जाता है तो प्रभावी सीएजीआर 13 फीसदी से अधिक हो जाती है। इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि इन बॉन्ड को पूंजीगत लाभ कर से भी रियायत दी गई। यह बात भी ऐसे समय में सरकार की बजट की कवायद को मुश्किल बनाने वाली है जब वह अपना राजकोषीय घाटा कम करने का प्रयास कर रही है। इतना ही नहीं रकम हासिल करने के स्रोत के रूप में भी यह नियमित बॉन्ड बाजार से महंगा है। यह धारणा गलत साबित हुई कि सरकार भारतीयों की सोने की ललक का इस्तेमाल ऋण पर अपना खर्च कम करने में कर लेगी। ऐसे में योजना को बंद करना आश्चर्य की बात नहीं है। अधिकारी यह दलील दे सकते हैं कि योजना अपना समय पूरा कर चुकी है क्योंकि भारत का चालू खाते का घाटा अब दिक्कतदेह नहीं रहा है। यह सही है कि भारत में पूंजी की आवक उसके आयात की भरपाई के लिहाज से पर्याप्त है। मगर ऐसा नहीं है कि सोने की घरेलू मांग में कमी ने इसमें हमारी मदद की हो। यह कवायद दिखाती है कि इस तरह घरेलू मांग में हेरफेर करने वाली योजनाएं किस तरह निरर्थक साबित होती हैं।

बीते एक दशक में सोने पर सीमा शुल्क पहले 15 फीसदी बढ़ाया गया ताकि घरेलू मांग कम की जा सके। इससे तस्करी को बढ़ावा मिला। इस बीच वैश्विक स्वर्ण कीमतों में इजाफा हुआ। जाहिर है सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड योजना तैयार करने वालों का ऐसा अनुमान नहीं था। अब सरकार ने स्वर्ण आयात पर शुल्क कम करके छह फीसदी कर दिया है और वह बॉन्ड को समाप्त करने वाली है। जहां तक सोने के आयात की बात है तो देश की घरेलू मांग के ढांचे में सुधार के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। राजकोष ने जरूर बहुत सारा पैसा गंवाया है।

## मुझे ऐसे ना भूलाया करो!

आप मुझे ऐसे ना भूलाया करो,
मैं भूलने की चीज ही नहीं हूँ।
मुझे कम-से-कम याद तो रखो,
मैं हृदय में समाने की चीज हूँ।
यार इतनी व्यस्तता अच्छी नहीं,
मैं याद करूँ आप भूल जाओ।

आप मुझे ऐसे ना भूलाया करो,
मैं भूलने की चीज ही नहीं हूँ।
ये मित्रता भी है ऐसी ही चीज,
बोए ही है हमने प्यार से बीज।
हम नहीं निकालते कोई खींज,
एक-दूजे पे जाते हैं हम रीझ।

आप मुझे ऐसे ना भूलाया करो,
मैं भूलने की चीज ही नहीं हूँ।
मित्रता तो ऐसी होनी चाहिए,
विश्वास के जैसे हो दो पहिए।
जख्म एक-दूजे के भरते रहिए,
ये दोस्ती का हाथ बढ़ाते जाइए।



संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्यप्रदेश)
मो. 98260-25986

# 1947 से स्वतंत्रता के बाद हम कितने स्वाधीन।

## (स्वतंत्रता के कई पहलुओं का आंकलन आवश्यक)

**दैनिक समाज जागरण**

1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2024 तक यह प्रयास करती रही हैं कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो पिछले 10 वर्षों में कुछ हद तक वर्तमान सरकार ने सफलता पाई है किंतु अन्य सरकारों के कार्यों का सिहावलोकन किया जाए तो उनके भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया है' वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरूआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 141 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पाया' वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाए' संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पाया' हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगा' केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती है' गरीबों को अनाज देने के साथ-साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती है' हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा। इसके लिए हमें पिछड़ी जाति, दलित, दिव्यांग,महिलाएं, गरीब बच्चे के लिए सर्वाधिक योजनाओं को महत्व देकर निशुल्क शिक्षा,रोजगार गारंटी तथा कौशल विकास तथा पारदर्शी स्वास्थ्य योजनाओं को हर पंचवर्षीय योजना में लागू किया जाना होगा, पर अब हर वर्ष नई नई योजनाएं बनाकर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन कर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर सफल बनाना होगा' यह सर्वविदित है कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ही नवीन भारत का मार्ग प्रस्तुत हो सकता है' भारतीय समाज में जातिवाद एक बड़े नासूर की तरह हम सबके समक्ष खड़ा है' जात पात को खत्म करने के लिए स्वतंत्रता के प्राप्ति के पश्चात कई महान पुरुषों ने अपना जीवन लगा दिया था, जिनमें प्रमुख ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम उल्लेखनीय है' इनके समुचित प्रयास के बाद भी जातिवाद को आज भी भारत में खत्म नहीं किया जा सका है,बल्कि यह बड़े रूप में सामने आए हैं एवं राजनीतिक समीकरण के कारण यह और उभर कर सामने आया है' जिसका फायदा राजनीतिज्ञ अपने चुनाव के समय वोटर को अपने पक्ष में करने के लिए उठाते हैं' 1947 के बाद स्वतंत्रता प्राप्ति के समय 1955 में सिविल अधिकार एक्ट लागू किया इसके बावजूद हालात जस के तस हैं' हमारा देश एक बहू धार्मिक सांस्कृतिक एवं विविधता वाला देश है ' भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में माना जाता है। सांप्रदायिकता को रोकने के लिए संसद में अनेक संशोधन हुए हैं इसके बावजूद देश में धार्मिक सौहार्द बनाने में बहुत असफलताएं सामने आई है। यहां सांप्रदायिक दंगे भी हुए हैं, जिसे सरकार रोकने का भरसक प्रयास करती रही लेकिन सदैव उन्हें असफलता ही हाथ लगी है' संप्रदाय, जाति प्रथा, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे तथा चर्च के विवाद के कारण ही सांप्रदायिकता सदैव खतरे में रही है' सांप्रदायिक सौहार्द्र बढ़ाने के कई पहलुओं पर गहन चिंतन मनन भी किया गया पर इसमें बहुत बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है, सांप्रदायिकता के साथ जुड़ी हुई आतंकवाद की घटनाएं हुई इस संदर्भ में जोड़ी जाती रही है' आतंकवाद, नक्सली समस्या केवल भारत देश की नहीं है यह अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुकी है' भारत आतंकवाद से स्वतंत्रता के बाद से लगभग 73 वर्ष से इस समस्या से जूझ रहा है कश्मीर में आतंकवाद, झारखंड, बिहार,बस्तर, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश,तेलंगाना में नक्सली समस्या अपना सिर उठा चुकी है' हमारे परंपरागत दुश्मन वैसे तो पाकिस्तान और चीन है पर पाकिस्तान और तालिबान एक साथ मिलकर कश्मीर में आतंकवाद का तांडव मचाकर भारत में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर भी किया है' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल से भारत को स्वच्छ निर्मल और स्वस्थ रखने की नई योजनाओं को लागू कर उस पर अमल करना शुरू किया है। स्वच्छ भारत भी एक अभियान की तरह भारत में प्रचलित है' महात्मा गांधी की सदैव कल्पना रही है कि भारत स्वच्छ रहे और इसी कार्यक्रम में सरकार ने सभी शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय बनाने की योजना को तीव्र स्तर पर लागू भी किया है' पर यह शत-प्रतिशत अनुपालन में नहीं आई है' इसके अलावा भारत कई योजनाओं में एक साथ काम कर रहा है, जैसे चुनाव में संशोधन,श्रम कानूनों में सुधार, पंचायती राज में संशोधन, आर्थिक सशक्तिकरण तथा कार्यपालिका न्यायपालिका तथा विधायिका में सामंजस्य बनाने का प्रयास भी किया गया' भारत में हर वर्ष बाढ़, सूखा तथा भूकंप के झटके भी महसूस किए जाते रहे और इस पर प्रभावी नियंत्रण लाने का प्रयास भी किया गया है। इसके लिए भी अनेक योजनाएं बनाई गई हैं। कुल मिलाकर नवीन भारत की संकल्पना के साथ भारत में तमाम पहलुओं पर विचार करते हुए अपनी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाना चाहिए, तब जाकर भारत एक नवीन भारत की कल्पना को साकार रूप दे सकता है एवं विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकता है।

**संजीव ठाकुर, चिंतक,स्तंभकार, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,9009 415 415,**

मेरे मौला ये खौफनाक मंजर क्यों ।।

दिलों में नफरत हाथों में खंजर क्यों,
मेरे मौला ये खौफनाक मंजर क्यों ।।

कौम का बटवारा खून से सना हुआ ,
लहु की धार नफरत का असर क्यों।

या खुदा तेरी रहमत या कुछ और है ,
आँखों में तल्खी,जुबाँ पे जहर क्यों ।।

कहीं घर उजड़ा है कही दुकांन लुटी,
अमन गायब बचा अस्थि पंजर क्यों'

एक मिटटी से बनाया है हम सबको,
लाचार इंसान भला इतना जर्जर क्यों

आओ भूलो दंगे फसाद बनाएं नया संसार।
शांति अमन और चैन में संजीव कहर क्यों।।

संजीव ठाकुर,रायपुर, छत्तीसगढ़,9009415415,

# रामानन्द सागर

बहुमुखी प्रतिभा के धनी रामानन्द सागर का जन्म अविभाजित भारत के लाहौर ज़िले के "असलगुरु" ग्राम नामक स्थान पर 29 दिसम्बर 1927 में एक धनी परिवार में हुआ था। उन्हें अपने माता-पिता का प्यार नहीं मिला, क्योंकी उन्हें उनकी नानी ने गोद ले लिया था। पहले उनका नाम चंद्रमौली चोपड़ा था लेकिन नानी ने उनका नाम बदलकर रामानंद रख दिया।

1947 में देश विभाजन के बाद रामानन्द सागर सबकुछ छोड़कर सपरिवार भारत आ गए। उन्होंने विभाजन की जिस क्रूरतम, भयावह घटनाओं का दिग्दर्शन किया, उसे कालांतर में "और इंसान मर गया" नामक संस्मरणों के रूप में लिपिबद्ध किया। यह भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है कि वे जब अपनी मातृभूमि से बिछुड़कर युवावस्था में शरणार्थी बन भारत आए, उनकी जेब में मात्र 5 आने थे, किन्तु साथ में था अपने धर्म और संस्कृति के प्रति असीम अनुराग-भक्तिभाव। शायद इसी का परिणाम था कि आगे चलकर उन्होंने रामायण, श्रीकृष्ण, जय गंगा मैया और जय महालक्ष्मी जैसे धार्मिक धारावाहिकों का निर्माण किया। दूरदर्शन के द्वारा प्रसारित इन धारावाहिकों ने देश के कोने-कोने में भक्ति भाव का अद्भुत वातावरण निर्मित किया।

## मेधावी छात्र

16 साल की अवस्था में उनकी गद्य कविता श्रीनगर स्थित प्रताप कालेज की मैगजीन में प्रकाशित होने के लिए चुनी गई। युवा रामानंद ने दहेज लेने का विरोध किया जिसके कारण उन्हें घर से बाहर कर दिया गया। इसके साथ ही उनका जीवन संघर्ष आरंभ हो गया। उन्होंने पढ़ाई जारी रखने के लिए ट्रक क्लीनर और चपरासी की नौकरी की। वे दिन में काम करते और रात को पढ़ाई। मेधावी छात्र होने के कारण उन्हें पंजाब विश्वविद्यालय पाकिस्तान से स्वर्ण पदक मिला और फारसी भाषा में निपुणता के लिए उन्हें मुंशी फजल के खिताब से नवाजा गया। इसके बाद सागर एक पत्रकार बन गए और जल्द ही वह एक अखबार में समाचार संपादक के पद तक पहुंच गए। इसके साथ ही उनका लेखन कर्म भी चलता रहा।

## सागर आर्ट कॉरपोरेशन

रामानंद सागर का झुकाव फि ल्मों की ओर 1940 के दशक से ही था। लेकिन उन्होंने बाकायदा फि ल्म जगत में उस समय एंट्री ली, जब उन्होंने राज कपूर की सुपरहिट फि ल्म 'बरसात' के लिए स्क्रीनप्ले और कहानी लिखी। भारत के अंग्रेजों से स्वतंत्रता पाने के बाद वर्ष 1950 में रामानन्द सागर ने एक प्रोडक्शन कंपनी "सागर आर्ट कॉरपोरेशन" शुरू की थी और 'मेहमान' नामक फि ल्म के द्वारा इस कंपनी की शुरूआत की। बाद में उन्होंने इंसानियत, कोहिनूर, पैगाम, आँखें, ललकार, चरस, आरजू, गीत और बगावत जैसी हिट फि ल्में बनाईं। वर्ष 1985 में वह छोटे परदे की दुनिया में उतर गए। फिर 80 के दशक में रामायण टीवी सीरियल के साथ रामानंद सागर का नाम घर-घर में पहुँच गया।

## धारावाहिक रामायण

रामानन्द सागर ने उस समय इतिहास रचा जब उन्होंने टेलीविजन धारावाहिक "रामायण" बनाया और जो भारत में सबसे लंबे समय तक चला और बेहद प्रसिद्ध हुआ। जो भगवान राम के जीवन पर आधारित और रावण और उसकी लंका पर विजय प्राप्ति पर बना था।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## कलेक्ट्रेट के सभागार में रानी लक्ष्मी बाई महिला सम्मान कोष के अन्तर्गत आयोजित समीक्षा बैठक सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर 11 दिसम्बर, 2024 जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के सभागार में रानी लक्ष्मी बाई महिला सम्मान कोष के अन्तर्गत बैठक आहूत की गयी। आयोजित बैठक में आनलाईन पोर्टल पर प्राप्त मामलों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उक्त लम्बित मामलों में अति शीघ्र चिकित्सक मन्तव्य आख्या आनलाईन पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही पूर्व में स्वीकृत मामलों में पुलिस विभाग को संबंधित पीड़िताओं के आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। आयोजित बैठक में डीसीपी महिला सुरक्षा सुनिति, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना विभागे गौतमबुद्धनगर।




# राजस्व वृद्धि पर दें ध्यान, नदी के कैचमेंट एरिया में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं: मुख्यमंत्री

**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ, 11 दिसंबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2407.20 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्ति हुई है। इसमें और वृद्धि की अपेक्षा है। इसकी बेहतरी के लिए विभागीय व जनपद स्तर के अधिकारी तेजी से प्रयास करें। राजस्व प्राप्ति के लिए जिलाधिकारी व जिला खनन अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सोनभद्र, बांदा, कौशांबी तथा महोबा में खनन के दृष्टिगत राजस्व वृद्धि की असीम संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री जी ने कम राजस्व प्राप्त करने वाले जनपदों की समीक्षा करते हुए इनमें भी राजस्व बढ़ोतरी के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन, विभाग व जनपद स्तर पर लंबित आवेदन पत्रों पर शीघ्रता से निर्णय लेकर कार्रवाई बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व बढ़ाने के अन्य उपायों पर भी विचार करें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि नदी के कैचमेंट एरिया में किसी भी प्रकार के अवैध खनन की गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तकनीक का उपयोग करते हुए इसे सख्ती से रोका जाए।



मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि स्वीकृत खनन क्षेत्र के अंदर खनन कर रहे वाहनों पर व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम (वीटीएस) लगाया जाए, जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि खनन स्वीकृत क्षेत्र में ही हो रहा है या नहीं। इससे परिवहनकर्ता को भी सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य राज्यों से प्रदेश में उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों की वैधता की जांच के लिए उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान व मध्य प्रदेश से एपीआई इंटीग्रेशन किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों में टास्क फोर्स अवैध खनन को रोकने के लिए समय-समय पर छापेमारी करते रहें। छापेमारी के दौरान विभागीय अधिकारी, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी सुनिश्चित हो। इसकी वीडियोग्राफी भी नियमित कराई जाए।

**मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि विभाग के विभिन्न स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि विभागीय स्तर पर पेंडिंग मामलों का समय से निस्तारण किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जून से अगस्त के मध्य ही वर्ष भर की कार्ययोजना तैयार की जाए। समय से कार्ययोजना तैयार करने से सरलतापूर्वक कार्य संपन्न होंगे।

मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित परिवहन विभाग के अफसरों को निर्देश दिया कि मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तेजी से प्रयास करें। सड़कों के किनारे ओवरलोड वाहन कतई न खड़े किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर अपवंचन तथा ओवरलोडिंग रोकने के लिए जनपदों में 55 चेक गेट्स स्थापित किए गए हैं। इन पर शीघ्र ही वे इन मोशन संयंत्र लगाए जाएं। ओवरलोडिंग हर हाल में जीरो पॉइंट पर ही रोका जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार के खनन मंत्रालय द्वारा स्टेट माइनिंग रेडिनेंश इंडेक्स तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में विभिन्न विभागों के समन्वय से आवश्यक सूचनाओं की समय से उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के किनारे मिट्टी-बालू तथा सिल्ट का प्रयोग ईंट बनाने में किया जाए। यह पर्यावरण को बचाने में कारगर होगा। उपजाऊ जमीन की मिट्टी का प्रयोग ईंट भट्ठों में ने कियो जाए।

## नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा जेवर क्षेत्र में राजस्व अधिकारियों ने गरीबों को कंबल किए वितरित

**दैनिक समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 11 दिसंबर 2024 जनपद गौतम बुद्ध नगर में ठंड एवं शीत लहरी को ध्यान में रखते हुए गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा रैन बसेरे, अलावा एवं कंबल वितरण आदि करवाई अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर सुनिश्चित की जा रही है, ताकि गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड से सुरक्षित रखा जा सके।




इसी कड़ी में आज डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में तहसील सदर, जेवर एवं दादरी के राजस्व अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड एवं शीतलहरी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबलों का वितरण किया गया। आगे भी जिलाधिकारी के नेतृत्व में गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड एवं शीत लहरी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा राहत कार्य अभियान चलाकर सुनिश्चित किए जाएंगे, ताकि जनपद में ठंड एवं शीत लहरी के दौरान गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड से सुरक्षित रखा जा सके। सौजन्य से सूचना विभागे गौतमे बुद्धे नगर।

## सफदरजंग अस्पताल में लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट की हुई शुरुआत

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली। सफदरजंग अस्पताल ने आज अपने लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट (एलएमयू) के उद्घाटन के साथ नवजात स्वास्थ्य सेवा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया। भारत के चुनौतीपूर्ण स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य को देखते हुए इस उपलब्धि का संदर्भ विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। नवजात पोषण और मातृ-शिशु संबंध को प्राथमिकता देकर, अस्पताल व्यापक बाल चिकित्सा देखभाल में एक नया मानक स्थापित कर सकता है।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप बंसल ने दूध बैंकों के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर दिया, उन्हें "समय की जरूरत" करार दिया और देश भर में हर नवजात इकाई में दूध बैंक स्थापित करने के भारत सरकार के आदेश के साथ संरेखित किया। यह एलएमयू सालाना 2000 नवजात शिशुओं को लाभान्वित करेगा जो सफदरजंग अस्पताल के मदर-एनआईसीयू में भर्ती हैं। अध्ययनों से पता चला है कि स्तनपान भारत की अर्थव्यवस्था में 626 मिलियन अमरीकी डालर जोड़ सकता है और स्तनपान कराने वाले बच्चों के लिए तीन अतिरिक्त आईक्यू पॉइंट के साथ न्यूरोडेवलपमेंटल परिणामों में सुधार कर सकता है।

वीएमएमसी की प्रिंसिपल डॉ. गीतिका खन्ना ने इस पहल की गहन क्षमता को रेखांकित करते हुए कहा कि दूध बैंक की सुविधा सफदरजंग अस्पताल में नवजात मृत्यु दर और रुग्णता को काफी हद तक कम करेगी। बाल रोग विभाग के प्रमुख डॉ. रतन गुप्ता ने लॉन्च के पीछे के सहयोगी प्रयास को स्वीकार किया, और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा अस्पताल प्रशासन के सहयोग को इसका श्रेय दिया।



मदर न्यूबॉर्न इंटेंसिव केयर यूनिट की प्रभारी डॉ. सुगंधा आर्य ने बताया कि देश में प्रति वर्ष 27 मिलियन बच्चे जन्म लेते हैं, तथा प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 20 नवजात शिशुओं की मृत्यु दर चिंताजनक है। नव स्थापित 40 बिस्तरों वाली लेवल 3 मदर-ठक्ळव इकाई बाल चिकित्सा देखभाल के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करती है, जो माताओं और शिशुओं के लिए शून्य पृथक्करण नीति को बनाए रखते हुए व्यक्त माँ का अपना दूध और दाता मानव दूध दोनों प्रदान करती है। वर्तमान में मदर-ठक्ळव की देखरेख कर रही सहायक प्रोफेसर डॉ. रिया श्रीयान ने कहा कि माँ का दूध नवजात शिशुओं के लिए सबसे अच्छा भोजन है, और इससे हर छोटे और बीमार नवजात को माँ का अपना दूध या दाता मानव दूध उपलब्ध हो सकेगा। भारत में, अधिकांश स्तनपान प्रबंधन इकाइयाँ एक ही अस्पताल में जन्मे शिशुओं (इंट्राम्यूरल शिशुओं) के लिए काम कर रही हैं। यह केंद्र सरकार के अस्पतालों में रेफर किए गए शिशुओं के लिए पहला एलएमयू है। यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि अस्पताल ने एमएनआईसीयू की स्थापना की है, जहाँ माताओं को नवजात शिशुओं के साथ भर्ती किया जाता है, जिसमें माँ और शिशु को अलग-अलग नहीं रखा जाता।भारत की नवजात स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रति सक्रिय और व्यापक प्रतिक्रिया, शिशु देखभाल और जीवित रहने की दरों में सुधार के लिए प्रतिबद्ध दृष्टिकोण को प्रदर्शित करती है। साथ ही, भारत में वैश्विक समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या में 25% की वृद्धि होती है, यह अनुमान लगाया गया है कि स्तनपान जैसे लागत प्रभावी और व्यवहार्य हस्तक्षेपों से मृत्यु दर में 3/4 की कमी संभव है। इसमें हर साल भारत में पाँच वर्ष से कम आयु के 1,60,000 बच्चों की मृत्यु को रोकने की क्षमता है।

डॉ. संदीप बंसल ने कहा कि सफदरजंग अस्पताल में एलएमयू आशा की किरण के रूप में खड़ा है, जो दशार्ता है कि कैसे लक्षित स्वास्थ्य सेवा पहल सबसे कमजोर आबादी के जीवन में महत्वपूर्ण अंतरे लो सकती है।

## कोतवाली देहात पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

**चार अभियुक्त गिरफ्तार, मौके से भारी मात्रा में असलाह बरामद।**

संवाददाताःचंचल लोधी (एटा) थाना कोतवाली देहात पुलिस, स्वाट टीम और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने इस ऑपरेशन में दो अभियुक्तों को अवैध असलाह और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया, जबकि अन्य दो अभियुक्तों



को अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते हुए मौके से पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से आठ बने और अधबने देशी तमंचे, चार जिंदा कारतूस और भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। इस दौरान एक आरोपी मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में अपराध नियंत्रण के लिए एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस चेकिंग के दौरान घिलौआ रोड के पास से अभियुक्त विश्वराज पुत्र रवेन्द्र कुमार निवासी मौहकमपुर थाना जैथरा जनपद एटा और मोहित कुमार पुत्र जयप्रकाश निवासी महुअट मिलावली थाना कोतवाली देहात जनपद एटा को दो अवैध तमंचे और चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अवैध शस्त्र निर्माण से जुड़े अपराधियों के ठिकाने की जानकारी दी। इनकी निशानदेही पर कासिमपुर के आगे रेलवे अंडरपास के पास स्थित एक घेर में छापेमारी की गई। मौके पर अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते हुए दो अभियुक्त–अमित पुत्र महाराज सिंह निवासी पृथ्वीराजपुर थाना कोतवाली देहात जनपद एटा और विवेक पुत्र त्रिलोकपाल सिंह निवासी अंबेडकर नगर रोडवेज वर्कशॉप के पीछे थाना कोतवाली नगर जनपद एटा को गिरफ्तार किया गया। मौके से भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण, छह अवैध तमंचे (315 बोर और 12 बोर), चार अधबने तमंचे और चार जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए। हालांकि, इस दौरान एक अन्य अभियुक्त नरेंद्र उर्फ काला पुत्र महाराज सिंह निवासी पृथ्वीराजपुर थाना कोतवाली देहात मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर सघन प्रयास किए जा रहे हैं।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में अपराध पर नकेल कसने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इस कार्रवाई के माध्यम से अवैध हथियार तस्करी और निर्माण के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए टीमें तैनात कर दी गई हैं और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।इस कार्रवाई से जिले में अवैध हथियारों के व्यापार पर बड़ा असर पड़ने की उम्मीद है। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से अपराधियों में खौफ व्याप्ते हो गयो है।

## पेंशनभोगियों की पेंशन के सही समय पर भुगतान एवं अन्य समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चत करें अधिकारीगण

गौतमबुद्धनगर 11 दिसम्बर, 2024ः वित्त एवं संसदीय कार्य उत्तर प्रदेश सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में आज हाईडिल गेस्ट हाउस सेक्टर 38 नोएडा के सभागार में जनपद स्तरीय वित्त विभागीय अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। माननीय मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य उत्तर प्रदेश ने सम्बन्धित अधिकारियों से समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि पेंशनभोगियों की सुविधाओं को सुदृढ़ रखा जाये। सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा पेंशनभोगियों की पेंशन के सही समय पर भुगतान को सबसे ऊपर प्राथमिकता में रखा जाना चाहिए एवं आपसी समन्वय स्थापित करते हुये पेंशनभोगियों की समस्याओं का निस्तारण ससमय सुनिश्चत किया जाये, जिसमें समय पर पेंशन के भुगतान से लेकर अन्य उनकी सभी समस्याओं को शामिल किया जाना चाहिए ताकि पेंशनभोगियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी गौतमबुद्धनगर ने माननीय मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य उत्तर प्रदेश को आश्वस्त करते हुये कहा कि पेशनर्स के हितलाभ के सम्बन्ध में आज जो दिशा निर्देश आपके द्वारा प्रदान किये गये है उन्हीं के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। आयोजित बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता, डीजीएम फाइनेंस ग्रेटर नोएडा अभिषेक जैन, डिप्टी रजिस्ट्रार गौतमबुद्धनगर ऋषभ कुमार एवं प्राधिकरण नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना, बेसिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिम्स ग्रेटर नोएडा के वित्त विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

सौजन्य से सूचना विभागे गौतमबुद्धनगर।

## प्रह्लाद विष्णु का भक्ति करे, यह हिरण्यकश्यप को यह पसंद नहीं था: पूज्य गुरु मां गौरंगी गौरी जी

**दैनिक समाज जागरण**

नोएडा सेक्टर 110 स्थित महर्षि महेश योगी संस्थान के रामलीला परिसर में आयोजित दिव्य श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन विश्व विख्यात अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य गुरु मां गौरंगी गौरी जी ने कहा कि हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रह्लाद था, इसलिए उसने उसे भगवान विष्णु की पूजा बंद करने के लिए मनाने की कोशिश की, लेकिन प्रह्लाद भगवान विष्णु का आस्तिक था, वह नहीं माना। हिरण्यकश्यप को यह पसंद नहीं था, लेकिन प्रह्लाद उसकी भक्ति को उजागर कर रहा था।



इसलिए, हिरण्यकश्यप प्रह्लाद को मारने के लिए तैयार हो गया। तभी भगवान नरसिंह का अवतार लेकर अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा किए। ऐसा होता है भक्त और भगवान के बीच का रिश्ता। जिसकी महिमा और कोई नहीं जब सकता है। इस रिश्ते का समझना है तो खुद को भगवान को समर्पित करना होगा। श्रीमद भागवत कथा कार्यक्रम का आयोजन परम पूज्य महर्षि महेश योगी की दिव्य आशीर्वाद से चल रहा है।कथा के बीच में कथा वाचक पूज्य गुरु मां गौरंगी गौरी जी ने महर्षि महेश योगी जी की अद्भुत यात्रा का वर्णन किया। कथा परिसर में उपस्थित भक्त कथा सुनकर झूम उठे। कथा कार्यक्रम के चौथे दिन भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। नोएडा सेक्टर 110 के आस-पास के गाँव भंगेल बाजार, सलारपुर और गेझा, हाजीपुर के अलावा अनेक सोसाइटियों के भक्त बड़ी संख्या में मौजूद थे।

इस अवसर पर महर्षि महेश योगी संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष श्री राहुल भरद्वाज जी की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। बदायूं के विधायक सिनोद शाक्य, एक्साइज कमिश्नर कुलदीप यादव, मुखिया अरुण यादव, प्रभारी, भाजपा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और योगेश यादव, सचिव सहित सुदर्शन चैनल के श्रीमती रागिनी तिवारी और विवेकानंद दीक्षित भी उपस्थित थे। आयोजन समिति के संयोजक रामेंद्र सचान, यजमान विनोद दीक्षित एवं अन्य पदाधिकारी गण और हजारों सनातन धर्म प्रेमी मौजूद थे।

## स्काउड-गाईड जनपदीय रैली का हुआ समापन

**दैनिक समाज जागरण**

राठ (हमीरपुर)। स्थानीय बीएनवी इंटर कालेज, राठ के क्रीडा स्थल पर आयोजित भारत स्काउट गाइड हमीरपुर की जनपदीय रैली के दूसरे दिन आज राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने रैली का समापन किया। रैली में कुल 32 टीमों ने प्रतिभाग किया।

भारत स्काउट गाइड हमीरपुर की जनपदीय रैली के समापन पर दूसरे दिन आज नगर क्षेत्र राठ की उच्च प्राथमिक विद्यालय महारानी लक्ष्मीबाई की टीम ने नगर संवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बुलबुल की टीम में उच्च प्राथमिक विद्यालय गलियां की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया गाइड की प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हमीरपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मौदहा की टीम ने द्वितीय स्थान तथा राजकीय बालिका अन्तर कॉलेज की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि मनीषा अनुरागी ने प्रत्येक दल के द्वारा निर्मित टेंट में जाकर निरीक्षण किया और बच्चों द्वारा बिना बर्तन के बनाए गए भोजन का आनंद लिया उन्होंने बच्चों को दिन प्रतिदिन आगे बढ़ने का संदेश प्रदान किया। समापन के समय जिला स्काउट मास्टर अकबर अली रैली के संयोजक डॉ. सत्यनारायण सिंह परिहार बीएनबी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेश चन्द्र आर्य, प्रवक्ता शीला सोनकर, ब्लॉक स्काउट शिक्षक हरिशंकर यादव, नवीन बुधौलिया, मोहम्मद रिजवान, डीसीओ अरुण सोनी सहित जनपद के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे शिक्षक और शिक्षकाऐं उपस्थित रही। प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया।



## ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की बाइक को दूसरी बाइक ने मारी टक्कर घायल

**दैनिक समाज जागरण**

भरुआ सुमेरपुर। ब्लाक कार्यालय से मौदहा जा रहे बाइक सवार ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को साइड से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर हालत में उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया।

इंगोहटा व विदोखर पुरई में तैनात ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अमित कुमार मंगलवार की शाम कार्य करने के पश्चात ब्लाक कार्यालय से वापस मौदहा जा रहे थे। तभी शाम करीब 6:00 बजे फैक्टरी एरिया में उनकी बाइक को साइड से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया। अचानक हुई इस घटना से ब्लाक कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्हें अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया।एपीओ मनरेगा विकास चन्द्र ने बताया कि उनके एक पैर में फैक्चर हो गया है।

## तेज रफ्तार मजदूरों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी, दस घायल, छः रैफर

### बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे पलटी पिकअप, नमामि गंगे परियोजना के तहत सड़क मरम्मत के लिए सीमेंट भी रखा था पिकअप

सरीला(हमीरपुर)। जरिया थाना क्षेत्र के बरगवां मार्ग पर बाइक सवार को बचाने के चक्कर में मजदूरों से भरी पिकप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। जिसमें पिकप चालक सहित दस मजदूर घायल हो गये। सूचना पर पहुँची एम्बुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। छः घायलों की हालत गंभीर होने पर उरई रैफर किया गया है।



क्षेत्र के पुरैनी गाँव निवासी पिकप चालक धीरेन्द्र कुमार (24) पुत्र मदनपाल, अरविंद (30) पुत्र मूलचंद्र ,ममना गाँव निवासी राहुल (18) पुत्र मूलचंद्र, रोहित (22) पुत्र ज्वाला प्रसाद, जगराम (40) पुत्र नन्दू, जयराम (40) पुत्र मइयादीन, बिज्जी (55) पुत्र भवानीदीन, राजू (42) कढोरा,अरविन्द (37) पुत्र मातादीन,श्यामबाबू (15) पुत्र शिवचरन लोडर में सीमेंट, फावड़ा, गेंती लेकर खेड़ा शिलाजीत गाँव जा रहे थे। चालक धीरेन्द्र ने बताया कि नमामि गंगे योजना द्वारा सड़क खोदी गई हैं। खराब सड़को को मरम्मत करने के लिए सीमेन्ट लेकर खेड़ा शिलाजीत गाँव जा रहे थे। तभी बरगवां मार्ग पर बाइक सवार सामने आया। उसको बचाने के चक्कर में पिकप असंतुलित होकर पलट गई। जिसमें लोडर सवार मजदूर घायल हो गये। सूचना पर पहुँची एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर बिज्जी, राजू, जगराम, श्यामबाबू, अरविंद, जयराम को मेडिकल कॉलेज उरई रैफर किया गया है। थाना प्रभारी मंयक चंदेल ने बताया कि पिकअप के सामने कोई आ गया था। इसलिए अनियंत्रित होकर पलट गई। छः मजदूरो को गम्भीर हालत में उरई रैफर किया गया है।

## ठंड का अटैक बढ़ा दो की मौत

**दैनिक समाज जागरण**

भरुआ सुमेरपुर। ठंड में इजाफा होते ही हार्टअटैक की घटनाएं बढ़ गई है। बीते 24 घंटे में क्षेत्र पंचायत सहित एक वृद्धा की हार्टअटैक से मौत हो गई।इससे दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

अतरैया के प्रधान प्रतिनिधि रंजीत यादव ने बताया कि बीडीसी सदस्य रामप्रकाश खंगार (40)को मंगलवार की रात करीब 8:00 बजे सीने में तेज दर्द हुआ। परिजन उसे उपचार के लिए बांदा लेकर गए। लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। बांदा में डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर सुबह खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजनारायण यादव व लालाराम यादव के साथ मृतक के घर पहुंचे और ढांढस बंधाया। इसी तरह कस्बे के कमलेश तिराहा के समीप रहने वाले पूर्व सभासद छुटकू विश्वकर्मा की पत्नी रामप्यारी (60) की रात में हार्ट अटैक से घर पर ही अचानक मौत हो गई। इससे परिवार में कोहरा मच गया। उधर ठंड में इजाफा होते ही खांसी जुकाम के मरीजों की संख्या में जोरदार इजाफा हुआ है। ओपीडी में मौजूद चिकित्सक डॉ परवेज कादरी ने बताया कि बुधवार को ढाई सौ मरीजों का उपचार किया गया। ज्यादातर मरीज खांसी जुकाम से ग्रसित होकर आ रहे हैं। साथ ही खुजली के मरीजे भी बढ़े रहे हैं।

## निशुल्क बीज पाने के लिए किसानों की उमड़ी भीड़

**दैनिक समाज जागरण**

भरुआ सुमेरपुर। सरकार से प्राप्त हुआ निशुल्क बीज लेने के लिए राजकीय बीज भंडार में किसानों का पूरे दिन मजमा लगा रहा। पंजीकृत किसानों को ईपाश मशीन में अंगूठा लगवाकर 8 किलो बीज दिया गया।

राजकीय बीज भंडार के प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि सरकार ने निशुल्क वितरण के लिए मसूर का बीज उपलब्ध कराया है। पंजीकृत किसानों को 8 किलो बीज दिया जाना है। उन्होंने बताया कि 150 कुंतल बीज आया है। अभी तक 100 किसानों के मध्य बीज का वितरण किया गया है। वितरण जारी है। बताया कि अभी तक 80 कुंतल बीज का वितरण हो चुका है। 70 कुंतल बीज बचा हुआ है। बुधवार को बीज लेने के लिए किसानों की बीज भंडार में भारी भीड़े उमड़ी हुई थी।



## जिलाधिकारी ने जनपदीय क्रीडा रैली में मशाल लेकर दौड़ने वाली छात्रा रवीना कुमारी को शूज भेंटकर किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण**

जनपद श्रावस्ती, विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय रनियापुर की छात्रा रवीना कुमारी को आज जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में छात्रा को स्पाइक शूज देकर सम्मानित किया तथा शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। चूंकि विगत वर्ष यह विद्यालय जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर रहा है। जिसके लिए इस वर्ष इसी विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ छात्रा ने जनपदीय क्रीडा रैली में मशाल लेकर दौड़ी थी, जिसके लिए सम्मानित किया गया है।



जिलाधिकारी ने कहा कि आगे भी खेल से संबंधित मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे श्रावस्ती के खिलाड़ी जिले स्तर से लेकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा सके। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार गुप्ता, जिला क्रीड़ाधिकारी शिवकुमार यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मृत बाइक चालक के पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददता हलिया (मीरजापुर):ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव में मंगलवार को ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर मृत हुए बाइक चालक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार की देर रात अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।दी गई तहरीर में हलिया थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी रामराज मिश्र ने बताया कि चचेरे भाई धर्मराज मिश्र के साथ बेटा प्रशांत बाइक से प्रयागराज जिले के मेजा गए थे। दोपहर में घर वापस लौटते समय जैसे ही गड़बड़ा पुल के आगे मझिगवां गांव में पहुंचे तो आगे चल रहे ट्रैक्टर चालक के लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाने से बाइक ट्राली में टकरा गई जिससे गंभीर रूप से घायल बेटे और बड़े भाई की मौत हो गई। पुलिस ने मृत बाइक चालक के पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 106,125व 281 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि मृत बाइक चालक के पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

## नातिन को बहला फुसलाकर भागने वाले कर विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददता हलिया (मीरजापुर):स्थानीय थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव निवासी भाई लाल पटेल ने मंगलवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर नातिन को बहला फुसलाकर भगाने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दिए गये तहरीर में बताया की मेरे बड़े पुत्र राजेश्वर की पुत्री पूनम को विपक्षी मोनु विश्वकर्मा निवासी ओबरा सोनभद्र बीते 23 सितंबर को मेरी नातिन को बहला फुसलाकर भगा ले गया मोनू विश्वकर्मा हमारे गांव के धीरज पटेल व धर्मराजी के यंहा आता जाता था तो उन्ही के यहां रहता था उपरोक्त लोगो के कहने पर ही मोनू मेरी नातिन को भगा ले गया है हम लोग काफी प्रयास किये लेकिन मेरी नातिन का कही पता नहीं चलने पर थक हारकर सूचना दे रहा हु जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज के मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की युवक की नातिन को बहला फुसलाकड़ भगा ले जाने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है

## संदिग्ध परिस्थितियों में खलिहान में लगी आग 19 बीघा धान की फसल जलकर राख

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता हलिया (मीरजापुर):ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर प्रयागराज सीमा पर स्थित प्रयागराज जिले के मड़फा कलां निवासी तीन किसानों की मड़ाई के लिए रखी 19 बीघा धान की फसल में अज्ञात कारणों से मंगलवार की रात दस बजे आग लग गई।आग की लपटे उठती देखकर किसान शोरगुल मचाते हुए खलिहान पर पहुंचे। लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। सूचना पर दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची लेकिन तब तक सबकुछ जलकर राख हो चुका था। बुधवार दोपहर तक खलिहान में आग सुलगती रही।मड़फा कलां गांव निवासी किसान सरजू प्रसाद पाण्डेय संगम लाल पांडेय व आद्या प्रसाद पाण्डेय तीनों सगे भाई हैं। क्षेत्र के महेशपुर गांव में उनकी साढ़े नौ बीघा जमीन व गांव मड़फा कलां गांव में दस बीघा जमीन है।कुल साढ़े उन्नीस बीघा धान की फसल मड़ाई के लिए मड़फा कलां और महेशपुर गांव की सीमा पर तीन जगहों पर खलिहान में रखे हुए थे जहां मंगलवार देर रात खलिहान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। मौके पर ग्रामीण डिब्बा बाल्टी में पानी लेकर पहुंचे लेकिन आग बुझाने में सफलता हाथ नही लगी। घटना की खबर पाकर मौके पर पहुंचे प्रधान पति बैजनाथ बिंद ने पीड़ित किसानों को शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं बुधवार दोपहर तहसीलदार कोरांव विनोद बरनवाल ने भी घटना की जांच कर किसानों को शासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। तहसीलदार कोरांव विनोद बरनवाल ने एसडीएम लालगंज आशाराम वर्मा से भी किसानों को शासन से मुआवजा दिलाने के संबंध में वार्ता की।आग से करीब छह लाख रुपए की क्षति बताई जा रही है।इस संबंध में एसडीएम आशाराम वर्मा ने बताया कि आग से जलकर राख हुई धान फसल का मुआवजा किसानों को शासन दिलवाया जाएगा।

## विद्यालय में मानक के अनुरूप बच्चों को दूध देने के मामले में प्रधानाध्यापिका निलंबित

### ग्रामीणों के विरोध पर किया गया निलंबन

**संवाददाता रजनीश मिश्रा दैनिक समाज जागरण अहरौरा मिजार्पुर**

स्थानीय क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय हिनौता की प्रभारी प्रधानाध्यापिका द्वारा बच्चों को मानक के अनुसार दूध न देने के ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप एव वायरल वी डी ओ के बाद उपरोक्त अध्यापिका को निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार पिछले बुधवार चार जनवरी को कंपोजिट विद्यालय हिनौता की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सरिता देवी बच्चों को कम दूध वितरित की थी जिसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीण विद्यालय में पहुंच कर वी डी ओ बनाकर वायरल कर दिए थे जानकारी होने पर जांच करने के लिए पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी देव मणि पांडेय ने ग्रामीणों की शिकायत से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया था। जिसके बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्बन्धित प्रधानाध्यापिका को निलंबित कर दिया गया है।

## बाप और बेटी का रिश्ता सबसे पवित्र -शांतनु जी

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

प्रोफेसर सानंद सिंह ने किया व्यास पूजन शिवधाम कैलाश मानसरोवर मुक्ति आन्दोलन की ओर से नगर के आदर्श इंटर कालेज मैदान में आयोजित संगीतमय रामकथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथावाचक शांतनु महाराज ने धनुषयज्ञ व राम सीता विवाह का वर्णन कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। प्रसंग में महाराज ने कहा कि भगवान के द्वारा धनुष टूटते ही सारे जग में खुशियां मनाई जाने लगी। लक्ष्मण परशुराम संवाद को भी महाराज ने सुनाया। अयोध्या से बारात आई और भगवान का सुंदर विवाह महाराज जनक के आंगन में हुआ। आज भगवान और भक्ति का मिलन हो गया और सखियों ने मंगल गीत गाकर बधाई। शांतनु महाराज आगे बताया कि बेटियां ही घर की लक्ष्मी होती है जब बेटी विदा होती है तो कठोर से कठोर दिल पिघल जाता है। बाप और बेटी का रिश्ता संसार में सबसे पवित्र है। बाप बेटी से ही अपने मन की बात तथा बेटी बाप से ही अपने मन की बात करती है। भारतीय समाज में राम और सीता को आदर्श दंपत्ति (पति पत्नी) का उदाहरण समझा जाता है। राम सीता का जीवन प्रेम, आदर्श, समर्पण और



मूल्यों को प्रदर्शितई करता है। श्रीराम सीता विवाह कथा सुनते ही श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसाकर स्वागत किया। कथा में वरिष्ठ भाजपा नेता डाक्टर सानंद सिंह प्रबंध निदेशक सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर,मानवेंद्र सिंह, दिग्विजय उपाध्याय काउंसलर सत्यदेव ग्रुप्स,पूर्व ब्लाक प्रमुख नरेंद्र प्रताप सिंह, मिथिलेश सिंह, संजय वर्मा, दिनेश प्रधान, विनोद वर्मा, प्रहलाद सिंह, लखन जायसवाल, विनोद पांडेय, विकाश चौबे, सदानंद शाहू, चंदन सिंह, शुभम श्रीवास्तव, अजित गुप्ता, दीपक वर्मा, गीता देवी, शशिकांत समेत भारी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

# कुम्भ के दौरान विन्ध्याचल में श्रद्धालुओं के लिए नवरात्र जैसी व्यवस्था -जिलाधिकारी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रणविजय सिंह मीरजापुर:**

आगामी महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत विन्ध्याचल एवं मीरजापुर में आने वाले यात्रियों तथा कुम्भ मेला में भीड़ बढ़ने के उपरान्त जनपद मीरजापुर में भीड़ प्रबन्धन एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू ढंग से सम्पादित कराने के लिए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने ए0डी0आर0एम0 रेलवे प्रयागराज जोन व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन विन्ध्याचल एवं रेलवे स्टेशन मीरजापुर पर भ्रमण कर कुम्भ मेला के दौरान आने वाले यात्रियों की जन सुविधाएं उपलब्ध कराने के दृष्टिगत निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन मीरजापुर व विन्ध्याचल पर ट्रेनो के ठहराव, ट्रेनो के समय सारणी, देर आने वाली ट्रेनी की स्थिति, आर0पी0एफ0 एवं जी0आर0पी0 के द्वारा अतिरिक्त फोर्स एवं ड्यूटी प्वाइंट की व्यवस्था के साथ ही रेलवे स्टेशन के बाहर आटो टैक्सी स्टैण्ड, पार्किंग, रैन बसेरा एवं प्लेटफार्मो व स्टेशन के बाहर पेयजल, शौचालय, फायर बिग्रेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश स्टेशन अधीक्षक एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर को दिया। उन्होंने कहा कि ट्रेनो के आने पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम की पर्याप्त व्यवस्था हो इसके अतिरिक्त बुकिंग काउंटर अलग-अलग स्थलों पर बनाए जाए। प्लेटफार्मो पर यात्रियों के एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने हेतु सम्पार फुटवेज की व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रयास यह रखा जाए कि अप व डाउन ट्रेन जिस रूट पर आ रहे है उसी पर रखा जाए अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर ट्रेन आने वाले प्लेटफार्म अन्यत्र न बदला जाए। उन्होंने कहा कि समस्त ड्यूटी व ड्यूटी प्वाइंट पर लगे अधिकारियों के नम्बर भी पुलिस अधीक्षक व जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए। स्टेशन पर आने जाने वाले मार्गो का सुन्दरीकरण, साइनेज बोर्ड, पर्याप्त मात्रा सी0सी0टी0वी0 कैमरा भी लगाया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि यदि प्रयागराज में भीड़ बढ़ती है तो मीरजापुर व विन्ध्याचल में ट्रेनो का ठहराव कर यात्रियों को अग्रिम सूचना तक रोका जा सकता है अतएव सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करा ली जाए। जी0आर0पी0 के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम भी कंट्रोल के लिए लगाई जाएगी। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल, स्टेशन अधीक्षक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

### कुम्भ के दौरान विन्ध्याचल में श्रद्धालुओं के लिए रहेगी पर्याप्त व्यवस्था

आगामी कुम्भ मेला-2025 को देखते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने विन्ध्याचल में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा दर्शन व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न प्रमुख विभागो के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों के रणनीति पर विचार विर्मश कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कुम्भ मेला प्रयागराज-2025 में 40 करोड़ श्रद्धालुओ की आने की



सम्भावना की जा रही है जिसमें से लगभग 12 प्रतिशत श्रद्धालु मीरजापुर विन्ध्याचल होकर कुम्भ मेला जाने का अनुमान है। मीरजापुर विन्ध्याचल होते हुए कुम्भ मेला जाने वाले श्रद्धालु विन्ध्याचल में भी दर्शन पूजन व स्नान के लिए रूकते है जिनकी जन सुविधाओं की तैयारियों के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित अधिकारी नवरात्र मेला की भांति विन्ध्याचल में तैयारियां सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर को निर्देशित करते हुए कहा कि विन्ध्याचल के प्रमुख स्थलों, स्थायी व अस्थायी रैन बसेरो के पास पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति, शौचालय की व्यवस्था, रैन बसेरो में यात्रियों की रूकने व ठंड से बचाव की व्यवस्था, अलाव की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे, इसके अतिरिक्त जिला पंचायत परिषद व नगर पालिका के द्वारा घाटो पर पर्याप्त बैरीकेटिंग, सुरक्षा व्यवस्था, लाइटिंग, अस्थायी शौचालय सुनिश्चित करायेंगे। उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक व नगर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि रेलवे स्टेशन, रोडवेज तथा प्रमुख मार्गो व घाटो पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल की तैनाती, घाटो पर बैरीकेटिंग तथा मन्दिर में श्रद्धालु सुगम तरीके से दर्शन कर सके व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी को नगरीय क्षेत्र के बाहर ग्रामीण क्षेत्रो में नवरात्र मेला की तरह मेला क्षेत्र के परिधि में पर्याप्त साफ सफाई व्यवस्था तथा लाइटिंग व्यवस्था विन्ध्य विकास परिषद व जिला पंचायत परिषद से समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित कराया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी कुम्भ मेला के दौरान विन्ध्याचल में प्रमुख स्थलों पर कम से कम 06 से 08 एम्बुलेंस, रेलवे स्टेशन, रोडवेज व मन्दिर के आस पास मेडिकल टीम तथा पर्याप्त मात्रा में जन औषधि की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। लोक निर्माण विभाग सहित जिन विभाग की सड़क मीरजापुर व विन्ध्याचल क्षेत्र में खराब हो उसकी मरम्मत सुनिश्चित कराने के साथ ही विद्युत विभाग के द्वारा अनवरत विद्युत आपूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। ट्रैक्टर, मैजिक व अन्य माल वाहक का उपयोग न करके यात्री वाहन से जाए कुम्भ मेला जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि थानाध्यक्षों व ग्राम प्रधानों के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्रों में यह जन जागरूकता लाई जाए कि जो श्रद्धालु/ग्रामीण संयुक्त रूप से ट्रैक्टर, मैजिक व अन्य माल वाहन वाहनों का उपयोग न करे बल्कि जान माल की सुरक्षा को देखते हुए वे यात्री वाहनों से कुम्भ मेला अथवा विन्ध्याचल जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए जहां पर सम्बन्धित के गांव के सेक्रेटरी/प्रधान कुम्भ यात्रा पर जाने वाले लोगो की इंट्री करायेंगे तथा किस वाहन से जा रहे है सूचना उपलब्ध कराया जाएगा। डग्गामार वाहनो पर रहेगा पूर्णतया प्रतिबंध- रोडवेज बसो की कराएं पर्याप्त व्यवस्था प्राइवेट/सरकारी वाहनो में फाग लाइट हो अनिवार्य जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बैठक में ए0आर0टी0ओ0 को निर्देशित करते हुए कहा कि कुम्भ मेला के दौरान यह सुनिश्चित करे कि डग्गामार बसे किसी भी दशा में न चलने पाए ऐसे बस मालिको को अपनी बसो की मरम्मत कराने तथा फिटनेस प्राप्त कर ही चलाने हेतु अनुमन्य किया जाए सभी प्राइवेट व सरकारी बसों/छोटे यात्री वाहनो में यह सुनिश्तिच किया जाए कि फाग लाइट लगाना अनिवार्य होगा। उन्होंने ए0आर0एम0 रोडवेज को पर्याप्त मात्रा में बस उपलब्ध कराने का निर्देश देने के साथ ही मीरजापुर व विन्ध्याचल रोडवेज सहित अस्थायी बसों के पार्किंग/होर्डिंग एरिया पर पेयजल, शौचालय, बुकिंग काउंटर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### कुम्भ मेला में भीड़ प्रबंधन हेतु बनाए जायेंगे अतिरिक्त पार्किंग

जिलाधिकारी ने कहा कि कुम्भ मेला में भीड़ प्रबंधन हेतु जनपद मीरजापुर में विन्ध्याचल, मेजा, प्रयागराज मार्ग पर एवं चील्ह तिराहा व गोपीगंज के मध्य कुम्भ में जाने वाली बसों/श्रद्धालुओं के रूकने हेतु अस्थायी पार्किंग/स्टैण्ड बनाए जा रहे है प्रयागराज में भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं को कुछ समय के लिए यहां रोका जा सकता है ऐसे चिन्हित स्थलों पर सम्बन्धित अधिकारी पेयजल व्यवस्था, यात्रियों रूकने हेतु रैना बसेरा, खाना/नाश्ता हेतु स्टाल/दुकानों की व्यवस्था, शौचालय, अलाव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि रूकने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए। प्रमुख पर्वो पर विन्ध्याचल में जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा व्यवस्था जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, एवं अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि कुम्भ मेला में प्रमुख स्नान पर्वो/तिथियों 13, 14, 22 जनवरी 2025, 03 व 12 फरवरी 2025 तथा 26 मार्च 2025 को प्रमुख स्नान पर्व पर विन्ध्याचल में भी श्रद्धालुओं के भीड़ बढ़ने की सम्भावना को देखते हुए जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारी/पुलिस बल की तैनाती की जाए ताकि श्रद्धालु सुचारू ढंग से स्नान/दर्शन कर सकें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि नवरात्र मेला की भाति पार्किंग व्यवस्था को सक्रिय किया जाए तथा पूरे मन्दिर परिसर विन्ध्याचल क्षेत्र में साफ सफाई कर्मियों की तैनाती की जाए.बैठक में एडीआरएम रेलवे प्रयागराज, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, चुनार राजेश वर्मा, लालगंज आसाराम वर्मा, डिप्टी कलेक्टर भरत लाल सरोज सहित सभी विभागो के अधिकारी उपस्थित रहें।

## क्षेत्र पंचायत मझवा के ग्राम पंचायत बजहा में सामुदायिक शौचालय पर केयर टेकर हेतु खुला दुकान

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता - संतोष कुमार उर्फ गुड्डू सिंह**

मझवा / कछवा (मीरजापुर ): आज दिनांक 11 12 2024 दिन बुधवार को ग्राम पंचायत वह बजहा में सामुदायिक शौचालय के बगल में एक कमरा बना करके शौचालय संबंधित एवं महिलाओं से संबंधित सारे सामान केयर टेकर के माध्यम से विक्रय किया जाएगा आज ग्राम पंचायत बजहा के प्रधान पति दयाशंकर पासी द्वारा सारे सामान दुकान पर उपलब्ध करा दिए गए हैं ग्राम पंचायत बजहा में जिन भी महिलाओं को साबुन शैंपू वगैरह जो





भी जरूरत हो वे लोग सामुदायिक शौचालय पर स्थित दुकान से सामान सस्ते दर पर ले सकती हैं! इस अवसर पर दुकान का उद्घाटन ग्राम प्रधान बाजार के प्रतिनिधि दयाशंकर पासी द्वारा किया गया इस अवसर पर सामुदायिक शौचालय की केयर टेकर एवं पंचायत सहायक ग्राम के निवासी राम पासवान पंचुपाल के साथ-साथ तमाम गांव की नागरिक मौजूद रहे बल्कि मौके पर ग्राम विकास अधिकारी रागिनी चौधरी विकासखंड पर मीटिंग में होने के कारण गांव सभा में उपस्थित नहीं हो पाए!

## मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी का विधायक नगर,मड़िहान, मझवां ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो मीरजापुर:**

मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, मझवा शुचिस्मिता मौर्य, द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कोऑपरेटिव अध्यक्ष जगदीश पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, अपना दल एस जिला अध्यक्ष राम लोटन बिंद उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में लगभग 108 स्टॉल प्रदेश के विभिन्न



जनपदों से लगाई गईं है। खादी एक वस्त्र नहीं एक विचार है, और हम लोगों को आज के इस दौर में खादी को बढ़ावा देना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रसिद्ध कलाकार विष्णु मिश्रा और कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी मिजार्पुर अमितेश कुमार सिंह, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सोनभद्र किरण श्रीवास्तव, एवं खादी ग्रामोद्योग के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# 15 दिवसीय अंतर स्कूल खेल कूद प्रतियोगिता का समापन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर पब्लिक स्कूल एसोसिएशन गाजीपुर के तत्वाधान में वार्षिक जनपद स्तरीय 15 दिवसीय अंतर स्कूल खेल कूद प्रतियोगिता का समापन नेहरू स्टेडियम गाजीपुर में सम्पन्न हुआ ।समापन समारोह के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सदर गाजीपुर प्रखर उत्तम जी एवं विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी न्यायिक मुहम्मदाबाद श्रीमति हर्षिता तिवारी रही। एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा ने मुख्य अतिथि महोदय को अंगवस्त्र देकर एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह एवं नदीम अदहमी,उपाध्यक्ष अजय यादव, सचिव चंद्रशेखर सिंह,कोषाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा,मीडिया प्रभारी सुरेंद्र यादव आदि पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह दे कर के सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि महोदया को उपाध्यक्ष श्रीमती रिशु जलॉन ने अंगवस्त्रम देकर एवं हर्ष राय, प्रकाश यादव, सुभाष कुशवाहा, मु0आरिफखान,अहसान राजा खान, विक्रमा प्रसाद मौर्य,पवन कुशवाहा, पप्पू यादव,बृजेश मौर्य, कृष्णानंद राय,औरंगजेब खान आदि लोगों ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सदर गाजीपुर प्रखर उत्तम ने अपने सम्बोधन मे कहा की खेल जीवन का महत्वपूर्ण व अभिन्न अंग है। जीवन मे खेल कूद का उतना ही महत्व है जितना पढ़ाई लिखाई का। यह सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है अपितु जीवन को अनुशासित बनाए, चरित्र एवं स्वास्थ्य निर्माण मे मदद करता है। एसोसिएशन ने जो खेल कूद का कार्यक्रम जिला स्तर पर सम्पन्न कराया है, यह बच्चों के सर्वांगीण विकास मे काफी सहायक साबित होगा। विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी न्यायिक मुहम्मदाबाद श्रीमति हर्षिता तिवारी जी ने कहा कि खेल मे भाग लेने से खिलाड़ियों मे धैर्य , साहस, शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है उसके साथ ही सौहार्द , स्वस्थ प्रतिस्पर्धा व टीम वर्क कि भावना के विकास मे भी सहायक सिद्ध होती है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एस डी एम न्यायिक मुहमम्दाबाद ने बच्चों को पुरस्कार वितरण कर उनका हौसला अफजाई किया। वालीबॉल मे एम जे आर पी पब्लिक स्कूल गाजीपुर प्रथम, माँ शारदा चिल्ड्रेन स्कूल दूसरा व शाह फैज पब्लिक स्कूल व सन शाइन पब्लिक स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। , फुटबॉल मे क्वालिटी एजुकेशन सेंटर उसिया प्रथम ,



इकरा मॉडल स्कूल ने दूसरा व एम जे आर पी पब्लिक स्कूल गाजीपुर, क्रिसेंट कान्वेंट स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ,चेस(ब्वॉयज) मे सनशाइन पब्लिक स्कूल जमानिया प्रथम , एम जे आर पी पब्लिक स्कूल गाजीपुर ने दूसरा स्थान व शाह फैज पब्लिक स्कूल व रामदूत स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। , चेस (गर्ल्स) मे एम जे आर पी पब्लिक स्कूल गाजीपुर प्रथम , दूसरा स्थान सेंट्रल पब्लिक स्कूल व तीसरा स्थान शाह फैज पब्लिक स्कूल व सन शाइन पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया। कैरम-सिंगल बॉय्ज मे एम जे आर पी पब्लिक स्कूल गाजीपुर दूसरा स्थान एम जे आर पी अकैडमी तिवारीपुर , तीसरा स्थान सन शाइन पब्लिक स्कूल व डीडी पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया। कैरम- सिंगल गर्ल मे सनशाइन पब्लिक स्कूल जमानिया, दूसरा स्थान एम जे आर पी पब्लिक स्कूल गाजीपुर व तीसरा स्थान शाह फैज पब्लिक स्कूल व सेंट्रल पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया। कैरम डबल बॉयज मे शाहफैज पब्लिक स्कूल गाजीपुर ने प्रथम , दूसरा स्थान सनशाइन पब्लिक स्कूल जमानिया व तीसरा स्थान एम जे आर पी पब्लिक स्कूल गाजीपुर व रामदूत इंटरनेशनल स्कूल ने प्राप्त किया। कैरम डबल गर्ल्स मे शाहफैज पब्लिक स्कूल गाजीपुर ने प्रथम दूसरा स्थान एम जे आर पी पब्लिक स्कूल गाजीपुर तीसरा स्थान सन शाइन पब्लिक स्कूल व सेंट्रल पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया। खो खो (बॉयज) मे एस एस देव पब्लिक स्कूल जमानिया ने प्रथम, शाह फैज पब्लिक स्कूल ने दूसरा स्थान व तीसरा स्थान रामदूत इंटरनेशनल स्कूल ने प्राप्त किया। ।खो खो गर्ल्स मे प्रथम एस एस देव पब्लिक स्कूल दूसरा स्थान रामदूत इंटरनेशनल स्कूल व तीसरा स्थान माँ शारदा चिल्ड्रेन स्कूल ने प्राप्त किया। कबड्डी (गर्ल्स) रामदूत इंटरनेशनल स्कूल गाजीपुर प्रथम, एम जे आर पी पब्लिक स्कूल गाजीपुर ने दूसरा स्थान व डालिम्स स्कूल गांधीनगर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया ।कबड्डी (व्याज)सनशाइन पब्लिक स्कूल जमानिया प्रथम , डालिम्स स्कूल गांधीनगर ने दूसरा व रामदूत इंटरनेशनल स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । 100 मीटर दौड़ अन्डर 19 बॉयज -ब्लॉसम अकैडमी जीवपुर ।100 मीटर दौड़ अन्डर 19- गर्ल्स सनशाइन पब्लिक स्कूल जमानिया।100 मीटर दौड़ अन्डर 14 बॉयज एंड गर्ल्स- सनशाइन पब्लिक स्कूल जमानिया।शॉर्टपुट अन्डर 19 - ब्वॉयज एंड गर्ल्स सनशाइन पब्लिक स्कूल जमानिया। लॉन्ग जंप अंडर 19 गर्ल्स सन शाइन पब्लिक स्कूल , लॉन्ग जंप अंडर 14 गर्ल्स एमजेआरपी अकादेमी ,लॉन्ग जंप अंडर 19 एमजेआरपी स्कूल , लॉन्ग जंप अंडर 14 बॉय्ज डिवाइन ग्लोबल स्कूल।शॉर्टपुट अन्डर 14-ब्वायज डिवाइन ग्लोबल स्कूल जमानिया।शॉर्टपुट अंडर 14 गर्ल्स रामदूत इंटरनेशनल स्कूल गाजीपुर। 200 मीटर दौड़ अन्दर नाइनटीन बॉयज श्री धनेश्वरी इंटरनेशनल स्कूल सिगीरिथा।200 मीटर दौड़ अन्दर नाइनटीन गर्ल्स ब्लॉसम अकैडमी जीवपुर।200 मीटर दौड़ अन्दर फोर्टीन बॉयज श्री धनेश्वरी इंटरनेशनल स्कूल सिगीरिथा।200 मीटर दौड़ अन्दर फोर्टीन गर्ल्स सनशाइन पब्लिक स्कूल जमानिया।400 मीटर दौड़ अन्दर नाइनटीन बॉयज सनशाइन पब्लिक स्कूल जमानिया।400 मीटर दौड़ अन्दरनाइनटीन गर्ल्स धनेश्वरी इंटरनेशनल स्कूल गाजीपुर।400 मीटर दौड़ अन्दर फोर्टीन (गर्ल्स) लालसा इंटरनेशनल स्कूल रायपुर।400 मीटर दौड़ अन्दर फोर्टीन ब्वॉयज इकरा मॉडल स्कूल बारा गाजीपुर।100 मीटर रिले अन्दर नाइनटीन ब्वॉयज एंड गर्ल्स सनशाइन पब्लिक स्कूल जमानिया।100 मीटर रिले अन्दर फोर्टीन ब्वॉयज क्वालिटी एजुकेशन सेंटर उसिया।100 मीटर रिले अन्दर फोर्टीन गर्ल्स रामदूत इंटरनेशनल स्कूल गाजीपुर।सनशाइन पब्लिक स्कूल जमानिया इस पूरे खेल में 14 गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रथम, 5 गोल्ड मेडल प्राप्त कर एम०जे०आर० पी० पब्लिक स्कूल दूसरा एवं 4 गोल्ड मेडल प्राप्त कर शाहफैज पब्लिक स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। अंत में गाजीपुर पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वय नदीम अदहमी एवं श्रीमति रिशु जालान ने खेल मे प्रतिभाग करने वाले सभी टीमों का ,उनके पीटीआई ,अतिथि व इसमे सहयोग करने वाले सभी सम्मानित लोगो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए खेल कूद प्रतियोगिता का समापन किया।

# परियोजनाओं के निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का रखें ध्यान, अन्यथा होगी कार्यवाही-जिलाधिकारी

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में रुपए 50 लाख से अधिक लागत के कार्यो/परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें आईटीआई जरियारी का कार्य पूर्ण होने पर उसे हैण्डओवर करने का निर्देश दिया गया। आवासीय एवं अनावसीय भवनों लीलापुर, दिलीपपुर, देल्हूपुर के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पायी गयी। आईटीआई पट्टी, पुलिस चौकी, थानों में बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण आदि की समीक्षा की गयी एवं निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो की प्रगति में तेजी लायी जाये। जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि पाइप्ड पेयजल योजना के कार्यो की प्रगति धीमी है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सहायक अभियन्ता सुग्रीव सिंह को निर्देशित किया कि कार्यो की प्रगति में सुधार लायें, लापरवाही कदापि न बरती जाये। सेतु निर्माण विभाग के कार्यो की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सेतुओं के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का समय-समय पर निरीक्षण करते रहे एवं निर्धारित समय के अन्दर सभी सेतु निगम की परियोजनाओं को पूर्ण कराया जाये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल, यूपीआरएनएसएस, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सीएनडीएस आदि के निर्माण कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया कि 5 करोड़ के ऊपर की परियोजनाओं के निर्माण कार्यो की नोडल अधिकारी नामित कर जांच करायी जाये। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई परियोजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और पैसा मिलने के बावजूद भी विद्युत विभाग द्वारा विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण न होने से परियोजनायें हैण्डओवर नही हो पा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि सभी पूर्ण परियोजनाओं पर दिसम्बर माह में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया जाये। समीक्षा में पाया गया कि सड़कों के चौड़ीकरण के दौरान जो पोल बीच सड़क पर है अभी तक उनको शिफ्ट नही किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द पोल शिफटिंग का कार्य पूर्ण करा लिया जाये, यदि कोई दुर्घटना घटित होती है तो उसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि परियोजनाओं के कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये, ठेकेदारों के कार्यो की नियमित मानीटरिंग की जाये, निर्माणपरक कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये, यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो को लम्बित कदापि न रखा जाये, सभी परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत मानक के अनुरूप गुणवत्ता सहित पूर्ण किया जाये। उन्होने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो जाये उसे यथाशीघ्र सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर किया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बिन खर्ची–बिन पर्ची के योग्यता के आधार पर दी जा रही हैं सरकारी नौकरियां: जेपी दलाल

## – हरियाणा सरकार की खेल नीति सहरानीय: जेपी दलाल

**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र प्रजापत बहल)**



बहल, 11 दिसंबर। प्रदेश के पूर्व वित्त एवं कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि हरियाणा की खेल नीति सहरानीय है। देश के अन्य प्रदेश भी हरियाणा की खेल नीति का अनुसरण कर रहे हैं। बेहतर खेल नीति के बदौलत हरियाणा प्रदेश के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक मैडल जीतते हैं और विश्व में देश व प्रदेश का नाम रोशन करते हैं। खेलों में भविष्य के लिए पर्याप्त संभावनाएं है, इसलिए युवाओं को खेलों में बढ़चढकर भाग लेना चाहिए।

पूर्व वित्त मंत्री जेपी दलाल बुधवार को बीआरसीएम स्पोर्ट्स सोसाइटी द्वारा संचालित राजीव गांधी ग्रामीण खेल परिसर बहल में आधुनिक फिटनेस सेंटर (जिम) का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बहल, लोहारू क्षेत्र के गांव मताणी, बुद्धशैली, बखतावरपुरा आदि गांवों का दौरा किया। बीआरसीएम शिक्षण समिति बहल के निदेशक डॉ. एसके सिंह, एवं ग्राम पंचायत बहल के सरपंच साधुराम पनिहार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। श्री जेपी दलाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में फिटनेस सेंटर की स्थापना खेलों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने युवाओं से इस केंद्र का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ओलम्पिक खेलों में पदक विजेता को छह करोड़ रूपए तक का नकद पुरस्कार व सरकार द्वारा नौकरी दी जा रही है। इसके अलावा खिलाडिड्रों को सरकारी नौकरियों में कोटा भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार अंत्योदय की भावना से गरीब के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। जरूरतमंद लोगों को घर बैठे उनका हक दिया जा रहा है। बिन खर्ची-बिन पर्ची के योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं।

डॉ. एस के सिंहा ने बीआरसीएम शिक्षण समिति की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह केंद्र ग्रामीण युवाओं को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा और उनके खेल कौशल को निखारने में मदद करेगा। सरपंच साधुराम पनिहार ने इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए व स्टेडियम को राज्य स्तर पर अव्वल रखने के लिए बीआरसीएम सोसाइटी का आभार व्यक्त किया। फिटनेस सेंटर में अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जो खिलाडड्रिों और आम लोगों की फिटनेस आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, युवा खिलाड़ी और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बी आर सी एम ज्ञानकुंज स्कूल, बहल में ज्ञानकुंज एन एस एस इकाई की ओर से द्वितीय एक दिवसीय शिविर में "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र प्रजापत बहल )**




बहल : बी आर सी एम ज्ञानकुंज की एन एस एस इकाई ने एन एस एस अधिकारी जोगेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और बेकार वस्तुओं के पुनः उपयोग की आदत विकसित करना था। कार्यक्रम में एन एस एस वॉलिंटियर्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने अनुपयोगी वस्तुओं जैसे प्लास्टिक की बोतलों, पुराने कपड़ों, अखबारों और अन्य वेस्ट मटेरियल का उपयोग करके अद्भुत और उपयोगी वस्तुएं बनाई। निर्णायक मंडल की भूमिका श्रीमती चंचल गांधी व पंकज चमोला ने बखूबी निभाई।प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल ने सभी प्रस्तुतियों का मूल्यांकन उनकी रचनात्मकता, नवाचार और पर्यावरणीय उपयोगिता के आधार पर किया।प्रथम स्थान कक्षा रीया ने जीता, जिन्होंने पुरानी प्लास्टिक की बोतलों से आकर्षक टेबल लैंप बनाया। द्वितीय स्थान पर क्रमशः खुशबू व मनीषा को मिला, जिन्होंने पुराने कपड़ों से पर्यावरण अनुकूल बैग तैयार किए।तृतीय स्थान पर क्रमशः निकिता, राखी व नीतू ने प्राप्त किया।जिन्होंने टिन के डिब्बों और कागज से पेन होल्डर बनाया। एनएसएस वॉलिंटियर्स हिमांशु सांगवान, सचिन, श्रेयांश, मोनिका, खुशी व अमन आदि वॉलिंटियर्स का सराहनीय योगदान रहा।प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एन एस एस अधिकारी जोगेंद्र सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए वॉलिंटियर्स की प्रशंसा की और छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक रहने का संदेश दिया।विद्यालय के प्राचार्या श्री राजेश कुमार झाझरिया व उप प्राचार्या श्रीमती सरस्वती दीक्षित ने भी छात्रों की सराहना की और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि छात्रों में सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करती हैं। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस इकाई के सदस्यों ने भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियां आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बी आर सी एम शिक्षण समिति निदेशक डॉक्टर एस के सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

# बीजेपी के खिलाफ 27 में फिर बदलेगा सियासी समीकरण

**दैनिक समाज जागरण**
**अजय कुमार,लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार**

उत्तर प्रदेश में बीजेपी के खिलाफ एक बार फिर से सियासी समीकरण काफी तेजी के साथ बदल रहा हैं। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और योगी सरकार की विरोध की हांडी नहीं पक पाने के कारण प्रदेश में एक बार फिर से नए सियासी समीकरण उभरते नजर आ रहे हैं। इस नये समीकरण में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी का अहम रोल हो सकता है। इसी वजह से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की कमान ममता बनर्जी को दिये जाने की मांग का भी समर्थन कर रहे हैं। हो सकता है 2027 के विधानसभा चुनाव के समय तक समाजवादी पार्टी कांग्रेसी पंजे से अपना हाथ छुड़ाकर ममता बनर्जी के कहने पर एक बार फिर से मायावती के सात बुआ भतीजे वाला रिश्ता निभाते नजर आए। ऐसा होता है तो यूपी में कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है। यह संभावना है इसलिए बढ़ रही है क्योंकि पिछले कुछ दिनों या महीनों से कांग्रेस समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश कर रही है। सपा-कांग्रेस के बीच दूरियां लगातार बढ़ने के साथ एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक मंचों से बयानबाजी भी हो रही है। महाराष्ट और हरियाणा के चुनाव में कांग्रेस की नाकामी भी इसमें एक अहम कड़ी समझा जा रहा है। यही दूरियां ही हैं कि संसद के अंदर भी सपा-कांग्रेस विभिन्न मुद्दों पर मजबूती से एक साथ नहीं दिख रहे हैं।सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में दरार आई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। हाल यह है कि जेल में बंद सपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने भी इंडिया ब्लॉक को जेल से एक संदेश भेजा है। इसमें उन्होंने कहा है कि इंडिया ब्लॉक को मुसलमानों पर हो रहे हमलों पर अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी को भी लिखा कि संभल की घटना के जैसे ही रामपुर में हुए अत्याचार का मुद्दा भी संसद में उतनी ही मजबूती से उठाना चाहिए।

कांग्रेस और सपा के बीच दूरियां तब और बढ़ गईं जब सपा कि तरफ से कहा जाने लगा कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस की जगह तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिए जाने पर सपा को एतराज नहीं है। बता दें लोकसभा चुनाव के बाद कई चुनावों में कांग्रेस की लगातार हार के बाद इंडिया गठबंधन में अंतर्विरोध बढ़ रहे हैं। उधर दूसरी तरफ चर्चा यह भी है कि यूपी की राजनीति एक बार फिर पलट सकती है। सपा और कांग्रेस के बीच आई दूरियों के बीच मायावती का रुख नई राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे सकता है। बहराल,सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में असहजता पैदा हुई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। रिश्तों में खटास का ही नतीजा है कि सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने कहा कि ममता बनर्जी वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी हाईकमान भी यही चाहता है कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें। सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल भी कह चुके हैं कि वे राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन का नेता नहीं मानते हैं। इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति में शामिल सपा के एक नेता बताते हैं कि कांग्रेस गठबंधन को लेकर गंभीर नहीं है। उसके नेता चुनाव के वक्त ही सक्रिय होते हैं जिससे जनाधार नहीं बढ़ता। ऐसे में बेहतर होगा कि गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें। भाजपा को मात देने के लिए रणनीति के साथ जनता के बीच लगातार जुटे रहने की जरूरत है।

बात बीएसपी की की जाए तो हरियाणा व महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव और यूपी के उपचुनाव में कांग्रेस व सपा के बीच बढ़ी दूरियों का सियासी लाभ बसपा को मिलने की उम्मीद है। पार्टी तेजी से बदले राजनीतिक घटना पर नजर बनाए हुए है। यदि कांग्रेस और सपा के बीच बात नहीं बनी तो इसकी वजह से बनने वाले तीसरे मोर्चा का बसपा अंग बन सकती है। जानकारों की मानें तो वर्तमान में पार्टी को अपना वजूद बचाने और देश की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता को बरकरार रखने के लिए इसकी जरूरत भी है। बसपा के इतिहास पर नजर डालें तो वर्ष 2007 के यूपी विधानसभा चुनाव में उसे बहुमत मिला था। इससे पहले बसपा दूसरे दलों की मदद से सरकार बनाती रही, जिसका लाभ उसे लोकसभा चुनावों में भी मिलता गया। वर्ष 2012 में बसपा ने फिर अकेले दम पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया, जो गलत साबित हुआ। यही हाल 2017 के विधानसभा चुनाव में भी हुआ। 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठजोड़ कर लोकसभा चुनाव लड़ा और 10 सांसदों वाली पार्टी बनी। हालांकि इसके बाद वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव और 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने से उसे भारी नुकसान का सामना करना पड़ गया। अब पार्टी की उम्मीदें तीसरा मोर्चा बनने पर टिकी हैं। वैसे तो मायावती सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दोनों दलों को एक मंच पर ला सकती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो कांग्रेस को दरकिनार कर अगर तीसरा मोर्चा बना तो ममता बनर्जी उसकी निर्विवाद नेता बन सकती हैं। पहले उन्हें मायावती से चुनौती मिलने के जो समीकरण बने थे, वो बीते चुनावों में बसपा के लगातार घटते जनाधार की वजह से ध्वस्त हो चुके हैं। अब बसपा को अपना खोया हुआ जनाधार वापस पाने के लिए दूसरे दलों का सहारा लेना पड़ सकता है।इसके साथ ही बसपा सुप्रीमो ने पुराने बसपाइयों को भी वापस आने का बुलावा दिया है।

# स्व: रामकलप शुक्ल की 24 पुण्यतिथि पर बच्चों ने विज्ञान पर आधारित मॉडल बनाकर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया

## विद्यालय परिवार द्वारा गणमान्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया

**दैनिक समाज जागरण राजेश तिवारी**




अयोध्या। गायत्री पब्लिक स्कूल, रेवतीगंज में स्वर्गीय राम कलप शुक्ल की 24वीं पुण्यतिथि पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर सम्मान समारोह, विज्ञान प्रदर्शनी, और बाल मेला का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य व्यक्तियों और अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह 'अनूप' रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर और पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास, स्वावलंबिता, और रचनात्मकता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया और फीता काटकर विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेले का शुभारंभ किया।

विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा प्रस्तुत मॉडल जैसे रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वॉटर ट्रीटमेंट प्योरीफिकेशन, थर्मो इलेक्ट्रिक इफेक्ट, ईवीएम मशीन, न्यूक्लियर पावर प्लांट, ह्यूमन एनाटॉमी, और ब्रह्मोस मिसाइल ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। उपस्थित अभिभावकों और गणमान्य व्यक्तियों ने इन मॉडलों की सराहना की और बच्चों की मेहनत को मुक्त कंठ से प्रोत्साहन दिया।

बाल मेले में बच्चों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों के स्टॉल ने सभी को आकर्षित किया। मोमोज, फुल्की, इमरती, ब्रेड पकौड़ा, गुझिया, खुरमा, पेस्ट्री जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में प्रबंधक उमाशंकर शुक्ल, गायत्री देवी, प्रधानाचार्या शिखा दूबे, और उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल ने सभी आगंतुकों का स्वागत और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सपा नेता बख्तियार खान, प्रभा शंकर शुक्ल, अतुल पांडेय, अशोक तिवारी, संजीव तिवारी, गजराज यादव, पवन तिवारी, राजेंद्र यादव, और सैकड़ों अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम ने न केवल स्वर्गीय राम कलप शुक्ल को श्रद्धांजलि अर्पित की, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता और सामूहिक प्रयास को भी मंच प्रदान किया, जिससे उन्हें नई ऊर्जा और प्रेरणा मिली।

# मुसलमानों के लिये आजम की चन्द्रशेखर से करीबी और कांग्रेस-सपा से बढ़ती नाराजगी

**दैनिक समाज जागरण**
**अजय कुमार,लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की सीतापुर जेल में बंद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने जेल से एक बयान जारी किया है, जिसके बाद सवाल उठने लगा है कि क्या इंडिया गठबंधन के अंदर क्लेश बढ़ने वाला है। आजम ने अपने बयान में इंडिया गठबंधन पर मुस्लिमों की अनदेखी करने के आरोप लगाए हैं और कहा है कि इंडिया ब्लॉक को अपनी स्थिति स्पष्ट करना होगी, अन्यथा मुसलमानों के हालात और भविष्य पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। आजम का बयान इंडिया गठबंधन के साथ-साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लिए असहज स्थिति पैदा करने वाला है। अब तक कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों ही मुस्लिमों के हित की बात करती आई हैं, लेकिन आजम खान ने कहा है कि इंडिया गठबंधन मुस्लिमों की बबार्दी का तमाशबीन है।

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने बीते दिनों आजम खान के परिवार से मुलाकात की थी. इसके बाद यह आजम खान का यह पहला बयान है जिसके अब कई मायने निकाले जा रहे हैं.आजम खान और चंद्रशेखर आजाद की मुलाकात से यूपी में नए राजनीतिक समीकरणों की चर्चा हो रही है. सपा में पहले भी कई बार आजम खान की नाराजगी अक्सर देखी गयी है. निश्चित तौर पर आजम का यह बयान सपा-कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाने वाला है. अब तक आजम खान के संदेश पर इंडिया गठबंधन या अखिलेश यादव की तरफ से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। आजम खान के मैसेज को समाजवादी पार्टी के रामपुर जिला अध्यक्ष अजय सागर ने पार्टी के लेटरहेड पर जारी किया है। सीतापुर जेल में बंद आजम खान ने कहा है कि समाजवादी पार्टी रामपुर में हुए जुल्म और बबार्दी का मुद्दा संसद में उतनी ही मजबूती से उठाए जितना संभल का. क्योंकि, रामपुर के सफल तजुर्बे के बाद ही संभल पर आक्रमण हुआ है। रामपुर की बबार्दी पर इंडिया गठबंधन खामोश तमाशायी बना रहा और मुस्लिम लीडरशिप को मिटाने पर काम करता रहा। इंडिया ब्लॉक को अपनी स्थिति स्पष्ट करना होगी, अन्यथा मुसलमानों के हालात और भविष्य पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा.

सपा नेता ने आगे कहा मुसलमानों पर होने वाले हमलों और उनकी मौजूदा स्थिति पर तथा अपनी नीति पर खुलकर स्थिति स्पष्ट करें। यदि मुसलमानों के वोट का कोई अर्थ ही नहीं है और उनके वोट का अधिकार उनकी नस्लकुशी करा रहा है तो उन्हें विचार करने पर मजबूर होना पड़ेगा कि उनके वोट के अधिकार को रहना चाहिए या नहीं। बेसहारा, अलग-थलग और अकेला खाक व खून में नहाया हुआ अधिकार, इबादतगाहों को विवादित बनाकर समाप्त करना इत्यादि, केवल साजिश करने वालो. षड्यंत्र रचने वालों और दिखावे के हमदर्दी के लिए देश की दूसरी आबादी को बर्बाद और नेस्तनाबूद नहीं किया जा सकता।

# लखनऊ में बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा

**दैनिक समाज जागरण**
**अजय कुमार,लखनऊ**



लखनऊ में पुलिस ने मानव तस्करी का एक मामला उजागर किया है। कानपुर में एक कारोबारी के घर से एक नाबालिग के बरामद होने के बाद यह सच्चाई सामने आई है। छानबीन में पता चला है कि लखनऊ के आलमबाग निवासी सुनील मलिक ने दो बच्चों को 60 हजार रुपये में खरीदा था। एक बच्चे को उसने कानपुर में अपने दामाद के पास भेज दिया, जबकि दूसरे को बंधक बनाकर उससे शौचालय साफ कराए जा रहे थे।

कानपुर के गोविंद नगर थाना प्रभारी के मुताबिक मंगलवार रात गुरुग्राम से श्री भगवान नामक व्यक्ति ने कंट्रोल रूम को फोन कर बेटे को बचा लेने की गुहार लगाई। बताया कि कुछ लोगों ने बेटे को बंधक बना लिया है और उससे मारपीट कर रहे हैं। पुलिस ने कानपुर के गोविंद नगर निवासी फर्नीचर कारोबारी अंकित आनंद के घर छापा मारा। अंकित के घर से 12 साल का बालक मिला। पुलिस को सामने देखते ही मासूम बिलख पड़ा। मासूम ने बताया कि मालकिन बहुत मारती हैं। पप्पू यादव ने पिता को तीन माह पहले पैसे कमाने का लालच देकर उसे और चचेरे भाई को आलमबाग लाकर छोड़ दिया था। आलमबाग और कानपुर में दोनों से शौचालय साफ कराने के साथ-साथ बच्चों की गंदगी साफ कराई जा रही थी। कानपुर पुलिस ने अंकित आनंद, साक्षी, सुनील मलिक और बच्चे को लाने वाले पप्पू यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

जांच के दौरान बालक ने आपबीती बताई। इसके बाद आरोपी फर्नीचर कारोबारी को हिरासत में ले लिया गया।

पूछताछ में कारोबारी अंकित ने बताया कि आलमबाग निवासी उसके ससुर सुनील मलिक ने गुरुग्राम निवासी दलाल पप्पू यादव के जरिये बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के तरनियाघाट निवासी श्री भगवान महतो उर्फ रामू से 12 व 8 साल के बच्चों को 30-30 हजार रुपये में खरीदा था। आलमबाग से एक बच्चा उसकी पत्नी साक्षी घर के कामकाज के लिए कानपुर ले आई, जबकि दूसरा ससुर के घर पर है। पुलिस ने बच्चे को परिजनों को सौंपने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

सुनील मलिक और मानव तस्कर पप्पू यादव के बीच काफी पुराने संबंध हैं। बताया जा रहा है कि सुनील ने कई बार पप्पू से संपर्क किया। माना जा रहा है कि इसके पहले भी कई बच्चों की तस्करी की गई है। पुलिस का कहना है कि सुनील को गिरफ्तार करने के बाद पूरा मामला सामने आएगा।

# शमसुद्दीन तुर्क पनीपति के 745 वें उर्स के मौके आयोजित हुआ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का "सूफी संवाद " कार्यक्रम

- जमाल सिद्दीकी ने कलियर से आये साबरी झंडे को किया रिसीव
- इस्लाम शांति का धर्म है और सूफी पंथ इसकी आत्मा है : जमाल सिद्दीकी
- दरगाहों की समस्याओं की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का काम कर रहा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा : जमाल सिद्दीकी

**दैनिक समाज जागरण, फैसल मुमताज**



पानीपत : (11 दिसम्बर , 2024) आज बुधवार को शाह विलायत ख्वाजा शमसुद्दीन तुर्क पनीपति के 745 वां सलाना उर्स का आगाज हुआ। हजारों अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर दुआ माँगी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने सूफी संवाद " महा-अभियान के हरियाणा, पंजाब एवं चंडीगढ़ प्रभारी सज्जादानशीन सय्यद मेराज हुसैन साबरी की सरपरस्ती में साबिर पाक की दरगाह कलियर शरीफ से आये साबरी झण्डे को मुख्यद्वार पर बड़ी शानो-शौकत से हजारो अकीदतमंदो के साथ रिसीव किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी द्वारा देश भर से आये सज्जादानशीनों , सूफियों और बुद्धिजीवियों से " सूफी संवाद " महाभियान के अंतर्गत संवाद किया गया। देश और दुनिया के लिए अमन चैन, और भाईचारा कायम होने के किये दुआएं की। गौरतलब है कि शाह विलायत ख्वाजा शमसुद्दीन तुर्क पानीपति हजरत सैय्यद अलाउद्दीन अहमद सबीर पाक के लाडले और इकलोते खलीफा है। जिन्होंने सबीर पाक के बाद साबरी सिलसिले को उरूज आता फरमाया।और लोगों तक साबरी सिलसिले को पहुंचाया। अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज ने बताया कि हर साल उर्स के मौके पर साबीर पाक की दरगाह कलियर शरीफ से साबरी झंडा आता है। इस साल भी 745 वें उर्स के मौके पर साबरी झंडा कलियर शरीफ दरगाह से रुड़की व हरिद्वार होकर पैदल लाया गया झंडा मुज्जफरनगर, शामली व कैराना से पानीपत पहुंचा। जिसे मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने रिसीव किया। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक़्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन , एस. एम अकरम,सूफी संवाद अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. असलम
फहीम सैफी , सिकंदर सलमानी, एवं बड़ी संख्या में मोर्चे के पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा चलाये जा रहे " सूफी संवाद " कार्यक्रम के दौरान जमाल सिद्दीकी ने मीडिया को बताया कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर हम " सूफी संवाद " महा अभियान को देश भर मे लेकर जा रहे हैं और खुशी इस बात की है की सूफी समाज दिल खोल कर इस अभियान का स्वागत कर रहा है। अल्पसंख्यक मोर्चे के इस महा अभियान के जरिये दरगाहों की समस्याओं की आवाज हम सरकार तक पहुँचा रहे हैं। हम सभी को मिलकर हिंदुस्तान को मजबूत करना है। उन्होंने कहा की भाजपा सबको एक मंच पर लेकर चलती है। आज तक किसी सरकार ने सूफियों की चिंता नही की है। सूफियों को एक मंच पर लाना और उनकी हिफाजत करना भाजपा का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा से सूफी विचारधारा के प्रति विशेष प्रेम रखते रहे हैं। प्रधानमन्त्री का मानना है कि सूफीवाद एक नूर की तरह है, जो हिंसा से सहमी दुनिया को एक रोशनी दिखा सकता है। इस्लाम शांति का धर्म है और सूफी पंथ इसकी आत्मा है।

# गंगा जमुना तहजीब बड़ी पुरानी है और इसका मिशाल अनोखा: एसपी मनोज कुमार तिवारी।



सीतामढ़ी। जिले के 53 वां स्थापना दिवस समारोह का विधिवत उद्घाटन आज 11 दिसंबर को 11:30 बजे से डुमरा हवाई अड्डा मैदान में किया जाएगा। कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार और जिला प्रशासन सीतामढ़ी के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्थापना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय जिला स्थापना दिवस समारोह का आगाज आज उर्दू कार्यशाला फरोगझए उर्दू सेमिनार व मुशायरा के आयोजन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुवाद पदाधिकारी (उर्दू) शफी अहमद ने की जबकि मंच संचालन प्रो मसूद आलम उर्फ गौहर सिद्दीकी ने किए।उर्दू भाषा कोषांग के तत्वावधान में उर्दू, कार्यशाला के साथ ही फरोग-ए- उर्दू सेमिनार, मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन एसपी मनोज कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता कुमार धनंजय, डीएसपी मुख्यालय मो नजीब अनवर,जिला औकाफ कमिटी के चेयरमैन गुलाम मुस्तफा उर्फ गौहर समी,शफीक खान ने दीप प्रज्वलित कर किए। एसपी मनोज कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी गंगा जमुना तहजीब बड़ी पुरानी है और इसका मिशाल अनोखा है। भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित सीतामढ़ी के लोग बड़े प्यारे हैं। मैं यहां दो साल से हूं। यहां के लोग एक दुसरे के दुख सुख में हमेशा समर्पित रहते हैं। मैं आप लोगों के साथ अनुवाद पदाधिकारी उर्दू शफी अहमद को एक सफल कार्यक्रम के लिए बधाई देता हूं जिसमें जिले के नामचीन और मकबूल शायरोंःझ मो जफर हबीबा, एम आर चिश्ती, प्रीति सुमन, पंकज करण, अबू नसर अफजल, हेमा सिंह, मो नसीम अख्तर उर्फ फरहत साबरी, चांदनी समर, अजहर दिलकश, वसीम रजा,तारिक अनवर ने अपने शेर,गजलों और नज्मों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। तत्पश्चात कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सातीया नजमी, सादिया रिजवी, मो अली हुसैन एवं सफक रहमान ने अपनी अपनी नज्म एवं गजल पेश की।इस मौके पर गोयनका कॉलेज के प्रो डा मो सनाउल्लाह, उर्दू अदीब, साहित्यकार, शिक्षक मो कमर आलम उर्फ कमर मिस्बाही, मो अलाउद्दीन रिजवी ,मो. जसीमुद्दीन कासमी, मो. जमील अख्तर शफीक, मदरसा रहमानिया मेहसौल के पूर्व अध्यक्ष मो अरमान अली, मौलाना जियाउर रहमान कासमी,परवेज अंसारी, मौलाना मो मोतीउर रहमान, मौलाना सैफुल्लाह, मो तनवीर शम्सी, कारी मुश्ताक, शाहिद मजहरी, मो तबरेज आलम, तमीम अख्तर, मो मजहर अली राजा,मो बहाउद्दीन, मो इकबाल आलम, मो इलियास, सैयद नसर अहमद,राशिद फहमी, इकरामुल हक, तालिब हुसैन आजाद, मो शोएब, मौलाना सोहराब, फहाफिज मो मोबीन समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# दरिहट में स्वास्तिक हॉस्पिटल का शुरुआत हुआ ।

**संवाददाताः ददन सोनी**
**दैनिक समाज जागरण प्रखंडः अकोढ़ी गोला**

रोहतास जिले के आदर्श ग्राम पंचायत दरिहट अंतर्गत मुख्य बाजार दरिहट में पैक्स अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव उर्फ मंडल जी के मकान में बुधवार को डॉ वकील कुमार मेहता की उपस्थिति में आचार्य दिनेश मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान पूर्वक पुजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। जानकारी देते हुए डॉ वकील कुमार मेहता ने बताया कि हमारे यहां पेट संबंधित, स्क्रीन, तंत्रिका एवं नस,हड्डी, तथा ग्रंथी संबंधित सभी प्रकार के रोगों की जांच कर अनुभवी चिकित्सक के द्वारा सफल इलाज किया जाता हैं। और हाइड्रोसील, बवासीर,भकंदर, अपेंडिक्स,बच्चेदानी, सहित अन्य प्रकार का ऑपरेशन डॉ चंदन आर्या के द्वारा किया जाएगा। एवं नार्मल डिलीवरी की भी व्यवस्था हमारे यहां हैं। अस्पताल खुलने से क्षेत्र के लोगों में एक विश्वास की उम्मीद जगीं कि अब हम गरीब - गुरबों को इलाज के लिए डेहरी शहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मौके पर सुरेश प्रसाद यादव उर्फ मंडल जी,अमर मेहता,शिव प्रजापति, प्रमोद सिंह, अनिल सिन्हा, मुन्ना पाठक, भाजपा नेता संतोष सोनी,छोटू सोनी, सुरेंद्र सोनी, अमरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह,उमेश सिंह,शिव साह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

# अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**मनोज कुमार, व्यूरो रोहतास दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिले में बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के कस्तर महादेव गांव में हाई स्कूल खेल मैदान के सामने लहठान-राजवाहा कैनाल से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। घटना का पता तब चला जब राहगीरों ने कैनाल में पानी के अंदर शव को देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही गश्ती दल मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में ले लिया। इसके बाद थानाध्यक्ष ललन कुमार खुद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष है, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि यह घटना कैसे हुई, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल, पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और मृतक की पहचान की कोशिश जारी है।

# चेनारी में सड़क हादसे ने बुझा दिया घर का चिराग

**मनोज कुमार,व्यूरो रोहतास दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत हो गई। नेशनल हाईवे पर टेकारी ओवरब्रिज के पास अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे खुमार्बाद के रहने वाले हसन अब्बास और उनकी बहन कनीजा जहरा की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, हसन अब्बास अपनी बहन को पढ़ाई के लिए बाइक से छोड़ने जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद गांव में मातम छा गया है, और परिवार का चिराग हमेशा के लिए बुझ गया। इस घटना ने खुमार्बाद गांव को गमगीन कर दिया है, जहां हर ओर सिर्फ सन्नाटा और आंसुओं का सैलाब नजर आ रहा है। वहीं पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल सासाराम भेजा, जहां डॉक्टर एसके प्रभाकर ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए। चेनारी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

# संपत्ति विवाद में दो सगे भाइयों के बीच मारपीट, छोटे भाई की हालत गंभीर

**ओंकारनाथ दूबे, दैनिक समाज जागरण संवाददाता दिनारा**

रोहतास जिले के नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत राजपुर गांव में संपत्ति बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि बात मारपीट तक पहुंच गई। इस घटना में छोटे भाई को गंभीर चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल छोटे भाई को उनके परिजन इलाज के लिए दिनारा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। मारपीट के कारण घायल व्यक्ति की बांह टूटने की पुष्टि हुई है। घटना के संबंध में, पीड़ित जनेश्वर ठाकुर ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपने बड़े भाई और भाभी पर मारपीट का आरोप लगाया है। इस मामले में नटवार थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है। संपत्ति विवाद को लेकर भाइयों के बीच इस तरह की हिंसा से गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

# रोहतास के तीन पंचायतों का राष्ट्रीय सम्मानः राष्ट्रपति ने किया मुखिया को पुरस्कृत

**मनोज कुमार, व्यूरो रोहतास**
**दैनिक समाज जागरण**




रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के तीन प्रखंडों के मुखिया ने अपनी मेहनत और उत्कृष्ट कार्यों से जिले का नाम रोशन किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित विज्ञान भवन में इन पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। इस गौरवमयी अवसर पर जमोढ़ी पंचायत (बिक्रमगंज) के मुखिया मनोज कुमार, उसरी पंचायत (दावथ) के मुखिया संजय कुमार सिंह, और धनाव पंचायत (नासरीगंज) की मुखिया अफसाना खातून को प्रशस्ति पत्र और विशेष अनुदान राशि देकर पुरस्कृत किया गया।

**स्थानीय विकास का नया आयाम**

मुखिया मनोज कुमार ने पंचायत में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए हैं। वहीं, संजय कुमार सिंह ने अपने पंचायत में स्वच्छता अभियान को एक नई पहचान दी। अफसाना खातून ने महिलाओं के सशक्तिकरण और रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

**ग्रामीणों की खुशी का माहौल**

इस उपलब्धि से संबंधित पंचायतों में जश्न का माहौल है। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं ने इन मुखियाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता को प्रेरणादायक बताया।

**आशा की नई किरण**

लोगों को उम्मीद है कि इन पंचायतों की सफलता अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणा बनेगी और विकास की नई दिशा तय करेगी। यह सम्मान केवल इन मुखियाओं का नहीं, बल्कि पूरे रोहतास जिले का है। राष्ट्रपति द्वारा मिले इस सम्मान से यह साबित हो गया है कि सही सोच और मेहनत से छोटे से गांव को भी राष्ट्रीय पहचान दिलाई जा सकती है।

# पटना के कुख्यात गैंगस्टर को झारखंड पुलिस ने लिया रिमांड पर

**समाज जागरण पटना**
**जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ झारखंड के बोकारो जिले के चर्चित शंकर रवानी हत्याकांड में पूछताछ के लिए बिहार झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर विकास सिंह को बोकारो पुलिस रिमांड में लेकर आज पटना के बेऊर जेल से बोकारो के लिए रवाना हो गई। पिछले सप्ताह पुलिस ने इस मामले में कोर्ट में विकास को रिमांड करने की अर्जी दी थी। केस में रिमांड का आदेश मिलने के बाद मंडल कारा चास प्रशासन ने बेउर जेल प्रशासन को इसकी सूचना दे दी थी। रिमांड आवेदन को मंजूरी मिलते ही बोकारो पुलिस की विशेष जांच टीम बेउर जेल में बंद गैंगस्टर विकास सिंह को बोकारो ले जाने के प्रक्रिया में जुट गई थी। बताया जाता है कि कुख्यात विकास सिंह ने पिछले दिनों पटना के सिविल कोर्ट में एक बेहद पुराने मामले में आत्म समर्पण किया था।जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में बेऊर जेल भेज दिया गया था।बताया जाता है कि बोकारो के इस चर्चित हत्याकांड में पुलिस गिरफ्त में आए हत्यारोपितों ने अपने इकबालिया बयान में बताया कि शंकर रवानी हत्याकांड की साजिश विकास के पटना स्थित घर में बनी थी। हत्या कराने की योजना बनाने वाले विहार रोहतास के मुखिया अमित सिंह से संपर्क साधा था। अमित मुखिया सभी को लेकर विकास सिंह के पटना कृष्णापुरी स्थित आवास पर गया। यहां पर दस लाख रुपये में हत्या करने कीसुपारी दी गई। दो लाख अग्रिम भुगतान हुआ। बाकी के रुपयों का भुगतान घटना को अंजाम देने के बाद दिया जाना था। पुलिस ने यह भी आरोप जड़ा है कि रवानी हत्याकांड में जेल भेजे गए अशोक व राजू ने विकास के इस हत्याकांड में शामिल होने की पुष्टि की है।

# बिहार में ईंट भट्ठा संचालको पर होगी अनियमितता पाई जाने पर कार्यवाई

**समाज जागरण पटना**
**जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में ईंट-भट्ठों संचालक के लिए यह काफी काम की खबर है। अब ईंट-भट्ठों की अनियमितताओं को लेकर सरकार ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। समीक्षा बैठक में यह सामने आया कि कई ईंट-भट्ठों ने न तो समय पर टैक्स जमा किया है और न ही उनके पास इन्हें स्थापित करने और संचालित करने की आवश्यक अनुमति (सीटीई और सीटीओ) है। अब ऐसे भट्ठों को चिन्हित कर बंद करने के आदेश दिए गए हैं। इसके जांच के लिए खान एवं भू-तत्व विभाग के अधिकारियों को नियमित निरीक्षण को कहा गया है। इसके साथ ही बकाया राशि की वसूली, और राजस्व संग्रह का लक्ष्य तय करने के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञात हो कि बिहार में साढ़े छह हजार से अधिक ईंट-भट्ठे संचालित हैं, जिनमें से कई पर अनियमितताओं के आरोप हैं। बिहार सरकार ने ऐसे भट्ठों को चिह्नित कर उन्हें बंद करने के निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से उन भट्ठों को जो बिना सीटीई (कंसेंट टू स्टैब्लिस्ट) और सीटीओ (कंसेंट टू ऑपरेट) अनुमति के संचालित हो रहे हैं। विभाग के अधिकारियों को नियमित निरीक्षण बकाया राशि की वसूली और राजस्व संग्रह के लक्ष्यों को निर्धारित करने के निर्देश दिए गए हैं। वही समीक्षा बैठक में यह भी चर्चा की गई कि बिहार में लगभग 6,500 से अधिक ईंट-भट्ठे संचालित हैं जिनमें से कई पर अनियमितताएं पाई गई हैं। इसके अलावा विभाग ने नवंबर के महीने में 175 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 309.85 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया है जिसमें पटना अंचल सबसे आगे रहा। इधर, खनिज विकास पदाधिकारियों ने बताया कि वित्तीय लक्ष्य के मुकाबले इस दफे ज्यादा राजस्व संग्रह किया जिसमें पटना अंचल सबसे ऊपर रहा। जहां 186.74 करोड़ का राजस्व संग्रह हुआ। अन्य अंचलों में भी विभिन्न स्तरों पर अच्छा राजस्व संग्रह हुआ है जैसे मगध अंचल ने 64.07 करोड़ और मुंगेर अंचल ने 15.30 करोड़ का संग्रह किया।

# संझौली में गीता जयंती व मोक्षदा एकादशी व्रत का आयोजन

**मनोज कुमार,व्यूरो रोहतास दैनिक समाज जागरण**

संझौली (रोहतास)ः अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में गीता जयंती एवं मोक्षदा एकादशी व्रत का भव्य आयोजन संझौली गायत्री मंदिर प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन राकेश शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवीन चंद्र साह ने गीता जयंती के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कर्मयोग, ज्ञानयोग और सांख्ययोग जैसे गीता के मूल



सिद्धांतों पर चर्चा करते हुए कहा कि आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति को भगवान श्रीकृष्ण के सुदर्शन चक्र और महादेव के त्रिशूल जैसे प्रतीकों से प्रेरणा लेकर अन्याय, अनीति और दुगुर्णों के खिलाफ खड़े होने की आवश्यकता है। नवीन चंद्र साह ने कहा, "जिस प्रकार गीता के उपदेश सुनने के बाद अर्जुन ने अपने गांडीव को उठाया और धर्मयुद्ध के लिए तैयार हुए, उसी प्रकार हमें भी राष्ट्र और समाज की रक्षा के लिए संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा।" उन्होंने गीता को एक वैश्विक ग्रंथ बताते हुए कहा कि यह मानव को जीवन के हर संग्राम में साहस और मार्गदर्शन प्रदान करती है। राकेश शर्मा ने मोक्षदा एकादशी के महत्व पर चर्चा करते हुए वैदिक विधि से पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताएं और बहनें उपस्थित रहीं, जिनमें तारानंद साह, संदीप कुमार, सुमन कुमारी, नीलम देवी, रेशमी देवी, मीरा देवी, आराध्या देवी और देवंती देवी प्रमुख थीं।

# जिला परिषद सदस्य ने दुसरे दिन भी प्रखण्ड कार्यालय पर दिया धरना

**मनु कुमार सवांददाता, दैनिक समाज जागरण राजपुर**

राजपुर(रोहतास)ःअंचलाधिकारी की पदस्थापना,प्रखण्ड कार्यालय में घूसखोरी समाप्त करने व बीडीओ द्वारा राजपुर पैक्स अध्यक्ष पर किये गये केस को वापस कराने समेत पांच सूत्री मांग को ले बुधवार को दुसरे दिन भी जिला



परिषद सदस्ये रेशमा कुमारी ने अपने समर्थकों के साथ प्रखण्ड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। जिला परिषद सदस्य ने बताया कि जब तक हमारी मांगे मान नहीं ली जाती अनिश्चित कालीन दिनों तक धरना प्रदर्शन करती रहूंगी। उन्होंने बताया कि धरना प्रदर्शन रोज प्रखण्ड परिसर पहुंचकर एक निश्चित समय तक धरना दिया जा रहा है। जिसमें काफी संख्या में गरीब गुरबा व समर्थक शामिल हो रहे हैं। मौके पर कृष्णा यादव,संजय चौधरी,रमेश पाठक, बबलू कुमार,संगिता देवी, दिनेश चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।

# मोबाइल छीनने वाले युवक को पकड़कर जनता ने पुलिस को सौंपा

**पुष्पा गुप्ता, संवाददाता दैनिक समाज जागरण डेहरी ऑनसोन**

डालमियानगर थाना क्षेत्र में एक युवक की सतर्कता और स्थानीय लोगों की त्वरित कार्रवाई से मोबाइल छीनने वाला व्यक्ति पुलिस की गिरफ्त में आ गया। डी टाइप क्वार्टर के निवासी आकाश कुमार ने इस घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। आकाश ने बताया कि जब वह चुनाभट्ठा से डालमियानगर की ओर साइकिल चलाते हुए मोबाइल पर बात कर रहे थे, तभी एक व्यक्ति पीछे से आया और उनके हाथ से मोबाइल छीनकर भागने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग तुरंत हरकत में आए और भाग रहे व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान कृष्णा कुमार, निवासी मकराइन के रूप में हुई है। पकड़े जाने के दौरान कुछ लोगों ने उसकी पिटाई भी कर दी, जिससे उसे मामूली चोटें आईं। आरोपी के पास से मोबाइल बरामद कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। डालमियानगर पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई शुरू कर दी है।

# घूसखोर बीडीओ को निगरानी बिभाग की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ निगरानी निभाग की टीम ने गया में बड़ा एक्शन लिया है। निगरानी विभाग की टीम ने योजना का लाभ देने के बदले 70 हजार रुपए रिश्वते लेते हुए फतेहपुर के बीडीओ को गिरफ्तार किया है ।दरअसल, गया के फतेहपुर इब्ळ राहुल रंजन उप प्रमुख से योजना के नाम पर पैसे की डिमांड कर रहा था। फतेहपुर प्रखंड के उपप्रमुख रणधीर प्रसाद उर्फ रणधीर यादव से लगभग 80 हजार रुपए की मांग कर रहा था लेकिन 70 हजार रुपए पर डील फाइनल हो गई थी। इब्ळ के लगातार दबाव बनाने के बाद फतेहपुर के उपप्रमुख ने पटना पहुंचकर इसकी शिकायत निगरानी विभाग से की थी ।जांच के बाद निगरानी ने उपप्रमुख के आरोप को सही पाया और घूसखोर बीडीओ को रंगेहाथ गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाया ।बुधवार को निगरानी विभाग की टीम पटना से गया पहुंची और घूसखोर बीडीओ को पकड़ने के लिए ट्रैप लगाया। फतेहपुर का बीडीओ राहुल रंजन जब एसडीओ ऑफिस के पास 70 हजार रुपए रिश्वत ले रहा था, तभी निगरानी विभाग की टीम ने धावा बोल दिया ।निगरानी की टीम ने रिश्वत लेते हुए बीडिओ को रंगेहाथ धर दबोचा। निगरानी की इस एक्शन से हड़कंप मच गया। निगरानी की टीम आरोपी बीडियो से पूछताछ करने के बाद उसे अपने साथ पटना ले गई। जहां उसे निगरानी की स्पेशल कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा।

# बिहार में कांग्रेस ने बढ़ाई आरजेडी की परेशानी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार में अगले साल विधानसभा का चुनाव होना है। इसको लेकर तमाम राजनीतिक दल अपनी-अपनी रणनीति बनाने में लगी हुई है। राजद और जदयू के बड़े नेता बिहार के अलग जगहों पर जाकर जनता के मियाज को भांप रहे हैं। ऐसे में अब महागठंधन में शामिल कांग्रेस ने तेजस्वी यादव की टेंशन बढ़ा दी है। कांग्रेस के तरफ से कहा गया है कि अगले साल में चुनाव में हमें बहुमत मिलती है तो सरकार में कांग्रेस के दो डिप्टी सीएम होंगे। दरअसल, बिहार कांग्रेस के प्रभारी शाहनवाज आलम के ताजा बयान पर बिहार की सियासत गर्म हो सकती है। उन्होंने कहा है कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने पर तेजस्वी यादव को कम से दो दो डिप्टी बनाना चाहिए। यह दोनों नाम कांग्रेस नेता का होना चाहिए। इसमें एक डिप्टी सीएम मुसलमान और दूसरा सामान्य वर्ग से होना चाहिए। वहीं, कांग्रेस प्रभारी के बयान पर जेडीयू की प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस को आज मुसलमान की याद आ रही है, जबकि कांग्रेस पार्टी ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और असम समेत कई राज्यों में मुसलमान की लीडरशिप को खत्म कर दिया। गुलाम नबी आजाद जैसे नेता भी कांग्रेस छोड़कर चले गए। कांग्रेस के दामन पर मुसलमान के कत्ल के दाग हैं। भागलपुर दंगा कांग्रेस के ही शासनकाल में हुआ। बिहार विधानसभा उपचुनाव में मुसलमान ने एनडीए को वोट दिया जिसके बाद कांग्रेस घबराई हुई है। 2025 में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यकों का वोट नीतीश कुमार को जायेगा। कांग्रेस के लुभाने वादे से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। पिछले विधानसभा चुनाव में बिहार कांग्रेस के विधायक की संख्या 19 है। हालांकि सरकार बदलने के बाद कई कांग्रेस के विधायक ने अपना पाला भी बदल लिया था। इसके बाद कांग्रेस के विधायक की संख्या में काफी कमी आई है। जबकि इस बार के उपचुनाव में कांग्रेस राजद के लिए सहयोगी के तौर उतनी मदद नहीं कर पाई। लिहाजा सभी चार सीटों पर एनडीए को बहुमत हासिल हुआ।

# पांच पंचायतों में बिजली समस्याओं के समाधान हेतु शिविर का आयोजन

**मनोज कुमार,व्यूरो रोहतास दैनिक समाज जागरण**

बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए 9 से 14 दिसंबर तक पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर, बिजली आपूर्ति, बिल में त्रुटियों का सुधार, नया कनेक्शन, कृषि कनेक्शन, खराब मीटर और गलत बिलिंग जैसी समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने जानकारी दी कि उपभोक्ताओं से हेल्पलाइन नंबर 1912 और अन्य माध्यमों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिनमें खराब मीटर और गलत बिलिंग मुख्य समस्याएं थीं। इन समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए शिविर के माध्यम से उपभोक्ताओं को राहत देने का निर्णय लिया गया है। उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान शिविर स्थल पर ही करने का प्रयास होगा। यदि कुछ मामलों में तत्काल समाधान संभव नहीं हो पाता, तो सात दिनों के भीतर उनकी समस्याओं का निराकरण कर सुधारित बिल उपभोक्ता को प्रदान किया जाएगा।

**12 दिसंबर को इन पंचायतों में लगेगा शिविरः** बभनौल, अरंग, जमोढ़ी, अगरेर, और तिलई। शिविर में विद्युत विभाग के कर्मचारी, बिलिंग एजेंसी के मीटर रीडर, ई-वॉलेट सेवा और मनी रसीद उपलब्ध रहेगी। उपभोक्ता अपनी शिकायतों के समाधान के साथ-साथ बिल भुगतान भी शिविर में कर सकते हैं। जो लोग अब तक कृषि या घरेलू कनेक्शन नहीं ले पाए हैं, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होकर नए कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# रोहतासः तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग, दो गिरफ्तार

**मनोज कुमार,व्यूरो रोहतास**
**दैनिक समाज जागरण**



रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के कौवाखोंच गांव में तिलक समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सासाराम के डीएसपी वन दिलीप कुमार ने बताया कि घटना की सूचना 10 दिसंबर को मिली थी। इसके बाद करगहर थानाध्यक्ष विजय कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सासाराम के तकिया मोहल्ला निवासी धनु कुमार सोनी और कौवाखोच निवासी चंद्रशेखर प्रधान के रूप में हुई है। इनके पास से एक दो नाली बंदूक, एक राइफल और गोलियां बरामद की गई हैं। डीएसपी ने बताया कि तिलक समारोह जैसे शुभ अवसर पर हर्ष फायरिंग जैसी गतिविधियां कानून के खिलाफ हैं। पुलिस इस तरह की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई कर रही है।

# नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों के साथ किया गया बैठक

**मनु कुमार सवांददाता,दैनिक समाज जागरण राजपुर**

राजपुर(रोहतास)ः प्रखंड के रोतवा पैक्स गोदाम पर नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बैठक बुधवार को पैक्स अध्यक्ष श्रीकांत चौधरी की अध्यक्षतो में आयोजित किया गया। जहा प्रबंध समिति की पहली बैठक में उपस्थित लोगों ने पैक्स अध्यक्ष का फूल माला से स्वागत किया। इस दौरान पैक्स अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित सदस्यों को सम्मानित किया। बिसीओ जर्नादन कुमार ने बताया कि कार्यकारणी समिति की गठन सभी सदस्यों की सहमति से किया गया है। जिसमें धान खरीदी पर विचार-विमर्श समेत खाद वितरण बारे में चर्चा किया गया। इस दौरान पैक्स प्रबंधक उमेश चौधरी, समेत सभी पैक्स सदस्य मौजूद थे।

# लापरवाही का आलमः जान की नहीं, फाइन कटने की रहती है चिंता

### सिर्फ पुलिस से बचने के लिए पहना जाता है हेलमेट

**ओंकारनाथ दूबे, दैनिक समाज जागरण संवाददाता दिनारा**



आजकल जिधर देखो उधर सड़कों पर बाइक सवारों की एक आम तस्वीर नजर आती है—हेलमेट हाथ में लटकाते या बाइक के हैंडल पर टांगते हुए। हेलमेट, जो उनकी जान बचाने के लिए है, उसे सिर्फ चालान से बचने का हथियार बना दिया गया है। सड़क पर पुलिस दिखते ही हेलमेट पहनना और थोड़ी दूरी पर जाकर उतार देना, आम आदत बन गई है। लेकिन इस आदत की कीमत जान देकर चुकानी पड़ रही है।

**युवाओं का नया फैशनः मोबाइल और म्यूजिक**

हेलमेट न पहनने के अलावा, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल पर बात करना या म्यूजिक सुनना जानलेवा बनता जा रहा है। यह एक खतरनाक ट्रेंड बन चुका है, खासकर युवाओं के बीच। डॉक्टरों के मुताबिक, ऐसी आदतें दुर्घटनाओं को दावत देती हैं। सड़क हादसों में सिर और गर्दन की चोटें सबसे ज्यादा घातक होती हैं, जिनसे बचने के लिए हेलमेट बेहद जरूरी है।

**ट्रिपल राइडिंगः खतरे को और बढ़ाती एक और गलती**

ट्रिपल राइडिंग का चलन भी कम खतरनाक नहीं है। एक बाइक पर तीन सवारियां न केवल कानून का उल्लंघन करती हैं, बल्कि गंभीर हादसों का कारण भी बनती हैं। यातायात पुलिस के लगातार प्रयास और चालान काटने के बावजूद यह लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही।

**जुमार्ना और सख्तीः फिर भी नहीं सुधर रही आदतें**

नवंबर महीने में दिनारा और भानस थाना क्षेत्रों में सैकड़ों बाइक सवारों से हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग के लिए लाखों रुपये का जुमार्ना वसूला गया। बावजूद इसके, हेलमेट पहनने को लेकर लोगों की लापरवाही बनी हुई है।

**समाज जागरण की अपील**

हेलमेट कोई बोझ नहीं, बल्कि जिंदगी का साथी है। इसे केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए पहनें। अपनी और अपने परिवार की जिंदगी की कीमत समझें। सड़क पर सावधानी से चलें और यातायात

# फरार चल रहे पांच वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 11 दिसंबर 2024 नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी के दौरान फरार चल रहे पांच एनबीडब्लू वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार व्यक्तियों में थाना क्षेत्र के गमहरिया गांव निवासी वकीलदार सिंह उर्फ




मुन्ना सिंह,दीपनारायण सिंह,जगन्नाथ सिंह, रामजी सिंह और सीताराम सिंह है ।पांचों को गुप्त सूचना पर उनके घरों से गिरफ्तार किया गया है ।थानाध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश ने बताया कि पांचों व्यक्तियों पर कोर्ट से वारंट निर्गत था गिरफ्तारी से बचने के लिए सभी लंबे समय से फरार चल रहे थे ।जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया है ।छापेमारी दल में थानाध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश और एस आई दीपक कुमार एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# बी.एड महाविद्यालय बनासो में तमिल भाषा के महाकवि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती जी का 142वीं जयंती पर "भाषाओं के माध्यम से एकता"विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया!

**राहुल कुमार गुप्ता, संवाददाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**




विष्णुगढ़। बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को साहित्य और समाजसेवा में विशेष योगदान देने वाले तमिल भाषा के महाकवि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती जी का 142वां जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती जी के तस्वीर पर पुष्प माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर पुनः कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीपप्रज्वलन कर किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं ने बारी-बारी से भाषण और उनके लिखे कविताओं की प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार चतुर्वेदी ने अपने सम्बोधन में कहा की "भारती कई भाषाओं के जानकार थे और तमिल भाषा के प्रति उनका जुनून था। उनकी रचनाओं में राजनीतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक विषय शामिल थे"। उपस्थित रहने वालों में सहायक प्राध्यापकगण जिनमें सर्वणा मिश्रा , बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक कुमार झा,वीरेन्द्र देव,शशि भूषण देव, ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा,प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अद्दश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ० अम्बरीश कु० दुबे,डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु० पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार भुवनेश्वर कुमार महतो,संतोष कुमार ,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो ,सौरभ सुमन,प्रकाश कुमार,आजाद ,नाजरा सुनीता सभी सत्रों के प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

# गुम हुए व्यक्ति का तीन दिन बाद कुंए से मिली लाश, हत्या का लगाया आरोप

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ - सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सोड़ो टोला दयालटांड़ गांव के एक कुएं से बुधवार को एक लाश बरामद किया गया। लाश की पहचान दीरीडारी निवासी 32 वर्षीय सुबोध गोप उर्फ घासीया के रूप में किया गया। ईचागढ़ पुलिस लाश मिलने की सुचना पर घटनास्थल पर पहुंचे व लाश को ग्रामीणों के सहयोग से कुआं से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक का पत्नी एक 12 वर्ष की बेटी व 9 वर्ष का बेटा है। लाश कुआं से निकालते ही परिजनों का रोल रो कर बुरा हाल हो गया। पत्नी व गोतनी बेहोश हो गई। गांव में ही दोनों का इलाज किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार वह बीते रविवार को घर से अपना बाइक से फुटबॉल खेल देखने के लिए तिरूलडीह थाना क्षेत्र के पांडर गया था, फिर घर वापस नही लौटा । सुबध गोप ट्रैक्टर चालक का काम करता था। वह रात को फुटबॉल खेल देखकर दोस्तों के साथ दयलाटांढ़ में एक भट्टी पर शराब पीने का जानकारी परिजनों को मिला, लेकिन वह दुसरे दिन भी घर वापस नही लौटा। मृतक की पत्नी कोकिला देवी ने मंगलवार को ईचागढ़ थाना में गुमशुदगी का सनहा दर्ज करायी और सुबह उसकी लाश कुएं से बरामद किया गया। मृतक के भाई अघनु गोप ने बताया कि रविवार को मेला गया था और एक शराब भट्टी में रात को दोस्तों के साथ शराब पीया था। उन्होंने कहा कि चार लोगों ने बड़े भाई का हत्या कर कुआं में डाल दिया है। उन्होंने हत्या कर कुएं में डालने का आशंका जताई है। वहीं थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि थाना में गुमशुदगी का सुचना दर्ज किया गया है और आज लाश बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया गया और हर पहलू पर जांच कर आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।

# भारतीय भाषा उत्सव दिवस रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय मे मनाई गईःविश्रापुर

**समाज जागरण सवादाता दीपक कुमार छत्तरपुर**

पलामूः11 दिसंबर 2024 को रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय बिश्रामपुर पलामू से संबद्ध सहदेव चंद्रवंशी बी.एड.कॉलेज शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार भारतीय भाषा उत्सव दिवस का आयोजन किया गया।भारतीय भाषा दिवस, तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर मनाया जाता है. यह दिन 11 दिसंबर को मनाया जाता है. इस दिन को मनाने का मकसद है,मातृभाषा का प्रचार करना,सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाना,लोगों को और भारतीय भाषाएं सीखने के लिए,प्रोत्साहित करना संस्कृति और कला में विविधता का जश्न मनाना,लोगों को भाषाओं के जरिए राष्ट्र की एकता,




सद्भाव, और अखंडता का अनुभव कराना,यह दिखाना कि भाषा सीखना एक मजेदार और आनंददायक अनुभव हो सकता है।प्राचार्य डॉक्टर नागेंद्र राम की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें कॉलेज की छात्र-छात्राएं व प्राध्यापक गण रोहित तिवारी महबूब आलम डॉक्टर सुभाष कुमार डॉक्टर वंदना सिंह श्रीमती कुसुम देवी श्रीमती शशि कला देवी सुश्री शशि रेशमा कुजूर व सुरेंद्र कुमार पांडे उपस्थित रहे

# गुरुजी से मिले विधायक सविता महतो, लिया आशीर्वाद

**ईचागढ़, चांडिल, कुकड़ू व नीमडीह में जल्द होगा कई सड़को का शीलान्यास**

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ के विधायक सविता महतो बुधवार को रांची स्थित गुरुजी शिबू सोरेन के आवास पर जाकर उनसे भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान विधायक ने पुष्प गुच्छ देकर उन्हें झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर बधाई दिया। इस दौरान विधायक ने गुरुजी शिबू सोरेन से काफी देर तक बातचीत की। इस दौरान विधायक सविता महतो नें कहा जल्द ही ईचागढ़, चांडिल, कुकड़ू व नीमडीह प्रखंड क्षेत्र में कई सड़को का शीलान्यास / भूमिपूजन जल्द होगा। विधायक नें कहा फोदलोगोड़ा काली मंदिर से साहीझरना जामडीह रामगढ़ होते हुए एन एच 33 रोड तक 5.4 किमी पथ की विशेष मरम्मती, पीडब्लूडी पालगम मोड़ से छातारडीह 2.5 किमी तक पथ की विशेष मरम्मती, पीडब्लूडी रोड से चिरुगोड़ा तक 1.5 किमी पथ की विशेष मरम्मती, एन एच 33 से कटिया गांव तक 1.9 किमी पथ की विशेष मरम्मती, कुईडीह से ब्लॉक बॉडर मैसारा तक 5.5 किमी पथ की विशेष मरम्मती, कुंद्रीलोंग से घाटिया तक 2.4 किमी पथ की विशेष मरम्मती, कारकिडीह पुल से रेलवे लाइन तक 3.20 किमी पथ का सुदृढ़ीकरण, जानुम से पलाशडीह तक 1.8 किमी पथ का सुदृढ़ीकरण, झिमड़ी निर्मल महतो चौक से बलराम महतो के घर तक 1.67 किमी पथ का सुदृढ़ीकरण, आरईओ रोड से चौड़ा ग्राम होते हुए सोभा नदी तक 2.20 किमी पथ का सुदृढ़ीकरण, सितु बड़ालापांग पथ से बकारकुड़ी तक 2.9 किमी पथ का सुदृढ़ीकरण, एन एच 32 से कंगलाटांड तक 4.3 किमी पथ का सुदृढ़ीकरण, पीडब्लूडीमेन रोड से डोबो तक 1.6 किमी पथ का सुदृढ़ीकरण, काठजोड़ से कदमझोर तक 5.9 किमी पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य का जल्द भूमिपूजन व शीलान्यास किया जाएगा। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो उपस्थित थे।

# बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा की ब्रीफिंग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिला पदाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा की ब्रीफिंग महानंदा सभागार में आयोजित की गई। ब्रीफिंग में बताया गया कि पूरे बिहार में एकल पाली में दिनांक 13.12.2024 को अपराह्न 12:00 बजे से लेकर 02:00 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में किशनगंज जिला के अंतर्गत लगभग 4944 परीक्षार्थी भाग लेंगे। जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि सभी परीक्षा केंद्रों की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। किशनगंज जिला मुख्यालय में 12 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन केंद्रों में लगातार सीसीटीवी से निगरानी रखी जाए एवं परीक्षा के दिन परीक्षार्थी की चेकिंग, फ्रीस्किंग, बायोमेट्रिक सत्यापन सुनिश्चित की जाए ताकि आयोग के नियमानुसार कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा का आयोजन संपन्न हो सके। परीक्षा केंद्र में मोबाइल ले जाने हेतु पूरी तरह से पाबंदी लगाई गई है। ब्रीफिंग बताया गया कि सर्दी के मौसम को देखते हुए केंद्र पर लाइट की समुचित व्यवस्था की जाए इसके लिए एक वैकल्पिक व्यस्था हेतु सभी केंद्राधीक्षक से जेनरेटर की व्यवस्था करवाने का भी निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी केंद्राधीक्षक को निदेश दिया कि नियमसंगत परीक्षार्थी के सामने ही प्रश्न पत्र खोला जाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सीटिंग प्लान की भी ब्रीफिंग की गई। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के डेढ़ घंटा पूर्व यथा 10:30 बजे पूर्वाह्न से प्रवेश की अनुमति फ्रिस्किंग के पश्चात दी जाएगी। प्रतिनियुक्ति महिला दंडाधिकारी/महिला पुलिस बल महिला परीक्षार्थी की तलाशी करेंगी एवं पुरुष दंडाधिकारी/पुरुष बल पुरुष परीक्षार्थी की तलाशी सुनिश्चित करेंगे। परीक्षार्थी को 11:00 बजे पूर्वाह्न के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी मजिस्ट्रेट और पर्यवेक्षक सेंटर पर जाकर सुनिश्चित करेंगे कि वहां साफ सफाई , पानी की उचित व्यवस्था है या नहीं। यदि नही है तो इसकी व्यवस्था करवाएंगे। सभी केंद्र के 200 मीटर के दायरे में कोई भी ना रहेंगे तथा फोटो स्टेट दुकान, इंटरनेट की दुकान एवं अन्य दुकानें भी बंद रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने निदेश दिया कि सभी पुलिस पदाधिकारी/मजिस्ट्रेट अपने केंद्र पर समय से पहले पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। ब्रीफिंग में बताया गया कि इस तरह के परीक्षा से सरकार की छवि पर असर पड़ता है इसी कारण इसे संवेदनशीलता के साथ सदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न करना है साथ ही बहुत ही संवेदनशीलता के साथ अपनी ड्यूटी भी करना है। कुछ कोचिंग इंस्टीट्यूशन के द्वारा नॉर्मलाइजेशन के विषय को मुद्दा बनाते हुए प्रमुख शहरों में प्रदर्शन इत्यादि किए गए। इसमें एंटी सोशल एलिमेंट्स चाहेंगे कि किस प्रकार एग्जाम के प्रक्रिया को बाधित किया जाए। इससे सतर्क होकर शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराना है। बैठक में पुलिस अधीक्षक सागर कुमार, डीडीसी स्पर्श गुप्ता, एडीएम अमरेंद्र कुमार पंकज, एसडीओ लतीफुर रहमान, डीईओ, एवं ब्रजेश कुमार वरीय उप समाहर्ता, पुलिस पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक एवं अन्य पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

# गाछपाड़ा एचडब्ल्यूसी को एनक्वास प्रमाणीकरण की तैयारीः स्वास्थ्य सेवाओं में नई क्रांति की ओर एक और कदम

**एनक्वास प्रमाणीकरणः ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता की गारंटी 'गुणवत्ता सेवाओं के लिए प्रतिबद्धता'- सिविल सर्जन 'स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव की जरूरत'- जिला पदाधिकारी**




**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

11 दिसंबर।ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता सुधारने और स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और विश्वसनीय बनाने के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) प्रमाणीकरण एक महत्वपूर्ण पहल है। यह प्रमाणन केंद्रों में स्वच्छता, मरीजों की सुविधा, आधुनिक चिकित्सा उपकरण, और कुशल स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करता है। गाछपाड़ा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी), किशनगंज जिले के किशनगंज प्रखंड में स्थित है, जिसे 21 दिसंबर को राज्यस्तरीय एनक्वास प्रमाणीकरण के लिए निरीक्षण के तहत रखा गया है। 'गुणवत्ता सेवाओं के लिए प्रतिबद्धता'- सिविल सर्जन सिविल सर्जन, डॉ. राजेश कुमार ने कहा, "एनक्वास प्रमाणीकरण न केवल केंद्र की विश्वसनीयता बढ़ाता है, बल्कि इससे मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करना भी सुनिश्चित होता है। गाछपाड़ा एचडब्ल्यूसी को एक मॉडल हेल्थ सेंटर के रूप में स्थापित करने के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं।" गाछपाड़ा एचडब्ल्यूसी किशनगंज जिले के उन सुदूर इलाकों में से एक है, जहां सीमित संसाधनों के बावजूद प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती रही हैं। एनक्वास प्रमाणीकरण से यह सुनिश्चित होगा कि इस केंद्र को बेहतर संसाधन, आधुनिक चिकित्सा उपकरण और कुशल स्वास्थ्यकर्मियों की सेवाएं मिलें। यह प्रमाणीकरण ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करेगा, जिससे जटिल बीमारियों का इलाज भी स्थानीय स्तर पर संभव हो सकेगा।

**'स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव की जरूरत'- जिला पदाधिकारी**

जिलाधिकारी, विशाल राज ने इस पहल को ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए एक अहम कदम बताया। गाछपाड़ा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का एनक्वास प्रमाणीकरण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, "एनक्वास प्रमाणीकरण से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उनके द्वार पर मिले। गाछपाड़ा एचडब्ल्यूसी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।" छोटे-बड़े इलाज के लिए दूरस्थ शहरों का रुख नहीं करना पड़ता है सीएचओ राकेश बर्मन ने बताया की गाछपाड़ा एचडब्ल्यूसी में ग्रामीण मरीजों को उन्नत तकनीक और सुविधाओं से युक्त स्वास्थ्य सेवाएं मिलती है । वही ग्रामीणों को छोटे-बड़े इलाज के लिए दूरस्थ शहरों का रुख नहीं करना पड़ता है । केंद्र में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है । बेहतर चिकित्सा उपकरण और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता से आपातकालीन स्थितियों का त्वरित समाधान होता है ।एवं सप्ताह के तीन दिन टीकाकरण की सुविधा भी उपलब्ध है।

**गाछपाड़ा एचडब्ल्यूसी की तैयारियां जोरों पर**

जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ मुनाजिम ने बताया की गाछपाड़ा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को एनक्वास मानकों के अनुरूप बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन लगातार काम कर रहे हैं। निरीक्षण से पहले केंद्र में साफ-सफाई, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, और स्टाफ प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्यस्तरीय टीम के निरीक्षण में सभी बिंदुओं पर ध्यान देने की योजना है।ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश सिविल सर्जन डॉ राजेश कुमार ने बताया की जिलाधिकारी विशाल राज की नेतृत्व में यह पहल किशनगंज जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करेगा, बल्कि ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाएगा। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को यह समझने का मौका मिलेगा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उनकी जीवनशैली और स्वास्थ्य में कैसे सुधार कर सकती हैं। स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत करने से न केवल मरीजों का समय और पैसा बचेगा, बल्कि उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान त्वरित और प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

# छातापुर में संगठन को मजबूती देने के लिए वीआईपी पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**पनोरमा ग्रुप के निदेशक संजीव मिश्रा के वीआईपी पार्टी में शामिल होने के बाद, कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प**



**समाज जागरण छातापुर ।**

बिहार की राजनीति में अपनी मजबूत पहचान बनाने वाली विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) ने आज छातापुर विधानसभा क्षेत्र में संगठन को और मजबूत करने के लिए एक अहम बैठक का आयोजन किया। पनोरमा ग्रुप के निदेशक संजीव मिश्रा के वीआईपी पार्टी में शामिल होने के बाद इस बैठक का विशेष महत्व था। बैठक पनोरमा हॉस्पिटल के प्रांगण में हुई, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय और स्थानीय पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक की शुरूआत करते हुए राष्ट्रीय युवा परिषद के अध्यक्ष चंदन कुमार साहनी ने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, "वीआईपी पार्टी का हर कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक मजबूती से खड़ा करना है। एनडीए सरकार की विफलताओं के कारण अब जनता ने बदलाव की ओर कदम बढ़ाया है, और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस अवसर का सही इस्तेमाल करें। आगामी चुनाव में वीआईपी पार्टी को बूथ स्तर पर सबसे ताकतवर संगठन बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है।" इसके बाद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव चौधरी ने संगठन के महत्व पर जोर दिया और कहा, "वीआईपी पार्टी की सफलता का श्रेय हमारे समर्पित कार्यकताओं को जाता है। हमारे नेताओं के निरंतर प्रयासों के कारण ही पार्टी इस मुकाम तक पहुंची है। अब समय आ गया है कि हम इस जीत को और मजबूत करें और हर क्षेत्र में अपनी पकड़ को और अधिक मजबूत करें।" बैठक में पार्टी की संगठनात्मक संरचना, आगामी चुनावों के लिए रणनीतियों और कार्यकताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं के साथ विमर्श कर एक विस्तृत योजना बनाई गई, ताकि विधानसभा क्षेत्र में संगठन को अधिक ताकत दी जा सके। इस दौरान कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई, जिनसे कार्यकताओं में नया जोश और उत्साह देखने को मिला। बैठक में वीआईपी पार्टी के शंभु कुमार मुखिया, संजय मुखिया, उमेश साहनी, पवन साहनी, चंदन साहनी, रंभू मुखिया, राजेश मुखिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में लिए गए फैसलों और रणनीतियों ने पार्टी कार्यकताओं को आगामी चुनावों के लिए और अधिक उत्साहित किया।

# अररिया में सड़क सुरक्षा को लेकर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठंड के मौसम में विशेष उपायों पर चर्चा**



**समाज जागरण अररिया ।**

जिला पदाधिकारी अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन की संयुक्त अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित आत्मन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा को बढ़ाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। ठंड के मौसम में बढ़ते कुहासा के कारण दुर्घटनाओं की संभावना को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी थानाध्यक्ष और टोल प्लाजा के प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे टोल पार करने वाले उन सभी वाहनों को, जिनके आगे और पीछे रेडियम रिफ्लेक्टर नहीं लगे हैं, उन्हें रिफ्लेक्टर लगाने के लिए कहें। विशेष रूप से ट्रैक्टर, टेंपो, ट्रक और अन्य व्यावसायिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर की कमी दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। इस दिशा में जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, जिलाधिकारी ने ठलअक् फ्ठऊ और ग्रामीण कार्य विभाग को सड़क पर साइनेज बोर्ड, व्हाइट स्ट्रिप्स और रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क पर सफाई और व्हाइट मार्किंग की नियमित सफाई की भी आवश्यकता जताई, ताकि यातायात में कोई भी अवरोध न हो। पुलिस अधीक्षक श्री अमित रंजन ने यह भी निर्देशित किया कि जिले में माह में कम से कम दो बार एक विशेष अभियान चलाया जाए, जिसमें सभी थाना, यातायात पुलिस और परिवहन विभाग एक साथ मिलकर सड़कों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी बताया गया कि जिले में सभी अवैध कटों की पहचान कर ली गई है। इन अवैध कटों को बंद करने के लिए जिला प्रशासन ने ठलअक और फ्ठऊ को निर्देशित किया, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को कम किया जा सके। इस बैठक में सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया और फारबिसगंज, जिला परिवहन पदाधिकारी अररिया, एनएचआई के अधिकारी सहित पुलिस और अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# मॉडर्न स्पोर्ट क्लब ने आदिवासी युवा क्लब गोलाबारी को 6-2 से हराया

**फुटबॉल टूनार्मेंट के तीसरे मैच में शानदार जीत दर्ज, मैन ऑफ द मैच बने दिलीप कुमार**

**15 दिसम्बर 2024 को नेताजी सुभाष स्टेडियम में खेला जाएगा आखिरी मैच**

**समाज जागरण अररिया ।**

मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब अररिया ने अपनी शानदार प्रदर्शन से फुटबॉल टूनामेंट के तीसरे मैच में आदिवासी युवा फुटबॉल क्लब गोलाबारी (फारबिसगंज) को 6-2 से हराया। यह मैच अररिया के नेताजी सुभाष स्टेडियम में खेला गया, जहां दर्शकों ने मैच का पूरा आनंद लिया। इस रोमांचक मैच में मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब ने आदिवासी युवा क्लब को एकतरफा मुकाबले में शिकस्त दी। मैच में निर्णायक की भूमिका बबलू मरांडी, अजय मरांडी और सदरे आलम ने निभाई, जबकि चांद आजमी ने कमेंटेटर की भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि के रूप में मनोज बड़ेरिया और विनायक एकेडमी के निदेशक इस मैच में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता टीम को शिल्ड प्रदान की और फुटबॉल के प्रति अररिया की दीवानगी की सराहना की। उन्होंने कहा कि अररिया फुटबॉल की धरती है और यहां के लोग इस खेल को बहुत पसंद करते हैं। मैन ऑफ द मैच का खिताब मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब के युवा खिलाड़ी दिलीप कुमार को दिया गया, जिन्होंने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इस टूनामेंट को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष सत्येंद्र शरण, सचिव इश्तियाक आलम, पीआरओ तंजील अहमद झुन्नू, जकी अख्तर अंसारी, सिकंदर पासवान, वकार अहमद, ताबिश नूर, अरिब सिद्दिकी और अन्य क्लब सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आखिरी मैच (फाइनल) रविवार, 15 दिसम्बर 2024 को नेताजी सुभाष स्टेडियम में खेला जाएगा।

# जागरूकता सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन महिला सशक्तिकरण कार्यालय में, किशोर-किशोरी को दिया गया प्रशिक्षण

**समाज जागरण सरफराज आलम**

लखीसराय !जिला मुख्यालय के सदर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित महिला सशक्तिकरण कार्यालय भवन में बुधवार को महिला एवं बाल विकास निगम के जिला परियोजना प्रबंधक डॉ मनोज कुमार सिन्हा के अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास निगम व यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में उड़ान परियोजना के अंतर्गत बाल रक्षा भारत के सहयोग से जागरूकता सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमें सदर प्रखंड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पंचायत के गांव के किशोर-किशोरी को सशक्त व मजबूत बनाने के लिए 21वीं सदी के कौशल ऑन लाइन व ऑफ लाइन प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया. डीपीएम मनोज कुमार ने 21वीं सदी के कौशल से तात्पर्य ज्ञान, जीवन कौशल, कैरियर कौशल, आदत एवं गुणपर विस्तार से चर्चा किया.जबकि आरिफ हुसैन ने कहा कि विभिन्न कम्पनी एवं सरकारी संस्था को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर युवा विशेषकर महिला को रोजगार एवं कौशल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से यूथ हब ऐप बनाया है, साक्षरता कौशल, शिक्षण कौशल, जीवन कौशल मीडिया एवं प्रौद्योगिकी कौशल पर विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया. केंद्र प्रशासक पूनम कुमारी ने बाल विवाह, दहेज प्रथा के विरुद्ध व फ्रॉड कॉल पर विस्तार से जानकारी दिया. उससे निजात के लिए टोल फ्री 181 नंबर के बारे में बताया। 1098, 181, 112, बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल श्रम, नशा, दहेज प्रथा के विरुद्ध आवाज उठाने पर जोर दिया.लैंगिक विशेषज्ञ नवीन कुमार ने समुदाय में लिंग आधारित भेदभाव, लैंगिक हिंसा एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को रोकने के लिए किशोरियों की आधुनिक शिक्षा एवं कौशल से जुड़ने की बात कही. प्रखण्ड समन्वयक सत्य प्रकाश ने बच्चों को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने एवं पॉक्सो एक्ट का जानकारी दिया. मौके पर विकास मित्र परमानंद मांझी, आरती, सुरेन्द्र कुमार मांझी, शैला देवी एवं सविता कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे.

# राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा का लखीसराय दौरा 14 दिसंबर को

**समाज जागरण सरफराज आलम**

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा अपने आठवें चरण के बिहार यात्रा के दौरान मुंगेर जाने के



क्रम में लखीसराय मे भी विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे. उपरोक्त जानकारी देते हुए मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद कुशवाहा ने बताया कि इस दौरान हलसी प्रखंड के ग्राम गौरा ग्राम के निवासी पूर्व पैक्स अध्यक्ष स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा का अकस्मात निधन हो जाने पर पिडित परिवार से मिलेगे।वहां से प्रस्थान करते हुए अतिभि गृह लरखीसराय में प्रेस वार्ता करेंगे। वार्ता के बाद कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे. इसके पश्चात सूर्यगढ़ा प्रखंड कजरा थाना क्षेत्र अरमा, लय के विभिन्न कार्यक्रम में शिरकत करेंगे. वहीं से सीधे मुंगेर में कार्यक्रम के लिए प्रस्थान करेंगे. पार्टी के सभी नेता कार्यकर्ता द्वारा अपने पार्टी के संस्थापक नेता के जोरदार स्वागत को तैयारी की जा रही है.

# मोक्षदा एकादशी के दिन सियाराम बाबा ने त्यागा अपना देह

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला प्रभारी शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। मध्य प्रदेश के निमाड़ की आन बान शान संत शिरोमणि सियाराम बाबा का 110 वर्ष की आयु मे मोक्षदा एकादशी पर प्रातः 6:10 बजे देवलोक गमन हो गया है। महाकाल भक्त मंडल द्वारा उनके निधन पर शोक व्यक्त किया गया। महाकाल भक्त मंडल ने ईश्वर से प्रार्थना की बाबा को अपने परमधाम में स्थान दें व उनके अनुयायियों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। महाकाल भक्त मंडल के संस्थापक अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए बताया कि बाबा हनुमान जी के परम भक्त थे तथा वर्ष 1933 से नर्मदा किनारे रहकर तपस्या कर रहे थे। 10 साल तक खड़े रहकर मौन तपस्या की। वे करीब 70 साल से रामचरित मानस का पाठ भी कर रहे थे। मौसम कैसा भी हो लंगोट के अलावा कुछ नहीं पहनते थे। शोकसभा में सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, आदित्य अग्रवाल, देवेंद्र प्रजापति, आकाश भटनागर, प्रदीप कुमार, अमित चौहान, सागर कुमार, आयुष चंद्रा, तुषार अग्रवाल, पुलकित बिश्नोई, तरुण प्रजापति, रोहित अग्रवाल, ऋषभ कुमार, विपिन कश्यप, हर्ष शर्मा, सौरभ कश्यप, हनी, रजत आदि रहे।



# छात्राओं को पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया

**दैनिक समाज जागरण**
**अजमल अंसारी**

जनपद बिजनौर किरतपुर। ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम बेगमपुर शादी के राजकीय इंटर कॉलेज के स्टूडेंट व पुलिस कैडेट के नोडल अधिकारी शाकिर हुसैन ने स्टूडेंट पुलिस केडेट के छात्र एवं छात्राओं को किरतपुर थाने का भर्मण कराया छात्राओं को थाना प्रभारी जय भगवान सिंह ने सायबर क्राइम एव सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया,

थाना किरतपुर पुलिस म0आ0 रीना सैनी एवं आँचल द्वारा मिशन शक्ति अभियान रोस्टर के अंतर्गत पुलिस केडेट के छात्र एवं छात्राओं को नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया और विस्तार से बताया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1090 वूमेन पावर लाइन 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 102 स्वास्थ्य सेवा 108 एंबुलेंस सेवा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 112 पुलिस आपातकालीन सेवा 181 महिला हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया व महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। शासन की विभिन्न योजनाओं से स्टूडेन्ट पुलिस केडेट के छात्रों एवं छात्राओं को अवगत कराया गया। और उनसे कहा गया कि आप अपने मोहल्ले एवं अपने गांव में पूरी जानकारियों को साझा करें और अपने विद्यालय में इसके बारे में विस्तार से बताएं साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के विषय में भी जानकारी दी गई थाना प्रभारी ने SPC की छात्रा गुलनाज को एक दिन की थाना प्रभारी बना कर उनके मनोबल को बढ़ाया और समस्याओं का समाधान कराया सस्त थाना स्टॉफ ने रढउ के छात्रों के साथ जानकारी साझा की। राजकीय इंटर कॉलेज बेगमपुर शादी के नवनीत कुमार और श्रीमती उपासना थाना भर्मण में साथ रहे।साथ ही रढउ के छात्र अर्पण,गुलनाज,सुमेरा, सानिया, अंशुल, दिव्यांशु आदि ने भी सायबर क्राइम,मिशन शक्ति,यातायात, आदि से संबंधित प्रोग्राम प्रस्तुत किये। एस एसआई योगेंद्र शर्मा एसआई शिव कुमार आदि भी प्रोग्राम में शामिल रहे।



# एफ0आर0 इंटर कॉलेज में आऊटरीच कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## छात्र-छात्राओं को दी गयी आयकर से जुड़ी जानकारी

**दैनिक समाज जागरण**

चन्दौसी। एफ. आर. इंटर कॉलेज चंदौसी में आयकर विभाग द्वारा आऊटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आयकर अधिकारी चंदौसी, एम0एम0 अब्बास द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि डायरेक्ट टैक्सेस में इनकम टैक्स सरकार की आमदनी का एक मुख्य जरिया है! दिन-व-दिन आयकर दाताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है !इसके साथ ही नए रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं। छात्र-छात्राएं आयकर से जुड़े व्यवसाय को अपना सकते हैं, अपने कैरियर की शुरूआत इनकम टैक्स प्रेक्टिस से कर सकते हैं। छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस फील्ड में अच्छे कैरियर ऑप्शन है। प्रत्येक करदाता आयकर रिटर्न भरता है उसका हिसाब किताब रखने के लिए प्रोफेशनल्स की आवश्यकता होती है! आज आयकर की सारी प्रक्रियाएं ऑनलाइन हो चुकी है ,इस कारण से प्रशिक्षित व्यक्ति ही आयकर प्रक्रियाओं को समझ सकता है अतः छात्रों को इसमें कैरियर बनाना एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है! छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा की मेहनत और लगन से पढ़ाई करें तभी आपको कामयाबी हासिल हो सकती है! प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम का संचालन मौहम्मद एजाज ने किया। कार्यक्रम में अब्दुल शरीक, शफीक मियां आदि अध्यापकगण मौजूद रहे।




# गीता मात्र आध्यात्मिक ग्रंथ ही नहीं है अपितु उपदेशों का जीवंत स्वरूप है- राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र

**दैनिक समाज जागरण**

चन्दौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में गीता जयंती श्री राधा कृष्ण मंदिर में धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने देवी देवताओं एवं श्री मद भगवत गीता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मिश्र ने कहा कि द्वापर युग में आज से पांच हजार एक सौ इकसठ साल पहले भगवान श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र के मैदान में मार्गशीर्ष मास की शुक्ल पक्ष की मोक्षदा एकादशी को अपने प्रिय शिष्य अर्जुन को श्री मद भगवत गीता का उपदेश दिया। गीता - वेदों एवं उपनिषदों का सरल भाषा सार है। गीता मात्र आध्यात्मिक ग्रंथ ही नहीं है अपितु उपदेशों का जीवंत स्वरूप है। भगवान श्री कृष्ण कुरुक्षेत्र के युद्ध मैदान में जब कौरवों और पांडवों की सेनाएं एक दूसरे के सम्मुख खड़ी थीं तब अर्जुन ने प्रतिपक्ष में अपने सभी स्वजनों को देखकर युद्ध त्यागकर अपनी पराजय स्वीकारने की बात श्री कृष्ण से कही। श्री कृष्ण ने तब उपदेश करते हुए कहा कि मनुष्य को कर्म करना चाहिए फल इच्छा के बिना। यही निष्काम कर्म कहलाता है। हे अर्जुन! अगर युद्ध में विजयी होते हो तब पृथ्वी पर सुख भोग करोगे और वीरगति को प्राप्त हुए तो स्वर्ग मिलेगा। हे पार्थ! आत्मा अजर अमर है इसे अग्नि जला नहीं सकती, वायु सुखा नहीं सकती और पानी इसे गला नहीं सकता। शरीर जीर्ण शीर्ण होने पर यह उसे त्याग कर नया शरीर धारण करती है जैसे मनुष्य पुराना वस्त्र बदल कर नया वस्त्र पहन लेता है। हे अर्जुन! तू काम, क्रोध, लोभ से मुक्त रहकर निष्काम कर्म कर। गीता में इंद्रियों के संयम से लेकर शांति, मोक्ष प्राप्ति तक का सभी महत्वपूर्ण ज्ञान समाहित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकिशोर अग्रवाल (एडवोकेट) ने की, संचालन बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी (नगर महामंत्री ने किया। विशिष्ट अतिथि शहर के गणमान्य नागरिक एवं प्रबुद्ध जन रहे। व्यवस्थापक कल्पना अग्रवाल रही। कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा रहे। इस दौरान रामकिशोर अग्रवाल एडवोकेट, बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी (नगर महामंत्री), सच्चिदानंद शर्मा (नगर अध्यक्ष), देवेन्द्र प्रसाद शर्मा (पूर्व प्रवक्ता), अनिल कुमार शर्मा, दिनेश चंद्र गुप्ता (पूर्व बैंक मैनेजर), कल्पना अग्रवाल, भावना गुप्ता, डॉक्टर जितेन्द्र वर्मा, सौरभ अग्रवाल, सुलोचना शर्मा,मुस्कान शर्मा, आयुष शर्मा, ऋतिक वार्ष्णेय, प्रिंस वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के द्वारा विकासखंड पवांसा के पीएम श्री विद्यालय अतरासी का निरीक्षण किया।

**दैनिक समाज जागरण**

पंवासा/संभल।जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के द्वारा विकासखंड पवांसा के पीएम श्री विद्यालय अतरासी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को चैक करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि 31 दिसम्बर तक निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए।

निरीक्षण के दौरान कंसल्टेंट जेई एवं टी ए अनुपस्थित पाए गए जिसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागीय कार्रवाई संज्ञान में लाई जाए। विद्यालय की प्रगति कम पाए जाने को लेकर आर ई डी जेई को कारण बताओं नोटिस जारी कराने के लिए निर्देशित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकास खंड पवांसा के पी. एम. श्री विद्यालय धुरैटा का निरीक्षण किया। विद्यालय के निर्माण कार्य को 31 दिसंबर तक पूर्ण करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने पोषण वाटिका एवं एजुकेशन पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया।कार्य की गति धीमी पाए जाने को लेकर खंड विकास अधिकारी पवांसा एवं खंड शिक्षा अधिकारी पवांसा को कारण बताओं नोटिस जारी करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विकासखंड अधिकारी जब तक पीएम श्री विद्यालय का कार्य पूर्ण नहीं हो जाता तब तक जन सामान्य की शिकायत पीएम श्री विद्यालय में सुने।

# 15 दिसंबर को होगा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नगीना। तहसील क्षेत्र के ग्राम हरगनपुर के श्री गांधी इन्टर कॉलेज के ग्राउंड में दिनांक 15 दिसम्बर को चतुर्थ स्व रक्ष पाल सिंह स्मृति जनपद स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन विवेकानन्द दिव्य खेल भारती के द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने बताया कि प्रतियोगिता में 12 वर्ष से कम बालक व बालिका 100, 200 व 400 मीटर 17 वर्ष से कम बालक बालिका वर्ग में 100, 200, 400 व 800 मीटर ओपन बालक वर्ग 3000 मीटर पंजीकरण शुल्क एक वर्ग में 50 रूपए एवं दो या दो से अधिक वर्ग में प्रतिभाग करने पर100 रूपए रखा गया है।

पंजीकरण 14 दिसंबर तक कराये जा सकते हैं। पंजीकरण हेतु अरविन्द अहलावत 8218939833 व शरद कुमार सिंह 7533829171 मोबाइल नंबर पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# पी एम किसान डबल पंजीकृत कृषक समाधान हेतु उपलब्ध कराये अपने अभिलेख

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला प्रभारी शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर बिजनौर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत ऐसे लाभार्थी जिनका डबल पंजीकरण होने के कारण भुगतान पोर्टल द्वारा रोक दिया गया था। इस समस्या के निराकरण हेतु भारत सरकार द्वारा समाधान उपलब्ध कराया गया है तथा कृषि निदेशालय लखनऊ द्वारा निम्न प्रक्रिया निधारित की गई है।

उप कृषि निदेशक गिरीश चन्द्र ने बताया कि पंजीकृत कृषक को लिखित विकल्प पत्र देना होगा कि उसे किस पंजीकरण संख्या के डाटा को एक रखना है एवं किस पंजीकरण संख्या के डाटा को इनएक्टिव कराना है। पंजीकृत कृषक द्वारा जिस पंजीकरण संख्या को इनएक्टिव कराए जाने का विकल्प दिया गया है। यदि उस पंजीकरण संख्या पर योजना के अंतर्गत किस्त की धनराशि प्राप्त हुई है तो उस पंजीकरण पर प्राप्त संपूर्ण धनराशि को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाता धारक Director Agriculture & Finance Controller UP, खाता संख्या 40279688625, IFSC SBIN 0010173, शाखा ठइफक्र लखनऊ में NEFT के माध्यम करते हुए UTR NO/ Transaction no का साध्य उपलब्ध कराना होगा। पंजीकृत कृषक को घोषणा पत्र तहसील से सत्यापित खतौनी की प्रति, पति-पत्नी दोनों के आधार तया जमा की गई धनराशि के UTR NO/ Transaction no की प्रति सहित समस्त आवश्यक अभिलेख न्याय पंचायत पर तैनात कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी को उपलब्ध कराये।

जनपद के समस्त डबल पंजीकृत कृषको से अनुरोध है कि डबल पंजीकरण के समाधान हेतु उपरोक्त निर्धारित प्रक्रियानुसार अपने समस्त आवश्यक अभिलेख न्याय पंचायत पर तैनात कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी को उपलब्ध कराये ताकि शीघ्र अतिशीघ्र अभिलेखों को आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्च स्तर को प्रेषित किये जा सके।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन द्वारा जीएसटी विभाग अधिकारियो के माध्यम से व्यापारियो के नवीन पंजीकरण हेतु कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला प्रभारी शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नजीबाबाद के द्वारा जीएसटी विभाग नजीबाबाद के अधिकारियों के माध्यम से व्यापारियों के नवीन पंजीकरण करने हेतु एक कार्यक्रम लाहोटी मार्केट स्टेशन रोड पर आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री कपिल सर्राफ जी द्वारा की गई कार्यक्रम में जीएसटी के अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह डीसी फर्स्ट डॉक्टर संगीता जी डीसी सेकंड श्री रन विजय सिंह जी ऐ सी श्री संतोष वर्मा जी श्री राजपाल जी ने व्यापारियों को पंजीकरण के लाभ सरकार की योजनाएं जिससे व्यापारियों को लाभ मिलेगा जैसे इंश्योरेंस एवं बैंक से लोन पंजीकृत व्यापारी पूरे देश में कहीं से भी माल ला सकता है तथा पंजीकरण के बाद निर्भीक रूप से कार्य करता है तथा पंजीकरण बिना शुल्क ऑनलाइन करने के संबंध में विस्तार से बताया तथा कहा की जीएसटी कार्यालय में हेल्पलाइन डेस्क बनी हुई है जिसके माध्यम से व्यापारी सरलता पूर्वक पंजीयन करा सकता है तथा अपनी समस्या को समाधान करा सकता है श्री शैलेंद्र सिंह जी जीएसटी विभाग के डीसी फर्स्ट डॉक्टर संगीता जी डीसी सेकंड सीधी रणविजय सिंह जी श्री संजीव महेश्वरी एडवोकेट जिला कानूनी सलाहकार डॉक्टर राजीव अरोड़ा प्रदेश संगठन मंत्री शाहिद सिद्दीकी रहीश कुरैशी जिला महामंत्री विपिन अग्रवाल नगर अध्यक्षश्रीमती सुमन वर्मा ने जीएसटी के विषय में अपने विचार रखें तथा अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया नगर महामंत्री शाहिद सिद्दीकी ने सभी अधिकारियों एवं व्यापारियों का धन्यवाद दिया इस मौके पर शेर अली नईम टाटा मोनू राजपूतअंकन गोयल श्रीमती सुमन वर्मा सर्वेश अग्रवाल मो आजाद सहित सैकड़ो व्यापारी मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री शाही सिद्दीकी ने किया



# वीनस शुगर मिल द्वारा किसानों को गन्ना मूल्य का किया जा रहा साप्ताहिक भुगतान

**दैनिक समाज जागरण**

चन्दौसी। पेराई सत्र 2024-25 की शुरूआत से ही वीनस शुगर मिल किसानों को गन्ना मूल्य का साप्ताहिक भुगतान कर रही है। उसी क्रम में वीनस शुगर मिल ने बुधवार को दिनांक 29 नवंबर से 5 दिसंबर तक का कुल 6 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान किसानों को कर दिया है। वीनस ग्रुप के सीईओ अनुपम कुमार सिंह ने बताया कि शुगर मिल अब तक 24 करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान किसानों को कर चुकी है। उन्होंने दावा किया कि आगे भी भुगतान प्रक्रिया इसी प्रकार जारी रहेगी।

दूसरी ओर जीएम केन शाहिद खान ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अब वे रेड रॉट ग्रसित गन्ना प्रजाति 0238 की बजाय उन्नतशील प्रजाति सीओएस-13235, सीओ-118, सीओएलके-14201, सीओ-15023 और सीओएस-17231 की बुवाई करें। उन्होंने कहा कि किसान गन्ने के साथ गेहूं की बुवाई भी करें ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। डीजीएम केन सरदार गुरवचन सिंह ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान अपने गन्ने की आपूर्ति कोल्हू व क्रेशर की बजाय चीनी मिल को करें जिससे किसानों के बेसिक कोटे में वृद्धि होगी और आगामी पेराई सत्र में पर्ची संबंधित दिक्कतों का सामना नहीं करना पडेगा। इस मौके पर सुशील कुमार, महबूब अली, जतिन गौतम, सूरजभान, राशिद अली, महेश बाबू, विवेक, विनोद यादव, अमित तोमर, आनंद पाल, भगवान सिंह, कुंवरपाल, सुरजीत सिंह आदि बडी संख्या में किसान मौजूद रहे।



# मानवाधिकार संघ ने सेवनिवृत्त पुलिस कर्मियों का सम्मान करके मनाया मानवाधिकार दिवस

**दैनिक समाज जागरण**

चन्दौसी। अधिकारों की तुलना में कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु आमजन को जागरूक करने वाली संस्था मानवाधिकार संघ के तद्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष में फुब्बारा चौक स्थित महिलाल बिल्डिंग में राजू बनर्जी के आवास पर विचार गोष्ठी के उपरांत पूर्व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी महानुभूवों को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए मानवाधिकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहां कि हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं के महत्व को समझें तथा उसकी रक्षा करने में अपना योगदान दें साथ ही साथ अधिकारों की तुलना में हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए क्योंकि कर्तव्यों में ही अधिकार निहित है ।प्रदेश संयोजक अशवनी शर्मा ने कहा कि मानव अधिकारों का अर्थ उन सभी अधिकारों से है जो व्यक्ति के जीवनयापन, स्वतंत्रता, समानता एवं प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं ।हरीश कठेरिया ने बताया कि व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा के लिए उन्हें संगठन के द्वारा कार्यशाला का आयोजन कर जागरूक करने का कार्य करना चाहिए जिससे कि वह अपने प्रति हो रहे शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने में सक्षम हो सके। कार्यक्रम अध्यक्ष रहे पूर्व इंस्पेक्टर हरदयाल सिंह ने कहा कि मानवीय मूल्यों का महत्व जितना ज्यादा होगा समाज का निर्माण उतना ही बेहतर होगा।

तुमुल विजय ने कहा कि शिक्षा मानव विकास की मूलभूत आवश्यकता है यह समग्र मानव विकास का समर्थन करती है शिक्षा के जरिए व्यक्ति में विवेक, ज्ञान,समझ और समर्पण की भावना विकसित होती है उचित शिक्षा के माध्यम से ही किसी देश को मजबूत बनाया जा सकता है। कार्यक्रम मे सेवनिवृत्त पुलिस कर्मियों में इंस्पेक्टर हरदयाल सिंह, सब इंस्पेक्टर जय प्रकाश चौहान, गिरीश कुमार शर्मा, रमेश चन्द्र शर्मा, हरी सिंह यादव,अरुण कुमार शर्मा, चन्द्रपाल सिंह,सुरेश पाल सिंह,भगवान सिंह व जगदीश राणा के साथ मानवाधिकार संघ के अनेक पदाधिकारी व सदस्य-, राजू बनर्जी, दीपचंद गुपयस,विश्वजीत शर्मा, टी एस पाल, दिनेश शर्मा,अमन, हिमांशु,जय शंकर दुबे, अग्निहोत्री, सुमित बनर्जी आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रदेश संयोजक अश्विनी कुमार शर्मा ने किया।



# महिलाओ को बांटे गये होम कम्पोस्टर नगर पालिका परिषद मे

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नगीना। नगर पालिका परिषद और आईटीसी मिशन सुनहरा कल के द्वारा घर से निकलने वाले गीले कचरे जैसे की आलू के छिलके, प्याज के छिलके, मटर के छिलके, गोभी के छिलके, फलो के छिलके आदि को घरों पर होम कम्पोस्टर लगा कर खाद बनाने के लिए प्रयोग में लाये जा रहे है। जिससे की गीले कचरे से खाद बनाई जा सके और घर के गीले कचरा का निस्तारण घर पर ही किया जा सके। अधिशासी अधिकारी संदीप, एस एफ आई धीरज वर्मा और आईटीसी से आये रजनीश लाम्बा के द्वारा होम कम्पोस्टर के प्रयोग की विधि समझाई गयी। जिससे की घर के गीले कचरे का प्रयोग किया जा सके और उससे खाद बनाई जा सके। बुधवार को नगर पालिका में कुछ महिलाओ को दिए गये। जिसमें कुंती, सजीता, मनीता, बेबी, सीमा, बबली, प्रमिला आदि को नगर पालिका द्वारा होम कम्पोस्टर दिए गये।



# बॉलीवुड अभिनेता मुस्ताक खान के इवेंट मैनेजर की तहरीर पर कोतवाली शहर बिजनौर में मुकदमा दर्ज

**दैनिक समाज जागरण जिला प्रभारी शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

बिजनौर मिली जानकारी अनुसार मुश्ताक मौहम्मद खान, जो एक सिने अभिनेता है ।जिसके द्वारा विभिन्न फिल्मों में अभिनय किया गया है। दिनांक 15.10.2024 को जनपद मेरठ से राहुल सैनी नामक व्यक्ति द्वारा मुश्ताक मौहम्मद खान उपरोक्त को वरिष्ठ लोगो को सम्मानित करने हेतु इवेन्टस के संबंध में फोन पर वार्ता की गयी तथा इवेन्स के लिये राहुल सैनी उपरोक्त ने पैसे दिये व दिनांक 20.11.2024 को मुबंई से दिल्ली के लिये एक फ्लाइट टिकट बुक कराया दिनांक 20.11.2024 को मुश्ताक मौहम्मद खान उपरोक्त को दिल्ली एयरपोर्ट से राहुल सैनी द्वारा बुक कराई गयी कैब से रिसिव किया गया, जो उसको मेरठ लेकर आने वाली थी ।कैब में ड्राइवर के साथ एक अन्य व्यक्ति भी सवार था। रास्ते में कैब ड्राइवर द्वारा गाडी को रोककर मुश्ताक मौहम्मद खान उपरोक्त को एक अन्य गाडी में यह कहकर बैठाया गया कि यह गाडी मेरठ जायेगी ।गाडी को पुरानी गाडी का ड्राइवर ही चला रहा था। गाडी ड्राइवर द्वारा गाडी को कुछ दूर चलाने के बाद रोककर, उसमें 02 अन्य व्यक्तियो को सवार कर लिया। मुश्ताक मौहम्मद खान द्वारा आपत्ति करने पर उन लोगो द्वारा मुश्ताक मौहम्मद खान पर बल प्रयोग करके अपने कब्जे में ले लिया तथा एक अज्ञात घर मे ले गये और मुश्ताक मौहम्मद खान उपरोक्त से पैसो की मांग करने लगे। इसके पश्चात उनका मोबाइल लेकर एकाउंट से पैसे ट्रान्सफर कर लिये। मुश्ताक मौहम्मद खान सुबह मौका पाकर वहां से भाग गये।

इस संबंध में मुश्ताक मौहम्मद खान उपरोक्त के अपने इवेन्ट मैनेजर शिवम यादव की तहरीर पर थाना कोतवाली शहर पर मु0अ0सं0 1138/24 धारा 140(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगणों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित की गयी है। आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है।

# तीन दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का हुआ समापन

**दैनिक समाज जागरण**

चन्दौसी। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेरनी जनपद सम्भल में तीन दिवसीय स्काउट गाइड कैंप का समापन समारोह आयोजित किया गया। स्काउट गाइड ट्रेनर विपिन रावल के द्वारा छात्र-छात्राओं को स्काउट गाइड का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। प्रथम दिवस स्काउट गाइड का इतिहास, प्रार्थना, नियम, झंडागान तथा द्वितीय दिवस पर गांठ बंधन, टोली बनाना, तृतीय दिवस पर छात्र-छात्राओं द्वारा टैंट आदि का निर्माण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम रहे। जिनके द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार प्रदान किये गये। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सक्सैना, शोभा, दीपिका अग्रवाल, अर्चना रानी, निशु यादव शिक्षिकाओं के समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# महिला के साथ हो रहे उत्पीड़न व पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का शीघ्र किया जाये निस्तारण- राज्य महिला आयोग संगीता जैन

## जनसुनवाई कर महिलाओं की सुनी समस्यायें

**दैनिक समाज जागरण**

चन्दौसी। सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग संगीता जैन का जनपद में भ्रमण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम सदस्य द्वारा विकासखंड बनियाखेड़ा के पी. एम. श्री विद्यालय भुलावई स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई एवं अन्न प्रशासन कराया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों से मा. सदस्य द्वारा वार्ता की गयी तथा छोटे बच्चों द्वारा मा. सदस्य को कविता भी सुनाई गयीं। सदस्य द्वारा पीएम श्री विद्यालय की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया कक्षाओं को चौक किया एवं पोषण वाटिका को भी देखा एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



इसके उपरांत मा. सदस्य द्वारा विकासखंड बनियाखेड़ा के सभागार में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने हेतु जनसुनवाई की गयी जिसमें महिलाओं द्वारा अपनी समस्या जैसे आवास की समस्या एवं महिला उत्पीड़न आदि समस्याओं को सुना एवं संबंधित को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा द्वारा कहा गया कि महिला डिलीवरी के अन्तर्गत मातृ मृत्यु दर अधिक देखने में आ रही है,इसको कम करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी एवं आशाएं नारी सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता पर रखें ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाएं तथा यह भी बताएं कि अवैध अस्पताल के चुंगल से वह लोग बचें। उनको अच्छे एवं खराब अस्पतालों की जानकारी भी दें ताकि उनका जीवन बच सके। वह ऐसा करके माँ एवं बच्चे की जान बचा सकती हैं। बच्चियों की भ्रूण हत्या ना हो उसके लिए भी लोगों को जागरूक करें। महिला हिंसा की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करें।

इसके उपरांत सदस्य द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदौसी का निरीक्षण किया। पंजिका चौक कीं तथा दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की तथा पिछले माह आयीं दवाईयों का स्टाक चौक किया। एम. एन. सी. यू वार्ड भी देखा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अन्तर्गत बच्चियों के पैदा होने पर बेबी किट, फल की टोकरी एवं प्रमाण पत्र मा. सदस्य द्वारा वितरण किये गये। इसके उपरांत मा. सदस्य द्वारा विकासखंड बनियाखेड़ा के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय सरथल खेड़ा का निरीक्षण किया। वहां की सभी व्यवस्थाओं, किचन, बच्चों के कक्ष ,वार्डन कक्ष, शौचालय की व्यवस्था आदि को चौक किया तथा वहां रहने वाली छात्राओं से वार्ता की। इस दौरान पर अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा, क्षेत्राधिकारी चंदौसी संतोष कुमार,डीपोओ प्रोबेशन चंद्रभूषण , जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, डिप्टी सीएमओ, विकासखंड अधिकारी बनियाखेड़ा कमल कांत, अल्पसंख्यक निरीक्षक परमिंदर सिंह, एस. एच ओ चंदौसी, डीसी बालिका रंजना राजपूत, बाल कल्याण समिति की सदस्य नीलम राय, नूतन चौधरी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# लूट की फर्जी घटना की कहानी में महिला की एंट्री ने खोला फर्जी लूट की घटना का राज

### सत्ताधारी नेता को फंसाने के लिए लूट की फर्जी कहानी गढ़ने वाला शातिर बदमाश को पुलिस ने समझाइश देकर छोड़ा...



**दैनिक समाज जागरण**

शहडोल । एमपी के शहडोल एक बेहद ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है ,जहां सत्ताधारी एक नेता से बदला लेने के लिए एक शख्स ने सड़क हादसे में घायल होने के दौरान फर्जी लूट की कहानी रच लूट की वारदात होने से इलाके में सनसनी फैल गई थी, लूट की फर्जी घटना की कहानी गढ़ना युवक को आसान तो लगा था लेकिन उसकी कहानी बहुत देर तक टिक न सकी, उस कहानी में एक महिला का किरदार ने इस झूठे लूट की कहानी की पोल खोल कर रख दी, फर्जी लूट की घटना बनाने को अंजाम देने वाले शख्स को कोतवाली पुलिस ने समझाइश देकर छोड़ा... जिले के कोतवाली अंतर्गत कल्याणपुर अंडर ब्रिज के पास 7 दिसंबर को राजू ढीमर पर धारदार हमला कर लूट की फर्जी घटना का भंडाफोड़ हो गया है। दरअसल राजू अपने पड़ोस की एक महिला को बाइक में लेकर जा रहा था ,जैसे ही कल्याणपुर अंडर ब्रिज के पास पहुंचा उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई, बाइक में सवार महिला बेहोश हो गई और राजू के सर पर गंभीर चोट आई , इस दौरान राजू के खुरापत दिमाग में इस दुर्घटना को लूट में तब्दील करने की योजना बना पुरानी रंजिश जमीनी विवाद का बदला लेने के लिए इस घटना को लूट में तब्दील कर एक नेता पर लूट की घटना कराने का आरोप लगते हुए अस्पताल पहुंच गया ,जहां अपने बयान पर राजू पर नेता शक्ति सिंह द्वारा धारदार हथियार से हमला करा लूट की घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया, राजू के इस झूठी कहानी में घायल महिला की इंट्री हुई गौर उसने राजू के इस फर्जी लूट की घटना की पोल खोल दी, महिला के इस मनगढ़ंत फर्जी लूट की घटना को अंजाम देने वाले राजू को हिरासत में लेकर वैधानिक कार्यवाही की है। इस पूरे मामले में शहडोल कोतवाली थाना प्रभारी राघवेंद्र तिवारी का कहना एक फर्जी लूट की घटना सामने आई थी ,जिसकी बारीकी जांच की गई तो लूट जैसी कोई घटना हुई नहीं बल्कि राजू द्वारा रंजिशन बदला लेने के लिए सड़क हादसे के बाद लूट घटना को अंजाम देने की फर्जी कहानी रचा था ,जिसका खुलासा हो गया है ,आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# धडल्ले से बिक रहा राजस्थान मिष्ठान भंडार में मीठा जहर

### सिर्फ सैंपलिंग तक सीमित है खाद्य औषधि विभाग की कार्यवाही
### नकली मावा एवं कैमिकल से तैयार हो रही मिठाइयां




**दैनिक समाज जागरण**

सीधी। शहर के सभी मुख्य स्थलों में मिठाई कारोबार को लेकर अपना कब्जा जमा चुके राजस्थान मिष्ठान भंडार के खिलाफ कार्यवाही की जहमत जिम्मेवार विभाग नहीं जुटा पा रहा है, यही वजह है कि कारोबारी द्वारा लगातार प्रतिष्ठानों की बढ़ोत्तरी की जा रही हैं। हैरानी की बात यह है कि जिला मुख्यालय में कैमिकल युक्त मिठाई का धडल्ले से करोबार करने वाले होटल संचालक पर कार्रवाई की हिम्मत जिला प्रशासन नहीं जुटा पा रहा है। कारोबारी द्वारा अपने मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री के लिए एक एक कर तीन दुकानों तक इस कारोबार को पहुंचा दिया है। कहने के लिए सरकार ने खाद्य औषधि विभाग बनाया हैं लेकिन सीधी जिले में यह विभाग सैंपलिंग तक सीमित हैं। खास बात यह है कि इस कारोबार में मिलावट की जानकारी जिले के सभी जिम्मेवार अधिकारियों को हैं लेकिन किसी के द्वारा इसके प्रतिष्ठान की जांच नहीं कराई जाती। प्रदेश सरकार के निर्देश पर दीपावली पर्व को लेकर खाद्य औषधि विभाग द्वारा सैंपलिंग की गई थी लेकिन आज तक उस कार्यवाही का कोई रतापता नहीं चला है। आरोप है कि होटल संचालक ऐसे सभी जिम्मेवार अधिकारियों को गांधी जी की ताकत से मुट्ठी में कैद कर रखा है। और तो और जिले के राजनेताओं को भी इसके मिलावटी कारोबार की जानकारी हैं लेकिन किसी के द्वारा इसके प्रतिष्ठान की जांच को लेकर आवाज नहीं उठाई जाती। सूत्र बताते हैं कि होटल संचालक राजनेताओं की खातिरदारी में भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है यहीं वजह है कि उसकी खातिरदारी के आगे सब चुप्पी साधे बैठे हैं। उल्लेखनीय हैं कि सीधी शहर में सात वर्ष पूर्व राजस्थान मिष्ठान भंडार के नाम पर कारोबार शुरू किया गया था जिसका कारोबार शहर के सभी मुख्य स्थलों पर पहुंच गया है। कहा जा रहा है कि मिठाई का करोबार संचालित करने वाले सवाई सिंह पिता हीरा सिंह राजपुरोहित ने किराए की एक दुकान ली थीं और इन्हीं सात वर्षो के भीतर उसने तीन दुकान खोल दी और तो और शहर के हृदय स्थल डैनिहा में करोड़ों की जमीन खरीद कर आलीशान बंगला तैयार कर लिया। इतना ही नहीं सीधी में आधा दर्जन से अधिक प्लाट भी इसने खरीद रखें हैं। इसके पीछे की एक ही वजह बताई जा रही है और वह कैमिकल युक्त मिठाई के विक्री का मुनाफा हैं इसमें इस होटल संचालक को महारथ हासिल हैं। जान बचाने जन आंदोलन की तैयारी कैमिकल युक्त मिठाई का कारोबार करने वाले कारोबारी द्वारा धड़ल्ले से मीठा जहर बेचा जा रहा है, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिसके चलते अब शहरवासी जान बचाने के लिए खुद जनांदोलन करने की योजना तैयार कर रहे हैं, सूत्र बताते हैं कि कुछ राजनैतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के माध्यम से मीठा जहर बेचने वाले इन प्रतिष्ठानों के सामने धरना प्रदर्शन कर उच्च स्तरीय टीम द्वारा जांच कराने के लिए रणनीति तैयार की जा रही हैं, अगर जिला प्रशासन इसके खिलाफ समय रहते निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही नहीं करता है तो अब शहरवासी खुद जान बचाने के लिए सड़क पर उतरेंगे। और इस दौरान अगर किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय वारदात की स्थिति निर्मित होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होंगी।

# अमरकंटक में धड़ल्ले से जारी है जुआ का कारोबार

### प्रभारी के खुले संरक्षण में 52 परी का खेल चरम पर

**दैनिक समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

अनूपपुर ।पवित्र नगरी अमरकंटक में अपराधिक,अवैध कारोबारियों की गतिविधियों पर लगाम की जगह पुलिस की तरफ से खुला संरक्षण होना प्रतीत हो रहा है एक बार फिर सट्टा, जुआ शराब पूर्व की भांति फल फूल रहा है। इसके अलावा वामन परी का खेल भी पवित्र नगरी में जमकर संचालित हो रहा है जिसमे थाना प्रभारी कलीराम परते लगाम लगाने में असमर्थ है। मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले का हृदयस्थल कहे जाने वाले पुष्पराजगढ़ के पवित्र नगरी अमरकंटक में 1-80 का खेल गुलजार है यंहा इन दिनों प्रभारी के खुले संरक्षण में एक बार फिर सट्टे की गिरफ्त में आने की बात सामने आ रही है। पान के ठेले गुमटी से लेकर सैलून में ये तिकड़ी के नुमाइंदे दिलेरी से बैठे देखे जा सकते है अनुपपूर पुलिस कप्तान मोती उर रहमान का खौफ अब धीरे धीरे इन अवैध कारोबारियों पर कम होता प्रतीत हो रहा है जिसका जीता जागता उदाहरण अमरकंटक में अब देखने को मिल रहा है 1 लगाओ 80 पाओ के इस खेल में न जाने कितने घरो को बबार्दी की चौखट पर ला खड़ा किया है और अगर ऐसा ही चलता रहा तो और न जाने कितने घरो की बबार्दी होगी।

**पवित्र नगरी पर कमीशन बना अभिशाप**

एसडीओपी कार्यालय पुष्पराजगढ़ के अंतर्गत आने वाला थाना अमरकंटक में अब अवैध कारोबारियों की बल्ले बल्ले हों रही है मानो अब पुलिस का इस सट्टा बाजार पर से खौफ ही समाप्त हो चला हो अब अपना कमीशन ले जिम्मेदार जुआ,सट्टा, शराब, गांजा और अन्य अवैध कारोबारी पुलिस की कार्यवाही से कोसों दूर नजर आ रहे है इस तरह के कारोबार पर एक तरह से लगाम लगाना अति आवश्यक हो गया है पवित्र नगरी अमरकंटक की पवित्रता अवैध धंधों की गंध से दूषित होते जा रही है जो चिंताजनक है। सूत्र बताते हैं कि अमरकंटक में संचालित होने वाले जुए के कारोबार में विक्की बंटी अभिषेक नमक युवाओं का नाम सामने आ रहा है विक्की और अभिषेक अमरकंटक के निवासी हैं तो बंटी राजेंद्र ग्राम का निवासी बताया जाता है।

# कानपुर में गोली से मौत मामले में छात्रा का तमंचा समेत पिता गिरफ्तार

### - विरोधियों को फंसाने के लिए अपनी ही लड़की को मारी थी गोली

**दैनिक समाज जागरण सुनील बाजपई**

कानपुर ।बिधनू में छात्रा की गोली से हुई मौत के मामले में पुलिस ने उसके पिता को तमंचे समेत गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से दो कारतूस भी बरामद किए गए हैं। मामले में पुलिस ने ही उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार यह मामला ऑनर किलिंग से भी जुड़ा हुआ है क्योंकि छात्र की एक लड़के से दोस्ती थी जिसका विरोध गिरफ्तार किया गया उसका पिता भी करता था। पुलिस के मुताबिक आरोपी को आर्म्स एक्ट समेत साक्ष्यों को छुपाने और लोकसेवक को गलत जानकारी देने में बिधनू थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। घटना के बारे में अवगत कराते चलने कि जामू गांव निवासी विनय सिंह चंदेल एक वकील के यहां मुंशी है। बीते शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े ग्यारह बजे विनय की बेटी श्रेया ने घर के अंदर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जब मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तो एक तमंचा बरामद किया था। मगर जिस गोली का प्रयोग हुआ वो 312 बोर की निकली थी। इसपर पुलिस का दिमाग ठनक गया था। इस मामले में पुलिस ने जांच को आगे बढ़ायाक जिसके तहत पुलिस ने पिता विनय सिंह चंदेल पर नजर रखना शुरू किया। इधर पुलिस का दबाव बढ़ता देख घटना में प्रयुक्त तमंचे को छुपाने के लिए पिता जामू गांव से घाटमपुर पैदल निकल गया। रास्ते में वह कहीं तमंचे को छुपाने के लिए उपयुक्त स्थान की तलाश कर रहा था। इसी दौरान इसकी सूचना पुलिस को मिल गई। बिधनू थाने में तैनात एसआई मुकेश कुमार बाजपेई टीम के साथ किसान नगर रोड पर जामू गांव की ओर चल दिए। ठेका देशी शराब भवानीपुर के पास पहुंचकर वहां पर विनय सिंह चंदेल पैदल जाते दिखाई दिए। एसआई टीम को टीम के साथ विनय ने अपनी तरफ आते देखा तो पीछे मुड़कर भागना चाहा। पुलिस ने बताया कि इसी दौरान आवश्यक बल प्रयोग कर विनय को बिधनू नहर झाल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

# मंडल अध्यक्षों की रायशुमारी को लेकर बैठक आयोजित

**दैनिक समाज जागरण**

सीधी। भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व के अंतर्गत सफलता पूर्वक बूथ अध्यक्षों के चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात मंडल अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया जारी है। जिसके अंतर्गत विभिन्न मंडलों के निर्वाचन हेतु बूथ अध्यक्षों की रायशुमारी सम्पन्न हुई। निर्वाचन प्रक्रिया के प्रथम चरण रायशुमारी होने के पश्चात पार्टी कार्यालय में दस्तावेज जमा कराये गये। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, जिला सह निर्वाचन अधिकारी बृज बिहारी लाल शर्मा, मोतीलाल पटेल की विशिष्ट उपस्थित रही। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि विभिन्न मंडलों में संगठन पर्व सहयोगी



अनिल पाण्डेय, अशोक पटेल, श्रीमती सरस्वती बहेलिया, सुरेश सिंह चौहान, संजय सिंह चौहान, लोरिक प्रसाद यादव, विनय सिंह चौहान, संदीप द्विवेदी, अमलेश्वर चतुर्वेदी, प्रमोद द्विवेदी, चन्द्रपाल सिंह उइके, श्रीमती अंजू पाठक, डॉ.मनोज मिश्रा एवं शिवदान साकेत ने बूथ अध्यक्षों की मंडल अध्यक्षों के लिये रायशुमारी ली।

**बॉक्स बूथ अध्यक्षों का हुआ सम्मान**

निर्वाचन प्रक्रिया के पूर्व विभिन्न मंडलों के मंडल केन्द्र पर आये हुये सभी निर्वाचित बूथ अध्यक्षों का हल्दी चंदन लगाकर एवं पार्टी की पट्टिका पहनाकर अभिनंदन किया गया। उसके पश्चात मंडल सहयोगियों ने निर्वाचन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। साथ ही यह भी अपेक्षा की गई कि मंडल अध्यक्ष का नाम देते वक्त संगठन निष्ठा एवं पार्टी के प्रति उनके समर्पण को ध्यान रखा जाय, जिससे आगे आने वाले दिनों में शानदार पार्टी कार्यकताओं का संगठन खड़ा हो सके।

# महाविद्यालय मझौली में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का हुआ आयोजन

### गीता में छिपा है संपूर्ण जीवन का सार : डॉ गीता भारती

**दैनिक समाज जागरण**

सीधी । शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के अनुपालन में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सवह्व का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से की गई । तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता भारती ने छात्र-छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने जिस प्रकार अर्जुन को सर्वोच्च लड़ाई लड़ने की सीख दी, उसी प्रकार प्रत्येक इंसान को अपने अहंकार,आदतों, क्रोध, बुराई और वासना पर विजय पाने का प्रयास करना चाहिए। गीता में मौलिक जीवन का संपूर्ण सार समाहित है । डॉ सुरेश कुमार तिवारी ने कहा कि गीता के उपदेश वर्तमान समय में भी प्रासंगिक है, इन्हें अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है । भगवत गीता कर्म योग, भक्ति योग, और ज्ञान योग का विस्तृत वर्णन है। महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को भगवत गीता के उपदेश का लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में डॉ पूजा कश्यप, डॉ गंगा बैरागी, डॉ भावना नागेंद्र, डॉ. वाहिदुनिषा, सिद्धनाथ केवट एवं छात्र-छात्राएं शामिल होकर अपनी सहभागिता प्रदान की। कार्यक्रम का संयोजन डॉ संदीप कुमार शर्मा एवं अंत में मनीष सोनी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# रोजगार दिलाने के नाम पर तथाकथित लोग ग्रामीणो से कर रहे अवैध वसूली

### कई सरपंच एवं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से किया शिकायत, रिश्वतखोरी एवं शिकायत पत्र की जांच आवश्यक

**दैनिक समाज जागरण**

अनूपपुर। केंद्र एवं प्रदेश सरकार के आदेशानुसार जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में अनूपपुर जिले के एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत आमाडाण खुली खदान में कोयला उत्पादन का कार्य किया जा रहा है,इस खुली खदान में कार्य करने के लिए नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड कंपनी को वर्षों के लिए विधिवत बड़ी जिम्मेदारी सौंप गई है प्रभावित जनो को योग्यता के आधार पर रोजगार दिया जा रहा है लेकिन क्षेत्र के कई नामी गिरामी तथाकथित लोग बेरोजगारों को रोजगार दिलाए जाने के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पयारी,भाद आमाडाण क्षेत्र के कई छुट भैया नेता कंपनी में ड्राइवर हेल्पर क्रासमैन पद में रोजगार दिलाए जाने के नाम पर 30-30 हजार का रिश्वत लेकर कंपनी में काम दिलाए जाने के लिए मैनेजमेंट पर दबाव बना रहे है ऐसे लोगों के चलते शासन प्रशासन, कालरी प्रबंधन ,नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड कंपनी जहां बदनाम हो रही है वहीं क्षेत्र के लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं इतना ही नहीं क्षेत्र के तथा कथित कुछ लोग रिश्वत लेकर निजी कंपनी पर दबाव बनाते हैं कि हम बाहुबली दबंग जनप्रतिनिधि एवं यूनियन नेता हैं हमारे लोगों को कंपनी में ज्वाइन कराया जाए जब कालरी प्रबंधन एवं निजी कंपनी काम नहीं देते तो वही लोग कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक,कालरी प्रबंधन को पत्र लिखकर उल्लेख करते हैं कि कंपनी के लोग गाली गलौज मारपीट जान से मारने की धमकी देते हैं। बिगत दो दिनों से ग्राम पंचायत भाद के सरपंच उप सरपंच एवं उदित मिश्रा व अन्य लोगों के हस्ताक्षर युक्त एक पत्र प्रशासनिक अधिकारियों एवं भालूमाड़ा थाना प्रभारी के नाम पर वायरल हो रहा है सूत्रों से जानकारी मिली है कि इन्हीं लोगों में से कुछ लोगों द्वारा क्षेत्र के बेरोजगार युवकों से मोटी रकम लेकर निजी कंपनी में रोजगार दिलाए जाने का झांसा दिया जा रहा है इस वायरल पत्र एवं रिश्वतखोरी मामले की उच्च स्तरीय जांच आवश्यक मानी जा रही है। क्षेत्र के प्रबुद्ध जन कालरी प्रबंधन एवं नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों ने बताया है कि तथाकथित लोगों द्वारा बेवजह परेशान किया जा रहा है उन्होंने कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान से मांग किए हैं कि शासकीय काम में बेवजह बाधा डालने वाले लोगों एवं उपरोक्त लोगों के भूमिका की जांच कराकर कानूनी कार्यवाही की जाए। वही दर्जनों सरपंचों ने कंपनी के खिलाफ कल कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर दोशी जनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग किए हैं।

# लोगों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करायें-जिलाधिकारी

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

# कोयला भंडारकों पर कार्यवाही से गुरेज, खनिज विभाग पर उठ रहे सवाल

### उत्तर प्रदेश पहुंच रही अवैध कोयले की खेप भंडारकों के पास नही है विभागों की एनओसी



**दैनिक समाज जागरण**

सीधी। जिले में खनिज सम्पदाओं का दोहन जमकर किया जा रहा है इस समय खनिज विभाग की सह पर कोयले का कारोबार यहां जमकर फल-फूल रहा है। कोयला माफिया नियम विरूद्ध तस्करी करते हुए शासन के राजस्व को क्षति पहुंचा रहे है जबकि प्रशासनिक अमला इस काली कमाई से अपनी जेंबे भर रहा है। जिले में खनिज विभाग द्वारा दर्जनों कोयला भंडारण की अनुमति प्रदान की है जो कोयले के व्यापार में लिप्त है। लेकिन इनमें से कई व्यापारियों द्वारा भंडारण के नियमों का पालन नही किया जा रहा है और संबंधित विभाग नियमों को दरकिनार कर व्यापार करने वालों पर लगाम नही कस पा रहा है। इस संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में खनिज विभाग से अनुमति प्राप्त कर कोयले का व्यापार करने वाले सभी व्यापारियों को अपना मासिक पत्रक खनिज विभाग में जमा करना होता है लेकिन एक-दो व्यापारियों को छोड़ दिया जाय तो किसी के भी द्वारा मासिक पत्रक नही जमा किया जाता है। जबकि इन व्यापारियों द्वारा काफी लंबे समय से कोयले का व्यापार किया जा रहा है। मौजूदा समय में किस कोयला भंडारण में कितना कोयला भंडारित किया गया है इस संबंध में किसी के पास कोई जानकारी नही है। जिससे यह साबित हो रहा है खनिज विभाग की सह से बहरी अंचल में यह काला कारोबार जमकर फल-फूल रहा है। सूत्रों की माने तो हर महीने कोयले की काली कमाई अधिकारियों के टेबिल में पहुंच जाती है जिसके चलते यहां खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई नही की जा रही है।

**बॉक्स कोयला भंडारकों के पास नही है रिकार्ड**

बहरी अंचल में कोयला भंडारित कर व्यापार करने वाले व्यापारियों के पास कोयला कहां से आ रहा है और कहां जा रहा है इसकी जानकारी नही संधारित की जा रही है। संधारित हो भी कैसे जब एक नंबर का कोयला आयेगा तब तो सभी रिकार्ड मेंटेन रहेगें लेकिन यहां दो नंबर का कोयला पहुंच रहा है जिसके चलते इन व्यापारियों द्वारा किसी भी प्रकार का रिकार्ड संधारित नही किया जा रहा है

**बॉक्स क्षमता से ज्यादा हो रहा भंडारण**

सूत्रों की माने तो बहरी अंचल में संचालित कोयला भंडारकों के यहां अनुमति से ज्यादा कोयले का भंडारण किया जा रहा है। इस बात की पुष्टी विगत माह खनिज निरीक्षक के भ्रमण से हो चुकी है। खनिज अधिकारी द्वारा निखिल खंडेलवाल के भंडारण में निरीक्षण किया गया था यहां क्षमता से ज्यादा कोयले का भंडारण किया गया था बावजूद इसके कार्रवाई करने से परहेज क्यों किया जा रहा है।

**बॉक्स नही है इनके पास एनओसी**

बहरी में कोयला का व्यापार करने वाले व्यापारियों द्वारा सिर्फ खनिज विभाग से भंडारण की अनुमति लेकर मुक्त हो गए है लेकिन इनके द्वारा न तो पर्यावरण की एनओसी ली गई है और न ही अन्य विभागों से एनओसी प्राप्त की गई है बावजूद इसके पूरा कोयला यूपी ईंटा खदानों में भेज दिया जाता है। यूपी में ईंटा भट्टा ज्यादा होने के कारण कोयले की मांग ज्यादा रहती है जिसके कारण बहरी पहुंचने वाले कोयले में मिलावट करने के बाद पूरा कोयला उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भेज दिया जाता है।

# चिलरी कला में सरपंद पद का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**दैनिक समाज जागरण**

ग्राम पंचायत चिलरी कला में सरपंद पद का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत चिलरी कला में सरपंच पद हेतु 4 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान हेतु 3 केन्द्र बनाये गये थे। चिलरी कला में पुरूष मतदाताओं की संख्या 943, महिला मतदाताओं की संख्या 826 तथा कुल मतदाताओं की संख्या 1769 है, जिसमें 511 पुरुष मतदाताओं, 569 महिला मतदाताओं कुल 1080



मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। मतों की गणना खंड मुख्यालय में 13 दिसंबर 2024 को की जावेगी।

# वर्ष में एक बार भी पार्थिव शिवलिंग की पूजा कर लिया तो फल मिल जाता

### शिव महापुराण कथा का श्रवणपान करने उमड़ रही भक्तों की भीड़



**दैनिक समाज जागरण**

अमलाई। बरगवां अमलाई क्षेत्र के अंतर्गत सोडा फैक्ट्री ग्राउंड में 7 दिसंबर से शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमे लोगो की भीड़ देखने को मिल रही है। कथा का प्रवचन प. सोमनाथ शर्मा द्वारा दिया जा रहा है पहले दिन से ही लोग शिव की भक्ति में डूबे हुए है तो वही कथा में बताया कि यदि आप वर्ष में एक बार भी पार्थिव शिवलिंग पूजा कर लेते है तो उसका फल तुरंत मिल जाता है। भगवान शिव बहुत भोले है जो अपने भक्तों पर सदैव कृपा बरसाते रहते है। पार्थिव शिवलिंग की पूजा पूरे विधि विधान से की जानी चाहिए। जिससे व्यक्ति के कष्टों का निवारण होता है। भगवान शिव ऐसे है जो सब पर जल्दी कृपा बरसाते है चौथे दिन विल्बपत्र रुद्राक्ष व भस्म कथा का श्रवण किया गया तो वही आज शिव सती चरित्र, पार्वती जन्म व शिव विवाह का वर्णन सुनने को मिलेगा। बरगवां के सोडा फॅक्टरी ग्राउंड में यह शिव महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है जहां लोग पहुंचकर शिव की कथा का रसपान कर रहे है। कथा का श्रवण पान करने प्रतिदिन भारी संख्या में भक्तों की भीड़ उमर रही है और नगर परिषद क्षेत्र के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचल से श्रद्धालु जन उपस्थित होकर कथा का श्रवण पैन कर रहे हैं। शिव बारात में उमड़ी भीड़ बुधवार को शिव बारात निकाली जिसमें भारी भीड़ देखी गई और श्रद्धालु नाचते गाते बारात में शामिल रहे।

# परियोजनाओं के निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का रखें ध्यान, अन्यथा होगी कार्यवाही-जिलाधिकारी

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में रुपए 50 लाख से अधिक लागत के कार्यो/परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें आईटीआई जरियारी का कार्य पूर्ण होने पर उसे हैण्डओवर करने का निर्देश दिया गया। आवासीय एवं अनावसीय भवनों लीलापुर, दिलीपपुर, देल्हूपुर के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पायी गयी। आईटीआई पट्टी, पुलिस चौकी, थानों में बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण आदि की समीक्षा की गयी एवं निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो की प्रगति में तेजी लायी जाये। जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि पाइप्ड पेयजल योजना के कार्यो की प्रगति धीमी है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सहायक अभियन्ता सुग्रीव सिंह को निर्देशित किया कि कार्यो की प्रगति में सुधार लायें, लापरवाही कदापि न बरती जाये। सेतु निर्माण विभाग के कार्यो की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सेतुओं के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का समय-समय पर निरीक्षण करते रहे एवं निर्धारित समय के अन्दर सभी सेतु निगम की परियोजनाओं को पूर्ण कराया जाये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल, यूपीआरएनएसएस, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सीएनडीएस आदि के निर्माण कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया कि 5 करोड़ के ऊपर की परियोजनाओं के निर्माण कार्यो की नोडल अधिकारी नामित कर जांच करायी जाये। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई परियोजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और पैसा मिलने के बावजूद भी विद्युत विभाग द्वारा विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण न होने से परियोजनायें हैण्डओवर नही हो पा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि सभी पूर्ण परियोजनाओं पर दिसम्बर माह में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया जाये। समीक्षा में पाया गया कि सड़कों के चौड़ीकरण के दौरान जो पोल बीच सड़क पर है अभी तक उनको शिफ्ट नही किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द पोल शिफटिंग का कार्य पूर्ण करा लिया जाये, यदि कोई दुर्घटना घटित होती है तो उसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि परियोजनाओं के कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये, ठेकेदारों के कार्यो की नियमित मानीटरिंग की जाये, निर्माणपरक कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये, यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो को लम्बित कदापि न रखा जाये, सभी परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत मानक के अनुरूप गुणवत्ता सहित पूर्ण किया जाये। उन्होने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो जाये उसे यथाशीघ्र सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर किया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी सहित सम्बन्धित अधिकारी

# जनहित गारंटी अधिनियम एक दिवसीय परीक्षण

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी वाराणसी।।**



जनहित गारंटी अधिनियम के तहत मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग, वाराणसी में एक दिवसीय परीक्षण का आयोजन किया गया जिसमें विभाग जनहित गारंटी अधिनियम के सभी प्रावधानों का पालन कर रहा है। विभाग के कर्मचारियों की कार्यकुशलता और दक्षता का आकलन करना। विभाग में मौजूद किसी भी समस्या या कमियों की पहचान करना और उनके समाधान के लिए कदम उठाना। जनता द्वारा विभाग के खिलाफ दर्ज की गई शिकायतों का निवारण करना। विभाग की भविष्य की योजनाओं को बनाने और उन्हें लागू करने के लिए आवश्यक डेटा का संग्रह करना। यह सब जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में संतोष शुक्ला, प्रशासनिक अधिकारी, राजेंद्र कुमार, सुनील कुमार राही, शरद मौर्य, वीरेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र तिवारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मोतियाबिंद के लिए लगा कैम्प, मिले 43 रोगी

**समाज जागरण**
**आशीष कुमार गुप्ता**



बाबतपुर,वाराणसी । बाबतपुर के चिउरापुर स्थित कुटुंब संस्था और आर जे शंकरा हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में एक वृहद निशुल्क आई कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 170 बुजुर्गों की आँखों की जांच की गई, जिसमें 43 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इनमें से 23 मरीजों को बुधवार को आर जे शंकरा हॉस्पिटल में भर्ती कर ऑपरेशन के लिए भेजा गया, जबकि शेष 20 मरीजों का ऑपरेशन 15 दिन के बाद किया जाएगा। कुटुंब संस्था पिछले 20 वर्षों से समुदाय के आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्गों के मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने की पहल कर रहा है। इसी क्रम में यह प्रयास भी संस्था के उद्देश्य को आगे बढ़ाने का हिस्सा है।कुटुंब संस्था के संस्थापक सदस्य, डॉ. आशीष कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बुजुर्गों के जीवन में रोशनी का विशेष महत्व है। यह उनकी आत्मनिर्भरता को बनाए रखने और उन्हें दूसरों पर निर्भर होने से बचाने में सहायक है। कुटुंब संस्था का उद्देश्य है कि बुजुर्ग अपने जीवन को आत्मसम्मान और स्वावलंबन के साथ जी सकें।

# रिंग रोड पर ट्रैक्टर से टकराये बाइक सवार, दो की दर्दनाक मौत,एक घायल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के रिंग रोड फेज एक पर बुधवार शाम सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि उनके साथ बाइक पर बैठा एक व्यक्ति बाल-बाल बच गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद हरहुआ, बड़ागांव थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों का शव कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देने के साथ ही पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। जानकारी अनुसार फूलपुर थाना क्षेत्र के बचौरा ,फूलपुर निवासी 46 वर्षीय रामविलास और ताड़ी नेवादा ,फूलपुर निवासी45 वर्षीय महताब तथा ठठरा निवासी जयप्रकाश विश्वकर्मा तीनों लोग फर्नीचर का काम करते हैं। जयप्रकाश ने बताया कि तीनों लोग सारनाथ में काम करने के बाद सायंकाल एक ही बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रिंग रोड फेज एक पर प्रतापपट्टी रिंग रोड क्रासिंग के समीप एक ट्रैक्टर चालक सड़क पार कर रहा था। ट्रैक्टर देखकर बाइक चला रहा महताब ने नियंत्रण खो दिया। जिससे बाइक ट्रैक्टर में टकरा गई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर की ट्राली का पहिया रामविलास और महताब को कुचलते हुए आगे निकल गया। पुलिस घायलों को पीएचसी हरहुआ ले गई जहां डॉ0 नन्दआसरे ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों के अनुसार कुचले जाने के चलते दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं जयप्रकाश बच गया। पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक तथा ट्रैक्टर को कब्जे में ले ली है। वहीं घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस द्वारा बताया गया की शव कब्जे में लेकर मर्चरी में जमाकर परिजनों को सूचना देते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

# हर विभाग यह सुनिश्चित कर ले कि उनके द्वारा लगाए गए पौधों की जियो टेंगिग आवश्यक हो : मुख्य विकास अधिकारी

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त अधिशासी अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि किसी भी नाले का पानी यमुना नदी में गिरने नहीं पाए, साथ ही सभी अधिशासी अधिकारी इस बात को सुनिश्चित कर लें की प्लास्टिक का इस्तेमाल कम हो और जो भी प्लास्टिक का इस्तेमाल करें उस पर जो भी निर्धारित जुमार्ना है वह अवश्य लगाए, मुख्य विकास अधिकारी इस बात पर खासे नाराज दिखे कि जुमार्ने की कार्यवाहियाँ अधिशासी अधिकारी गंभीरता के साथ नहीं कर रहे हैं, साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जहां-जहां निर्माण हो रहा है वहां-वहां की बेस्ट सामग्रियों को जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है उनके डिस्पोजल की कार्रवाई तेजी के साथ करें, वृक्षारोपण समिति की उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि हर विभाग अपने द्वारा लगाए गए पौधों की जिओ टेंगिग अवश्य कर ले, स्वास्थ्य विभाग की जियो टैगिंग कम पाए जाने पर उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जिलाधिकारी की तरफ से स्पष्टीकरण जारी करें, उन्होंने कहा कि हर विभाग यह सुनिश्चित कर ले कि उनके द्वारा लगाए गए पौधों की जियो टैगिंग आवश्यक हो उसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही न हो, जनपद में नंदनवन और उपवन की जो थीम थी उसका क्रियान्वयन समुचित तरीके से अवश्य हो। बैठक के दौरान डी एफ ओ विकास नायक, उपनिदेशक कृषि एस पी सिंह, डीपीआरओ, संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# रैली निकाल दी एकमुश्त समाधान योजना की जानकारी

**दैनिक समाज जागरण**




जसराना। राजस्व प्राप्ति को बढ़ाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा एक मुश्त समाधन योजना लागू की है। योजना के तहत सरचार्ज एवं ब्याज पर सौ प्रतिशत की छूट दी जा रही है। 15 दिसंबर से शुरू हो रही योजना की जानकारी देने के लिए विद्युत अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ कस्बा में रैली निकाली। इस दौरान लोगों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। एक्सईएन राहुल सिंह के नेतृत्व में बिजलीघर जसराना से नगर पंचायत तक जागरुकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान एक्सईएन एवं अन्य अधिकारियों ने लोगों को एकमुश्त समाधान योजना की जानकारी दी। इस दौरान कहा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बकाए पर 100 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को भी 50 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। अधिकारियों ने कहा शासन द्वारा योजना को तीन चरणों में लागू किया गया है। पहला चरण 15 दिसंबर से लेकर 31 दिसंबर तक रहेगा। वहीं दूसरा चरण एक जनवरी से 15 जनवरी तक एवं तीसरा चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी तक रहेगा। पहले चरण में सबसे अधिक तो तीसरे चरण में छूट की सीमा कम हो जाएगी। एक्सईएन राहुल सिंह ने नगर में लोगों से बात भी की। इस दौरान कहा कि उपभोक्ता अपना ओटीएस योजना में पंजीकरण करा छूट का लाभ उठा लें। वहीं किसी उपभोक्ता को अपने बिल में कोई समस्या आ रही उसका भी समाधान किया जा रहा है। जागरुकता रैली के दौरान उपखंड अधिकारी उपेंद्र यादव, अवर अभियंता बलराम गुप्ता, संजीव यादव के साथ अन्य जेई एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# राजकीय बीज विक्रय केंद्र हरहुआ में गेहूँ का बीज हुआ समाप्त, बीज निगम के साहू ब्रदर्स जगतगंज पर उपलब्ध।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। राजकीय बीज विक्रय केंद्र चांदमारी हरहुआ पर गेहूं का बीज समाप्त हो जाने से पीछाड बुआई करने वाले किसान परेशान हैं। केंद्र प्रभारी प्राविधिक सहायक कृषि बच्चूलाल के अनुसार लक्ष्य के सापेक्ष 790 कुंतल बीज गेहूं का आया था ।लगभग एक हजार किसानों जो पंजीकृत को बिक्री की गई। बीज ग्राम योजना व सामान्य किसान शामिल रहे। केंद्र पर बीज समाप्त होने के बाद किसानों के लिए राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड द्वारा ग्राम बीज योजना के अंतर्गत मेसर्स साहू ब्रदर्स जगतगंज ,संस्कृत यूनिवर्सिटी के समीप किसानों को बीज मुहैया कराने की सुबिधा प्रदान की गई है। वहीं गाँव से शहर जाने आने की परेशानियों से किसान मायूस लौट रहे।

# आयर केन्द्र पर 4 किसानो से 120 कुंतल धान की खरीद

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी**

स्थानीय ब्लाक अंतर्गत बीपैक्स आयर मे खुले धान क्रय केंद्र पर अब तक चार किसानो से 120 कुंतल धान की खरीद हुई है। केन्द्र प्रभारी दुर्गा प्रसाद मिश्र ने बताया कि तकनीकी समस्या के चलते अभी केवल तीन किसानो से 100 कुंतल की खरीद प्रदर्शित हो रही है। केन्द्र प्रभारी ने बताया कि केन्द्र की स्वीकृति विलंब से होने के कारण खरीद देर से शुरू हुई ।इस वजह से अभी खरीद कम है। मगर हम लोग किसानो के घर घर जाकर उन्हे केन्द्र पर धान बेचने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं , और एक सप्ताह मे हम दो हजार कुंतल से अधिक धान खरीदने मे सफल होंगे। केन्द्र प्रभारी दुर्गा मिश्र ने बताया कि सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक वाराणसी द्वारा खरीद मे तेजी लाने के लिए क्षेत्रीय किसानो से नियमित रूप से संपर्क करने के निर्देश दिए गए है।




# किसानों को दिया गया जैविक खेती का परीक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी मिजार्पुर ।।**

नमामि गंगे परियोजना द्वारा बायो सर्ट इंटर नेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकास खंड जमालपुर के फतेपुर गांव में आज जैविक खेती प्रशिक्षण का आयोजन किया ।जिसमे जिला प्रभारी निशांत मिश्रा ने किसानों को जैविक खेती से होने वाले फायदे के बारे में बताया ।उन्होंने ने किसानों को जीवामृत



, नीमामृत और बिजामृत बनाने और उसके प्रयोग के बारे में बताया ।कुशल पाण्डेय ने बीज शोधन करने के तरीके के बारे में किसानों को अवगत कराया। डॉ कौशल सिंह पटेल ने किसानों को जैविक खेती को अपनाकर अपने फसल की अधिक उपज प्राप्त करने की विधि और किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में बताया ।लीडर नन्द लाल सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# केन्टर का टायर फटने के बाद खड़े केन्टर से टकराया दो की मौत

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! थाना उत्तर के नबाब सिंह डिग्री कॉलेज के समीप बुधवार की भोर में एक केन्टर खड़े केन्टर से टकरा गया जिसके फलस्वरूप दो लोगो की मौत हो गयी पुलिस दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल लेकर आयी है, जहां मृतको में से एक के शव की पहचान



कर ली गयी है उत्तर क्षेत्र के नबाब कॉलेज समीप बुधवार की भोर में तेज गति से आ रहा एक केन्टर टायर फटने से अनियन्त्रित होकर खड़े केन्टर से टकरा गया, जिसके फलस्वरूप केन्टर में सवार दो लोगो की मौत हो गयी, दुर्घटना की सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गयी। राहगीरों की भीड़ भी इकट्ठी हो गयी, पुलिस दोनों के शवों को अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल लेकर आयी , जहां शवो को विच्छेदन ग्रह में रखवा दिया गया। पुलिस ने मृतको में से एक की आयु 40 वर्ष व दूसरे की आयु 42 वर्ष बतायी है। इधर दोपहर में दुर्घटना की सूचना मिलते ही कुछ लोग जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम ग्रह पर पहुँचे, जिन्होंने मृतको में से एक के शव की शिनाख्त भारत सिंह पुत्र सुभाष चन्द्र जसवंत नगर जिला इटावा के रूप में की है। जब कि समाचार लिखे जाने तक दूसरे शव की नही हो सकी थी। पुलिस शव की शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी हुई है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है।

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़- फेज 5.0 के तहत थाना पट्टी की एंटी रोमियो टीम द्वारा क्षेत्रान्तर्गत आयोजित मेला में गश्त कर महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत मनचलों/संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है । साथ ही मेले में आई महिलाओं को आवश्यक जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है । -बालिकाओं को वीमेन हेल्प लाइन नंबर 1090 के बारे में विस्तृत चर्चा की गई । बालिकाओं को कोई समस्या न हो इसके लिए उन्हें जागरूक किया गया । -बालिकाओं/महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास कराया गया और कहा गया कि आप कभी भी रास्ते में दिक्कत में हो, या आपको फोन पर कोई परेशान करता है या आपको गलत मैसेज भेजता है तब आप बिना किसी डर के पुलिस की सहायता ले सकती हैं । आप की समस्याओं को दूर किया जाएगा । ट्रोल फ्री नम्बरों 102,108,112,1930,1090 की जानकारी गई ।

# राष्ट्रहित के लिए समर्पित जवानों के सम्मान के साथ उनकी आवश्यकता को दी जाएगी प्राथमिकताः हंसराज विश्वकर्मा।

प्रांतीय रक्षक दल का 76 वां स्थापना दिवस का आयोजन संपन्न।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। राष्ट्र सर्वोपरि है उसकी सुरक्षा,संरक्षा में जुड़े जवानों का सम्मान के साथ उनकी आवश्यकता को प्राथमिकता दी जाएगी। उक्त बातें प्रान्तीय रक्षक दल एवं युवा कल्याण विभाग वाराणसी के तत्वावधान में के0के0 इंटर कालेज हरहुआ में आयोजित जनपद स्तरीय 76वां पी0आर0डी0 स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि हंसराज विश्वकर्मा सदस्य विधान परिषद व जिलाध्यक्ष भाजपा ने सलामी परेड के पश्चात अपने सम्बोधन में व्यक्त की।पीआरडी जवानों के कार्यो की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी।

पी0आर0डी0 स्थापना दिवस समारोह में जनपद के 88 पीआरडी जवानों द्वारा 7७3 के फॉरमेशन 4 टोलियों में प्रतिभाग किया गया ,जिसमें 1 टोली महिला पी0आर0डी0 जवान सम्मिलित थी।

पी0आर0डी0 स्थापना दिवस के अन्तर्गत पी0आर0डी0 जवानों का टोलियों के बीच बॉलीबॉल, रस्साझ्र कस्सी प्रतियोगिता एवं रैतिक परेड का आयोजन किया गया। स्थापना दिवस पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आराजी लाइन, सेवापुरी, काशी विद्यापीठ बड़ागांव की टीम प्रथम चिरईगांव चोलापुर, हरहुआ, पिंडरा की टीम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रस्साझ्रकस्सी प्रतियोगिता में चिरईगांव चोलापुर हरहुआ पिंडरा की टीम प्रथम आराजी लाइन, सेवापुरी, काशी विद्यापीठ बड़ागांव की टीम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मार्च पास्ट में टोली नंबर 2 प्रथम, टोली नंबर 1 द्वितीय टोली नंबर 4 तृतीय स्थान प्राप्त किया। टोली नंबर 3 प्रतिभागिता रहा, परेड एवं खेल प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टोलियों के पी0आर0डी0 जवानों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य काशी कृषक इंटर कॉलेज डॉ0 अजय कुमार यादव, विवेक रंजन यादव, विवेक सिंह, विवेक सिंह, श्रीमती रीना यादव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी बिरेंद्र प्रताप सिंह एवं हरिशंकर उपस्थित रहे। नितीश कुमार राय, जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास अधिकारी वाराणसी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# विश्वनाथ मंदिर में मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की राज्याभिषेक जयंती

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी वाराणसी।**



काशी विश्वनाथ धाम में बुधवार को अहिल्याबाई होलकर की राज्याभिषेक पर्व तिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा का षोडशोपचार पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में अहिल्याबाई के परिवार के सदस्य उदयसिंह राजे होलकर सपत्नीक उपस्थित रहे। साथ ही, डॉ. माधुरी कानिटकर, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दि जन्मोत्सव की अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य, और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य रविंद्र किरकोले ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। काशी विद्वत परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी, विभाग प्रचारक नितिन कुमार, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण ने सभी अतिथियों को मंदिर प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया और भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उदयसिंह राजे होलकर ने कहा, "आज पहली बार विश्वनाथ धाम परिसर का भव्य रूप देखकर अत्यंत खुशी हो रही है। प्रधानमंत्री ने अहिल्याबाई होलकर के सपनों को साकार किया है।" डॉ. माधुरी कानिटकर ने इसे "राष्ट्र का गौरव" बताते हुए कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने की आवश्यकता है। प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने कहा, "अहिल्याबाई होलकर काशीवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।" वहीं, मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने बताया कि हमारी संस्कृति की रक्षा मातृशक्ति के योगदान से ही संभव है, और अहिल्याबाई होलकर इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण हैं।

# भारत विकास परिषद् समर्पण शाखा द्वारा तृतीय भव्य सामूहिक एकादशी उद्यापन कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**



फिरोजाबाद-भारत विकास परिषद समर्पण शाखा द्वारा दिनांक 11 व 12 दिसंबर 2024 को आशीर्वाद पैलेस में तृतीय सामूहिक एकादशी उद्यापन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दूर से पधारे 27 यजमानों द्वारा एकादशी व्रत का उद्यापन किया गया। बुधवार को प्रथम दिन* कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती एवं मुकेश बंसल बाबा (वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ब्रज प्रांत) ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद अलका अग्रवाल, रीतिका अग्रवाल,मंजली अग्रवाल ,शुचि बंसल, चित्रा शर्मा, सुरभि अग्रवाल द्वारा वंदे मातरम गायन किया। श्रीमती एवं सीए राजीव चतुवेर्दी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सुनील दत्त बंसल (आशीर्वाद पैलेस) एवं मीना बंसल का महत्वपूर्ण सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में नरेंद्र अग्रवाल (शोरा वाले) एवं श्रीमती गिरिजा अग्रवाल (विभव नगर)का विशिष्ट सहयोग प्राप्त हुआ। मुख्य आचार्य पं. महेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में एकादशी व्रत की सभी कथाएं सम्पन्न हुई। तत्पश्चात 26 ब्राह्मण दंपतियों को बिठाकर फलाहार कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजिका ऋचा जिंदल ने किया। शाखा सचिव सीए नितिन अग्रवाल एवं शाखा सदस्य मोहित अग्रवाल अभिषेक बंसल विजय चौहान आदि ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी यजमानों ,अतिथिगण और समस्त शाखा सदस्यों को पीतपट्टिका पहनाकर स्वागत किया। शाखा उपसचिव रितेश अग्रवाल शाखा सदस्य गौरव अग्रवाल, संदीप जैन, आशीष अग्रवाल आदि ने सभी को भोजन कराया। अंत में शाखा कोषाध्यक्ष अंकित खंडेलवाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में शाखा संरक्षक गोविन्द प्रसाद मित्तल, हरिओम अरोरा, सचिन अग्रवाल,एड. गौरव अग्रवाल ,रामजी लाल गुप्ता,शिखा बंसल, शिखा अग्रवाल, रचना अग्रवाल, रिचा अग्रवाल, गुंजन बंसल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बंदूक से फायर कर वीडियो वायरल करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**दैनिक समाज जागरण**




फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने लाइसेंसी असलहा का दुरूपयोग कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो वायरल करने वाला अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से बंदूक बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार थाना रसूलपुर ने पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे वैश्य कारखाना नालबन्द से पकड़ा है। उसका नाम अरकाज अमीन उर्फ ताहा पुत्र हाजी सलाहउद्दीन बताया है। वह मोहल्ला शीशग्रान बडी मस्जिद के पास का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से एक डबल बैरल बंदूक बरामद की है।पुलिस उसके बारे में अन्य जानकारियां जुटा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया अभियुक्त अरकाज ने सोशल मीडिया पर लाइसेन्सी असलाह का दुरूपयोग करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया था। उसने सरे बाजार बंदूक लोड कर फायर किया। फायर करने का वीडियो वायरल कर दिया था। पुलिस ने उसके पास से एक डबल बैरल बंदूक बरामद की है। बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ पुलिस कार्यवाही कर रही है।